सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-230 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 11 फरवरी 2025
12 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# किताबी कीड़ा न बने : मोदी

## परीक्षा पे चर्चा





### नींद और पौष्टिक आहार जरूरी

पीएम मोदी ने स्टूडेंट्स से बात करते हुए बताया कि एग्जाम के समय अच्छी नींद और अच्छा खाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर यह चीजें सही नहीं होंगी तो इसका असर स्टूडेंट्स की तैयारी पर भी दिखाई देगा। अच्छे स्वास्थ्य को पीएम ने सफलता की कुंजी बताया है।

- प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को दिया खास मंत्र
- डिप्रेशन से लड़ने का बताया तरीका

**नई दिल्ली।** परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण का आयोजन दिल्ली की एतिहासिक सुंदरी नर्सरी में आयोजित किया गया जिसमें पीएम मोदी ने देशभर के अलग-अलग राज्यों से आये छात्रों से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एग्जाम वॉरियर्स (स्टूडेंट्स) द्वारा पूछे गए प्रश्नों का आंसर दिया वहीं अपने कई अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें मोटिवेट किया। छात्रों के साथ ही पीएम ने माता-पिता एवं टीचर्स को भी स्टूडेंट्स को मोटिवेट करने का पाठ पढ़ाया। पीएम ने परीक्षा पे चर्चा में स्टूडेंट्स को डिप्रेशन से लड़ने का तरीका बताया। पीएम ने कहा कि हर बच्चा जब छोटा होता है तो आसानी से अपने माता-पिता एवं अपने बड़ों से अपनी बातों को साझा कर लेता है, लेकिन जैसे-जैसे वे बड़े होते जाते हैं वे अपनी बातें शेयर करने से बचने लगते हैं। उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए। पीएम ने कहा कि स्टूडेंट्स एग्जाम के समय अपनी बातों को जरूर शेयर करें, इससे वे डिप्रेशन से बचे रह सकते हैं। परीक्षा पे चर्चा में स्टूडेंट्स को किताबी कीड़ा न बनने की सलाह दी है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने त्रिवेणी संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाकर की पूजा-अर्चना





राष्ट्रपति, राज्यपाल व सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती की

**अक्षयवट और श्री बड़े हनुमान का किया दर्शन**

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के त्रिवेण संगम में सोमवार को डुबकी लगाई।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति सुबह विशेष विमान से प्रयागराज हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां राज्य की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहां से वह अरैल पहुंचीं और नाव से संगम पहुंचकर स्नान किया। अधिकारियों के अनुसार नाव से संगम घाट जाते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति मुर्मू को गंगा और यमुना नदी तथा उसके प्रवाह के बारे में जानकारी दी। नाव से घाट जाते समय राष्ट्रपति ने साइबेरियाई पक्षियों को दाना भी डाला। संगम में स्नान करने के उपरांत मुर्मू ने गंगा में नारियल और पुष्प अर्पित किए तथा सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। डुबकी लगाने के दौरान राष्ट्रपति को सफेद रंग के सलवार-सूट पहने देखा गया। स्नान के बाद राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच, गंगा आरती तथा पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, महाकुंभ में राष्ट्रपति संगम में पूजा अर्चना करने के साथ ही अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र भी जाएंगी। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान किया था।

## न्यूज डायरी

### 15-16 को नहीं होगी गेट परीक्षा

**प्रयागराज।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की ने 15 और 16 फरवरी, 2025 को निर्धारित गेट परीक्षा के केंद्र में बदलाव किया है। यह बदलाव प्रयागराज परीक्षा केंद्र के लिए किया गया है। आईआईटी रुड़की ने 15 और 16 फरवरी, 2025 को निर्धारित गेट परीक्षा के केंद्रों को लखनऊ में बदलने के संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। महाकुंभ के कारण, इन तिथियों पर गेट 2025 परीक्षाएं अब लखनऊ में आयोजित की जाएंगी। जो भी उम्मीदवार उपरोक्त तिथि और परीक्षा केंद्र पर परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, उनके लिए संशोधित प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा।

### विज को कारण बताओ नोटिस

**चंडीगढ़।** पिछले दिनों हरियाणा के मंत्री अनिल विज की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को दिए सार्वजनिक बयानों को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। पार्टी अध्यक्ष की ओर से दिए नोटिस में बड़ौली ने कहा- आपने पार्टी अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। यह गंभीर आरोप है। यह कदम न केवल पार्टी के विचारधारा के खिलाफ है बल्कि यह उस समय हुआ, जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनाव के लिए अभियान चला रही थी।

### यूपी में बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक

**पटना/कैमूर।** 12 फरवरी को प्रयागराज में कुम्भ स्नान करने वालों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यूपी पुलिस ने सीमा पर बिहार की तरफ से जाने वाले बड़े वाहनों के प्रवेश पर सोमवार की शाम को रोक लगा दी है। जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। कैमूर के पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि चंदौली के एएसपी विनय कुमार ने उन्हें इस आशय की जानकारी दी है। कर्मनाशा बॉर्डर पर यूपी पुलिस द्वारा वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा देने से जाम की समस्या गंभीर होगी। बता दें कि जिले के मोहनियां अनुमंडल क्षेत्र से होकर गुजरे नेशनल हाईवे पर जाम का सिलसिला सोमवार को छठवें दिन भी जारी रहा। इसी बीच सोमवार को यूपी के चंदौली जिले के प्रशासन ने कैमूर पुलिस को यह जानकारी दी कि शाम पांच बजे के बाद बिहार से यूपी जाने वाले सभी बड़े वाहनों को बॉर्डर पर ही रोक दिया जाएगा। महाकुम्भ जाने के लिए पटना से चलने वाली बसों में 20 फरवरी तक सभी सीटें बुक हो गईं हैं।

# संत तय करते हैं समाज की दिशा : धामी

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवार के साथ किया संगम



**प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र : धामी**

**महाकुंभ नगर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को परिवार संग त्रिवेणी संगम में स्नान किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री धामी ने महाकुंभ को धार्मिक महापर्व बताया और कहा कि संगम में डुबकी लगाना पुण्य का काम है।

संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे भी यहां डुबकी लगाने का अवसर मिला। प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है। धामी ने हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ की तैयारियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है ताकि वहां होने वाले कुंभ को भी प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तराखंड सरकार महाआयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी और साथ ही आयोजन को भव्य एवं दिव्य बनाया जाएगा। संगम स्नान के दौरान मुख्यमंत्री धामी बच्चे के साथ लहरों में हंसी-ठिठोली करते दिखाई दिए। संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे भी यहां आस्था की डुबकी लगाने का अवसर मिला। प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है। धामी ने महाकुम्भ में पूज्य संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया और कहा कि संत ही समाज की दिशा तय करते हैं।

### भाजपा का दिल्ली एलजी को पत्र

# मूल स्थिति में बहाल हो शीशमहल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घेराबंदी चुनाव के बाद भी जारी है। दरअसल भाजपा ने सोमवार को उपराज्यपाल को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि शीश महल के साथ विलय की गई अन्य संपत्तियों को रद्द किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि शीश महल का विस्तार चार सरकारी संपत्तियों को मिलाकर किया गया है। बता दें कि शीश महल का इस्तेमाल भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अरविंद केजरीवाल को घेरने के लिए एक राजनीतिक हथियार के रूप में किया था। सचदेवा ने कहा कि हमारी सरकारी बनने के बाद इस बात का फैसला करेगी कि इस बंगले का इस्तेमाल कैसे करना है। लेकिन हमारा मुख्यमंत्री इस घर में नहीं रहेगा। ज्ञात हो कि यह बंगला 2015 से अक्टूबर 2024 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल का आधिकारिक निवास था। लेकिन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल ने इसे खाली कर दिया था। रोहिणी से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक और पूर्व विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा का मुख्यमंत्री बंगले में नहीं रहेगा, क्योंकि कथित अनियमितताओं को लेकर यह बंगला जांच के दायरे में है। उन्होंने कहा कि अलग की गई संपत्तियों की भूमि का उपयोग सरकारी आवासों के निर्माण जैसे अन्य आधिकारिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।


### 12 को सार्वजनिक अवकाश

दिल्ली के उपराज्यपाल ने 12 फरवरी के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित की है। गुरु रविदास जयंती की वजह से ये छुट्टी घोषित की गई है। इससे पहले गुरु रविदास जयंती पर रिस्ट्रिक्टेड होलीडे होता था।



# महाकुंभ में महाभीड़ : सीएम योगी ने नियंत्रण के लिए भेजे 51 अफसर

- सीमावर्ती जिलों में लगाएं जाएंगे 70 स्थानों पर कैंप



### 23 आईपीएस एवं पीपीएस अफसरों को भेजा प्रयागराज

महाकुंभ में यातायात प्रबंधन और माघी पूर्णिमा के स्नान के दृष्टिगत 23 आईपीएस एवं पीपीएस अफसरों की प्रयागराज में तैनाती की कई है। माघी पूर्णिमा के स्नान में भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए इनकी 15 फरवरी तक तैनाती की गई है। ये अधिकारी भीड़ प्रबंधन के साथ संवेदनशील जगहों की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।

**लखनऊ।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में स्नान के लिए उमड़ी भारी भीड़ से लगे जाम में लाखों श्रद्धालु परेशान हैं। वहीं, श्रद्धालुओं को जाम से निजात दिलान के लिए पुलिस के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कमान संभाल ली है। हाईकमान के निर्देश पर प्रयागराज से सटे जौनपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, कौशांबी, मिर्जापुर, फतेहपुर और कानपुर जिलों के स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने जगह-जगह कैंप लगा कर श्रद्धालुओं को खाना, पानी, दवा आदि मुहैया कराना शुरू कर दिया है।

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 28 अफसरों को प्रयागराज भेजा गया है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल के आदेश के बाद नियुक्ति विभाग ने प्राधिकरणों के सचिव, ओएसडी, एडीएम, एसडीएम, संयुक्त मजिस्ट्रेट रैंक के अफसरों को आगामी 17 फरवरी तक उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल के साथ संबद्ध किया गया है। बता दें कि इससे पहले राज्य सरकार ने आशीष गोयल को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने भेजा था। इस बाबत जारी आदेश के मुताबिक सभी अधिकारियों को सोमवार को ही प्रयागराज पहुंचने को कहा गया है। इनमें बाराबंकी के संयुक्त मजिस्ट्रेट राल्लपल्ली जगत साईं, अलीगढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी, मेरठ के संयुक्त मजिस्ट्रेट कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, बागपत के एडीएम न्यायिक सुभाष सिंह, हाथरस के एडीएम न्यायिक शिव नारायण, शामली के एडीएम न्यायिक परमानंद झा, बांदा में एडीएम नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मदन मोहन वर्मा, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के सचिव आदित्य कुमार प्रजापति, झांसी के एडीएम नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति योगेंद्र कुमार, गाजियाबाद के एडीएम भूमि अध्याप्ति विवेक कुमार मिश्रा भेजे गए।

# देश भर में साइकिल ट्रैक बनाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

- दो जजों की पीठ ने की सुनवाई
- कोर्ट ने प्राथमिकताएं सही करने को कहा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि राज्यों के पास किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए पैसे नहीं हैं, लोगों के पास पीने के लिए स्वच्छ पानी नहीं है और आप साइकिल ट्रैक के बारे में दिवास्वप्न देख रहे है।

अदालत ने कहा कि सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और आप साइकिल ट्रैक चाहते हैं? बता दें कि साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए काम करने वाले दविंदर सिंह नागी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका में देशभर में साइकिल ट्रैक बनाने की मांग की गई थी। उनके वकील ने दलील दी कि कई राज्यों में साइकिल ट्रैक हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के एक गेट के बाहर भी साइकिल ट्रैक है। उन्होंने चुनिंदा शहरों और कस्बों में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाली अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन योजना का हवाला दिया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ देश में अलग साइकिल ट्रैक बनाने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## जनाधार

### दिल्ली की हार से पंजाब में मची हलचल

# केजरीवाल ने सभी विधायकों की बैठक बुलाई

- मनजिंदर सिरसा का दावा, मान को हटाएंगे
- केवल पंजाब में ही बची है सरकार
- लुधियाना से उपचुनाव लड़ सकते हैं केजरीवाल



**चंडीगढ़।** दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद पंजाब आम आदमी पार्टी में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंगलवार को प्रदेश के सभी विधायकों को दिल्ली में बैठक के लिए बुलाया है।

इसी के चलते पंजाब सरकार की आज होने वाली कैबिनेट की मीटिंग स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 13 फरवरी को चंडीगढ़ में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। दरअसल दिल्ली चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार अब केवल पंजाब में ही बची है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल अब पंजाब का रुख कर सकते हैं। बाजवा ने कहा था कि आप के कई विधायक पार्टी छोड़ने को तैयार हैं। ऐसे में आप में आने वाले दिनों में बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। यहां तक की प्रदेश में आप मध्यावधि चुनाव कराने के लिए भी रणनीति तैयार कर सकती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि केजरीवाल लुधियाना से उपचुनाव लड़ सकते हैं। आप के एक विधायक के निधन होने से यह सीट खाली पड़ी है। नेता प्रतिपक्ष बाजवा ने कहा कि कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष के तौर पर प्रदेश के लोगों के बीच जाकर जनाधार जुटाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आज एक टिकाऊ और अच्छी सरकार की जरूरत है, जो प्रदेश के मुद्दों को केंद्र के समक्ष मजबूती से उठा सके। बाजवा ने यहां तक कहा कि केंद्र और मान सरकार के बीच खराब रिश्तों के कारण प्रदेश को उसके हक से वंचित होना पड़ रहा है। इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच भगवंत मान रविवार को होशियारपुर के एक रिजॉर्ट में बीनू ढिल्लों और अपने कुछ दोस्तों के साथ पहुंचे। एक रात रुकने के बाद मान सोमवार दोपहर को चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए। सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि हम दिल्ली के जनादेश को स्वीकार करते हैं। हमने पिछले 10 सालों में दिल्ली को बेहतर बनाने और अच्छी सरकार देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और यह लड़ाई जारी रहेगी जहां तक बैठकों का सवाल है, पार्टी एक सतत प्रक्रिया है।

# जनगणना में देरी पर राज्यसभा में सोनिया गांधी ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पार्टी संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को जल्द से जल्द जनगणना कराने की मांग उठाई ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गारंटीकृत लाभ मिल सके। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने यह भी कहा कि खाद्य सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि नागरिकों का एक मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा पेश किया गया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसका उद्देश्य 140 करोड़ आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि इस कानून ने लाखों कमजोर परिवारों को भुखमरी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर कोविड 19 महामारी के संकट के दौरान तथा साथ ही इसी अधिनियम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आधार प्रदान किया। सोनिया गांधी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 75 प्रतिशत ग्रामीणों के साथ ही 50 प्रतिशत शहरी आबादी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार है। उन्होंने कहा कि हालांकि लाभार्थियों के लिए कोटा अब भी 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जो अब एक दशक से अधिक पुरानी है। उन्होंने कहा, ''स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना में 4 साल से अधिक की देरी हुई है। मूल रूप से यह 2021 के लिए निर्धारित थी लेकिन अब भी इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि जनगणना कब आयोजित की जाएगी।'' गांधी ने कहा कि बजट आवंटन से पता चला है कि जनगणना इस वर्ष भी आयोजित किए जाने की संभावना नहीं है।



अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 11 फरवरी 2025



# छात्राओं को डीएम ने खिलायी दवा, अभियान की शुरुआत की

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में सोमवार को नगर के सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसका डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप जलाकर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य डॉ शिप्रा वाजपेई ने किया। इस दौरान डीएम ने बालिकाओं को कृमि मुक्ति दवा खिलाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एक अहम कदम है। यह कदम बच्चों की एक दुरुस्त पीढ़ी के निर्माण में मदद करता है। बच्चों, किशोर-किशोरियों में एनीमिया के स्तर को कम करने के लिये सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना अति आवश्यक है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 22.73 लाख बच्चे, किशोर-किशोरियाँ लाभान्वित होंगे। उन्होंने बच्चों को समय पर दवाइयां लेने और स्वच्छता के आदतों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यदि कोई बच्चा आज दवा खाने से छूट जाता है तो 14 फरवरी को मापअप राउंड में



दवा खिलाई जाएगी। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि जनपद का कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य 01 से 19 वर्ष के सभी बच्चों के पेट में होने वाले कृमि संक्रमण का उपचार करना है। पेट में कृमि संक्रमण से उपचार के लिए यह दवा अत्यंत जरूरी है। सभी बच्चों को इस गोली का सेवन जरूर करना चाहिए और अपने परिवार, मोहल्ले व आसपास के बच्चों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने हैंडवॉश और निश्चित समय अंतराल पर नाखून की सफाई और काटने का भी पाठ पढ़ाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की हाई स्कूल की छात्रा शगुन वर्मा, अर्पिता वर्मा, अंशिका भारती ने सेल्फी प्वाइंट तैयार की, जो लोगों की आकर्षण का केंद्र बनी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बालिकाओं की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य डॉ शिप्रा वाजपेई के साथ सेल्फी ली जिला प्रशासन के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की घोष टीम लीडर कक्षा 11 की छात्रा वैष्णवी गुप्ता के नेतृत्व में 30 बालिकाओं के दल ने स्कूली बैंड बजाकर कृमि मुक्ति दवा÷ खाने का संदेश दिया।

## विदाई समारोह से हाईस्कूल की दो छात्राएं हुईं लापता

**लखीमपुर खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र में हाईस्कूल की छात्राएं विदाई समारोह से दो लापता हो गईं। इससे खलबली मच गई। परिजनों ने तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर छात्राओं को तलाश करने की मांग की है थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव निवासी दो छात्राएं एक विद्यालय में कक्षा 10 में पढ़ती हैं। सोमवार को विद्यालय में हवन-पूजन और कक्षा दस की छात्राओं का विदाई समारोह था। दोनों छात्राएं इसी समारोह में शामिल होने के लिए गई थीं।शाम को छात्राओं के घर न पहुंचने पर उनके माता-पिता परेशान हुए। विद्यालय में संपर्क किया तो जानकारी मिली कि छात्राएं यहां आई थीं और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस चली गई थीं। ग्रामीण ने थाना ईसानगर में तहरीर देते हुए बताया कि छात्रा विद्यालय से लापता है। काफी खोजने के बाद भी उसका पता नहीं चला है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# बाबा साहेब के संविधान के संदेश को घर-घर पहुंचाया जायेगा: चौ. अब्दुल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे पीडीए चर्चा अभियान कार्यक्रम में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र की हत्या कर भाजपा पर चुनाव जीतने का आरोप लगाया गया। स्थानीय इंदिरा चौक स्थित एक बैंकेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष अब्दुल वाहिद ने कहा कि प्रदेश में न्यायप्रिय सरकार बनाने और आम जनता तक उनके अधिकार पहुंचाने के लिए अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए पर्चा घर-घर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा का समर्थन सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है। पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान ने कहा कि मिल्कीपुर विधान




सभा उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र का मजाक उड़ाया गया, जो आगामी चुनावों के लिए घातक साबित हो सकता है। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने का आह्वान किया, ताकि समाज में नया संदेश पहुंचे। सपा महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, विधानसभा प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने भाजपा सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर कर चुनाव में जीत हासिल करना चाहती है, जिसका उदाहरण मिल्कीपुर उपचुनाव और दिल्ली विधान सभा चुनाव है। इस अवसर पर पार्षद हाजी नूर आलम, नगर विधानसभा अध्यक्ष काशिफ अल्वी, वरिष्ठ पार्षद हाजी मोहर्रम अली पप्पू, राष्ट्रीय महासचिव महिला सभा रूही अंजुम, अदनान प्रधान, गुलशन खान, पार्षद अब्दुल खालिक, मुस्तकीम राणा, हाजी मुर्तजा, आमिर खान, मोनू, निशात, वसीम अंसारी, इफ्तिखार हसन, निजाम अली आजाद आदि मौजूद रहे।

## चोरी के माल समेत एक आरोपी को भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचकर नगर पालिका परिसर में हुयी चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी का बैट्रा व कम्प्रेशर बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

नकुड़ कोतवाली प्रभारी अविनाश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् दिवस वादी सुरेश कुमार लिपिक नगर पालिका परिषद नकुड़ की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ नगर पालिका परिसर में घुसकर महेन्द्रा ट्रैक्टर से बैटरा, कम्प्रेशर एवं पम्प ऑपरेटर के दो मोबाइल फोन चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना नकुड पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान आरोपी अजीम पुत्र रशीद निवासी मौ.बंजारान कस्बा व थाना नकुड व एक अन्य का नाम प्रकाश में आया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक ओमेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अध्याना मोड के पास से वांछित आरोपी अंजीम को गिरफ्तार कर लिया।

# सीपीआर कैंप में मरीज की जान बचाने के तरीकों को विस्तार पूर्वक समझाया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मनी के तत्वाधान में आयोजित मासिक फैमिली मीटिंग में प्रमुख चिकित्सकों ने क्लब के सदस्यों को सीपीआर कैंप में मरीज की जान बचाने के तरीकों को विस्तार पूर्वक समझाया। इसके अलावा क्लब के सभी सदस्यों ने विभिन्न गेमों समेत स्वादिष्ट व्यंजनों का भी जमकर लुत्फ उठाया।

नागल स्थित अरोमा रिसॉर्ट में रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मनी द्वारा आयोजित मासिक फैमिली मीटिंग में यमुनानगर से आए विशेष अतिथि रो. कपिल गुप्ता ने भी शिरकत की। फैमिली मीटिंग के दौरान सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया, जबकि छोटे बच्चों ने झूलों पर खेल-कूद कर समय बिताया। इसके अलावा, क्लब के



सदस्यों के लिए कपल गेम्स का आयोजन किया गया, जिसका संचालन रो. आशु गर्ग ने किया। रो. कपिल गुप्ता ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक वितरित किए। इस कार्यक्रम की एक विशेष प्रस्तुति के रूप में रो. अनिल भारद्वाज ने डॉ. संजीव मिगलानी और डॉ. नैना मिगलानी के साथ मिलकर सीपीआर प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें आकस्मिक परिस्थितियों जैसे इलेक्ट्रिक शॉक, हृदयाघात या डूबने की स्थिति में सीपीआर तकनीक द्वारा मरीज की जान बचाने के तरीकों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस प्रशिक्षण को बड़ी रुचि के साथ सीखा और इसे जीवनरक्षक तकनीक के रूप में अपनाने का संकल्प लिया। इस सफल आयोजन के लिए क्लब अध्यक्ष रो. अनिल भारद्वाज, क्लब सचिव रो. राकेश मेहता, और क्लब कोषाध्यक्ष रो. विनीत चौहान के प्रयासों की सभी सदस्यों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल भारद्वाज, पूनम भारद्वाज, संदीप गर्ग, आशु गर्ग, शील ऐरन, विभोर ऐरन, आलोक मित्तल,मीनू मित्तल, अतुल चोपड़ा, नीलू, राकेश मेहता, लक्ष्य, ज्योति मेहता, संजय श्रीवास्तव, मंजुल, जितेश नागपाल, प्रिया, अनुराग सिंघल, अमिता, मोहन बंसल, आभा, अभिव्यक्ति, विनीत चौहान, मानसी, अर्णव, अमित सेठी, खुशबू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट की जनपद शाखा का द्विवार्षिक संपन्न



**सहारनपुर।** मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट की जनपद शाखा के द्विवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से देवेन्द्र कुमार गोसाई को जनपद अध्यक्ष व राजेश कुमार को जनपद मंत्री निर्वाचित किया गया। सिंचाई विभाग परिसर स्थित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन में प्रान्तीय पर्यवेक्षक व हरिद्वार जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार तथा मण्डल मंत्री राजकुमार की देखरेख मे सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से देवेन्द्र कुमार गुसाई को जनपद अध्यक्ष, मनोज रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम, आनंद बिरला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय, राजेश कुमार को जनपद मंत्री, मोती यादव को मुख्य सलाहकार, सचिन मित्तल को संगठन मंत्री, अरविन्द कुमार को कोषाध्यक्ष, अरूण कुमार को ऑडिटर चुना गया। इससे पूर्व मुख्य संरक्षक रमेश कुमार, चुनाव पर्यवेक्षक राजकुमार व बिजेन्द्र कुमार का पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी कड़ी में मुकेश कुमार शर्मा व अरविंद कुमार गुप्ता ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। धर्मेन्द्र धवलहार प्रधान ने पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन में सहयोग पर प्रकाश डाला। मण्डल अध्यक्ष रामलाल, सुमित शर्मा, प्रवेश कुमार, मयंक विश्वकर्मा, शुभम् यादव, अरविन्द कुमार, अनिल कुमार को सदस्यता ग्रहण करायी।

## 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 60/2024 धारा 325/326(छ)/351(3) बी.एन.एस. में वांछित 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## फरवरी के दूसरे सप्ताह में ही धूप की तेज तपिश महसूस की जाने लगी

**लखीमपुर-खीरी।** फरवरी के दूसरे सप्ताह में ही धूप की तेज तपिश महसूस की जाने लगी है, जिससे दोपहर के समय लोग छांव की तलाश में नजर आए। हालांकि, इस बढ़ती गर्मी के बीच चल रही तेज हवाओं ने मौसम को संतुलित बनाए रखा, जिससे लोगों को राहत भी मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं की वजह से हल्की ठंडक बनी रही, लेकिन दोपहर में धूप की तीव्रता ने लोगों को गर्मी का एहसास कराया।

## इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी ने शुरू किया कैंपस माइक्रोसॉफ्ट और एडोब सर्टिफिकेशन परीक्षा, लिंक्डइन लर्निंग के साथ साझेदारी

**बरेली।** NAAC द्वारा मान्यता प्राप्त इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी ने छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एक पहल की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय ने Microsoft और Adobe सर्टिफ़िकेशन परीक्षा अपने कैंपस पर ही आयोजित करने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि छात्र अब अपनी सर्टिफ़िकेशन परीक्षा पास करने के लिए दूर-दराज के केंद्रों पर जाने की बजाय अपने ही कैंपस में ही यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। ये सर्टिफ़िकेशन न केवल छात्रों को ग्लोबली मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र देंगे, बल्कि उनके करियर को भी नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

इसके साथ ही, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी ने डिजिटल शिक्षा में और अधिक सुधार के लिए LinkedIn Learning के साथ साझेदारी की है। इसके तहत, छात्रों को 16,000 से ज्यादा कोर्सेज़ का मुफ्त एक्सेस मिलेगा। ये कोर्सेज़ उन्हें महत्वपूर्ण और आधुनिक स्किल्स सिखाने में मदद करेंगे, जिनकी मांग आज के करियर बाजार में है। वहीं छात्रों को पर्सनलाइज्ड कोर्स रिकमेंडेशन भी मिलेगी, जिससे वे अपने करियर के लिए सबसे उपयुक्त स्किल्स हासिल कर सकेंगे। और सबसे खास बात यह है कि, छात्र अपने नए कौशल को LinkedIn पर प्रदर्शित कर सकते हैं, जिससे नौकरी पाने के उनके चांसेस और बढ़ेंगे।

इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के साथ अब तक 6,000 से ज्यादा छात्रों की प्लेसमेंट्स हो चुकी हैं, और Livingstone College (USA) और University of South Carolina Upstate (USA) जैसी अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियां छात्रों को ग्लोबल नेटवर्क और करियर के अवसर दे रही हैं। इसके अलावा, छात्र दुबई, मॉरीशस, फ्रांस, स्वीडन जैसे देशों में पेड इंटर्नशिप के अवसरों का लाभ भी उठा सकते हैं।

इन्वर्टिस्स यूनिवर्सिटी में छात्रों का समग्र विकास किया जाता है, जहां शिक्षा, उद्योग से जुड़े अनुभव, वैश्विक संपर्क और कौशल विकास को मिलाकर एक उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण प्रदान किया जाता है। यदि आप भी इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं और अपने करियर को नई दिशा देना चाहते हैं, तो 2025 सत्र के लिए प्रवेश खुले हैं। अब देर किस बात की इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से जुड़ें और अपने उज्जवल भविष्य की शुरुआत आज ही करें!

# प्रेमिका की शादी तय होने से प्रेमी हुआ गुस्सा तो खेला खूनी खेल, 24 घंटे में पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** ताजनगरी के संजय प्लेस में सेंट पीटर्स कॉलेज के सामने शनिवार रात सरेराह क्योस्क संचालक अजय कुशवाह की हत्या का हरिपर्वत थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रविवार देर रात ट्रांसपोर्टनगर में पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी अरबाज को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली आरोपी अरबाज के पैर में लगी है। पुलिस ने आरोपी अरबाज के साथ ही उसे किराए पर तमंचा देने वाले फरहान को भी गिरफ्तार किया है।



बता दें कि मंडी सईद खां निवासी अजय कुशवाह की संजय प्लेस में क्योस्क चलाता था। उसके भाई का चाउमीन का ठेला था। शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे अजय क्योस्क बंद करके पैदल घर आ जा रहा था। सेंट पीटर्स कॉलेज के सामने रास्ते में बाइक पर आए दो युवकों ने उसे रोक लिया था। इसके बाद सिर में गोली मार दी थी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि क्योस्क संचालक अजय कुशवाह हत्याकांड के खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गई थीं। सीसीटीवी फुटेज से हत्याकांड के बारे में कुछ सुराग मिले थे। जांच में सामने आया कि शाहगंज की जिस युवती से अजय कुशवाह का रिश्ता हुआ था। उसके प्रेम संबंध अरबाज निवासी नई आबादी, हमीदनगर गड्ढा, शाहगंज निवासी से थे। इस वजह से अरबाज ने प्रेमिका रिश्ता होने पर अजय कुशवाह को धमकाया था। एक बार अनजान नंबर से कॉल भी किया था। रिश्ता तोड़ने की धमकी पर अजय कुशवाह नहीं माना। इससे अरबाज गुस्से में था और उसने हत्याकांड को अंजाम दिया।

एसीपी हरिपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि पुलिस को रविवार रात 11 बजे आरोपी अरबाज के ट्रांसपोर्टनगर में होने की सूचना मिलने पर घेराबंदी की गई थी। ट्रांसपोर्टनगर में पुलिस की घेराबंदी देखकर अरबाज ने पुलिस पर गोली चला दी। जिस पर पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला और बचाव में फायरिंग की। इसमें अरबाज पैर में गोली लगने से घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रेल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन व यूआरएमयू यूथ विंग के आह्वान पर रेलवे कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा नई पेंशन स्कीम को लागू न होने देने का संकल्प दोहराया। उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन व यूआरएमयू यूथ विंग के आह्वान पर रेल कर्मचारी रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए तथा नयी पेंशन लागू करने के खिलाफनारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार द्वारा जो यूपीएस का बजट लाया जा रहा है। रेल कर्मचारी उसके खिलाफ है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह पुरानी पेंशन लागू करें। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह कौन सा संविधान है जो नेताओं को तो कई बार पेंशन देता है और सरकारी कर्मचारी जो जिंदगी भर सरकार की सेवा करता है उसको एक पेंशन देने में भी आनाकानी की जा रही है।

## आगरा-दिल्ली हाईवे पर ट्रक के रौंदने से पिता-पुत्र की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर सोमवार को दर्दनाक हादसे में हो गया। आगरा दिल्ली हाईवे पर बाइक सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार असंतुलन खोने से गिर गए और वाहन की चपेट में आने से दोनों लोगों की मौके पर ही मौत गई। इस हादसे के कारण हाईवे पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने मौके पर खुलवाया। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में इस दर्दनाक हादसे में पिता पुत्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार पिता पुत्र जा रहे थे। तभी तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते हादसा हो गया। तेज गति से आ रहे वाहन की चपेट में आने से पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे हाईवे पर जाम लग गया। इस हादसे में मृतक सूरजपाल और राहुल पिता पुत्र हैं। मृतक मूलरूप से कन्नौज के रहने वाले थे और वर्तमान में सिकंदरा क्षेत्र में रह रहे थे। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंच गया और मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के चलते हाईवे पर लगे जाम को मौके पर खुलवाया गया। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के आगरा दिल्ली हाईवे पर हुए सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत गई है। पिता सूरजपाल जेल पुलिस से रिटायर्ड है और वर्तमान में सिकंदरा क्षेत्र में रह रहे थे।

# खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के खिले चेहरे



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर 116 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिया। इन मोबाइल की कुल कीमत लगभग 21 लाख रुपये आंकी गई है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर साइबर सेल और सर्विलांस टीम ने सेंट्रल उपकरण आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल की मदद से इन मोबाइलों को ट्रैक किया।

सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी बरामद मोबाइल एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। बरामद मोबाइल मिलने से नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और साइबर अपराध की किसी भी घटना की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

थाना इज्जतनगर पुलिस ने 15 मोबाइल, कोतवाली पुलिस ने 11 मोबाइल, भुता पुलिस ने 10 मोबाइल, फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने 6 मोबाइल, बहेड़ी पुलिस ने 6 मोबाइल, नवाबगंज पुलिस ने 3 मोबाइल, सीबीगंज पुलिस ने 3 मोबाइल, विशारतगंज पुलिस ने 2 मोबाइल, अलीगंज पुलिस ने 1 मोबाइल और सर्विलांस सेल ने 2 मोबाइल बरामद किए।

# नाटक 'आओ तनिक प्रेम करें' का हुआ मंचन, नाटक देख श्रोताओं ने भी सोचा की क्या उन्होंने कभी किया तनिक प्रेम?

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** ताजनगरी में यूथ हॉस्टल में आयोजित हुए नाटक में मौजूद बैठे हर दर्शक को यह सोचने पर मजूबर कर दिया कि क्या वाकई उसने अपनी पत्नी को उम्र के इस पढ़ाव तक प्यार किया या नहीं ? नाटक 'आओ तनिक प्रेम करें' के मंचन के दौरान वहां मौजूद हर व्यक्ति ने यह जरूर सोचा होगा क्योंकि नाटक ही था आओ तनिक प्रेम करें। जिसमें उम्र के साठवें पढ़ाव पर पति को लगा कि उसने तो अब तक अपनी पत्नी को प्यार ही नहीं किया। और यहीं से शुरू होती है दोनों की आत्म यात्रा।कार्यक्रम का उद्घाट विशिष्ट अतिथि के रूप में अनेन्द्र सिंह (कार्यक्रम अधिकारी, आकाशवाणी), आगरा, डॉ. प्रियम अंकित (अंग्रेजी प्रोफेसर, आगरा कॉलेज) एवं श्रवण कुमार (जिला युवा अधिकारी) द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। नाटक 'आओ तनिक प्रेम करें' के बारे में -



नाटक की लेखिका हैं विभा रानी, और नाटक का निर्देशन मन्नू शर्मा ने किया है। यह नाटक द्विपात्रिय है, पति की भूमिका में तुषार वर्मा और पत्नी की भूमिका में रहीं मन्नू शर्मा ।

नाटक सार - नाटक ÷आओ तनिक प्रेम करें÷ जीवन के जद्दोजहद में फंसे पति पत्नी ओम गुप्ता और सपन की कहानी है। उम्र के साठवें पड़ाव पर ओम को अचानक यह ख्याल आता है कि उसने तो जीवन भर प्रेम किया ही नहीं और यहीं से शुरू होती है दोनों की आत्म यात्रा। प्रेम और अधूरे पन के एहसास को पूरी तरह से दर्शाता है ये नाटक, फिर से शादी के 30 साल बाद अपने प्रेम का ऐलान करना और उसे अनुभव करने की कहानी को दर्शाता है ये नाटक।

पत्नी / पत्नी के संवाद-

तुम क्यूं नहीं समझते की जीवन जीने की तुम क्यों नहीं समझते की जीवन जीने के लिए अभीव्यक्ति की बहुत जरूरत होती है। बिना उसके अनुसार खुद को खोखला महसूस करता है।

सीधा सीधा क्यों नहीं कहते की लगने लगता था की बीवी की परवाह कर रहे हो मियां अपनी बीवी की खैर मकदम करेगा यह तो बड़ी बगैरत वाली बात है ना?

आई वास स्टइल सेम आई स्टिल लव यू केयर यू?

30 साल बाद यह बात काह रहे हो, दिखावे के लिए

अब मैं तुम्हें कैसे याकिन दिलाऊं!

नाटक में प्रकाश परीकल्पना की चंद्रशेखर, संगीत परीकल्पना / संगीत संचालन - पार्थवी पाराशर मंच परीकल्पना - हर्ष कुमार,

मंच निर्माण - सचिन गुप्ता,

मंच संचालन - नंदिता गर्ग, मंच सामग्री - संगीता शर्मा, नंदिता गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहा।

## आगरा में पेटीएम मशीन चार्ज करते समय बड़ा हादसा, ब्लास्ट से दुकानदार और बेटा झुलसे

**आगरा।** आज का भारत डिजिटल भारत के रूप में जाना जाता है। आज लगभग सभी दुकानों पर पेटीएम जैसी मशीनें आम हो चुकी है। परंतु आगरा में एक अचंभित करने वाली घटना सामने आई है। जहां लोहामंडी में एक दुकान के अंदर पेटीएम की मशीन चार्जिंग के समय अचानक तेज आवाज के साथ फट गई। इसकी चपेट में आकर दुकानदार और उसका बेटा झुलस गया वही इसके कारण आग भी लग गई। हैरान करने वाली बात यह है कि आग ऐसी थी कि फायर ब्रिगेड को भी बुलाना पड़ गया।

जानकारी अनुसार घटना लोहामंडी के जटपुरा की है यहां एक घर के अंदर ही परचून की दुकान बनी हुई है। दुकानदार भूरा ने पेटीएम मशीन को चार्जिंग के लिए लगा रहा था लेकिन सोमवार सुबह करीब 10 बजे तेज आवाज के साथ पेटीएम मशीन धमाके के साथ फट गई और इसके कारण सामान में आग लग गई। आग बुझाने के चक्कर में दुकानदार भूरा और उसका बेटा अरहान भी झुलस गया। आग इतनी तेज लगी कि फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई दमकल ने आग पर काबू पा लिया।

## अलीगढ़ पुलिस ने सोने-चाँदी गलाने की दुकान से हुई चोरी की घटना का किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी पुलिस टीम द्वारा एसओजी सिटी व सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही में सोने-चाँदी गलाने की दुकान से हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर चोर 1.वारिस पुत्र फत्ते मौहम्मद निवासी नीवरी मोड़ गोण्डा रोड थाना रोरावर जनपद अलीगढ़ 2.विमल मेहरा पुत्र मोहन मेहरा निवासी कासीराम योजना कालिन्दी विहार थाना ट्रांसयमुना जिला आगरा, 3.सोमेन्द्र वर्मा पुत्र सुभाष चन्द्र वर्मा निवासी 17/19 टीला माई थान घटिया थाना कोतवाली जनपद आगरा 4.वैभव विलास निकम पुत्र भीमराव निकम निवासी चिचनी थाना बीटा जिला सागनी खानापुर महाराष्ट्र को मय चोरी के कुल 662 ग्राम सोना, 1.5 कि0ग्रा0 चांदी, सोना चाँदी बेचकर खरीदी गई 2 नई मोटरसाईकिल बुलट व पल्सर, एक मोबाइल फोन व तीन लाख रुपये नगद सहित कब्रिस्तान की वाउण्ड्री वाल के अन्दर सरकारी नलकूप के पास बरौला जाफराबाद रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त वारिश से एक अवैध देशी तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दिनांक 26/27.01.2025 की रात्रि में विक्रम मार्केट के बराबर रेलवे रोड स्थित सोना चाँदी गलाने (ढ़लाई) की दुकान से चोरी की सूचना पर एसएसपी अलीगढ़ के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक , क्षेत्राधिकारी द्वितीय राजीव द्विवेदी व थाना प्रभारी बन्नादेवी पंकज मिश्रा व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग नगर /सर्विलांस टीमों ने सीसीटीवी/ सर्विलांस की मदद से चोरों तक पहुँचकर शत- प्रतिशत माल की बरामदगी की गई। वही पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी द्वितीय एवं थाना बन्नादेवी , सर्विलांस/स्वॉट टीम नगर के विशेष प्रयासों से 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए सप्ताह भर में जनपद हाथरस एवं आगरा के इलाकों में एक दर्जन से अधिक दविश दी गई एवं अथक प्रयास से चोरों की तलाश करते हुए शतप्रतिशत माल सहित 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया।

# एमजीपीजी में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, गोरखपुर में आज वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन ने किया, उन्होंने कहा कि हारना कोई बुरी बात नहीं है, हारने के बाद ही जीतने का प्रयास होता है। कोशिश करने वालो की जीत तय है।

आज खेल के क्षेत्र मे आगे निकलने की बड़ी संभावनाएं हैं, सरकारें इस क्षेत्र में ध्यान दे रही है। शिक्षा के साथ- साथ खेलो को भी महत्व मिलना चाहिए, अभिभावक अपने बच्चों को खेल में आगे आने के लिए प्रेरित करे, आज खेलो में विकास की अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को खेलो को अपने दैनिक जीवन में समाहित करना चाहिए। खेलो में आउटडोर खेलो का विशेष महत्व है जबकि आज का युवा अपने दैनिक जीवन में मोबाइल फोन पर ज्यादा समय दे रहे है ऐसे समय में इस प्रकार के आयोजन उनकी दिशा परिवर्तित कर सकते हैं।

महात्मा गांधी पी जी कॉलेज के वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राएं प्रतिभाग कर रही है ये महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अनिल कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है, विजेता बनना सौभाग्य का विषय है पर जो विजेता नहीं हो पा रहे वे आगे और प्रयास करे यह ही खेल भावना है। खेलों से ही मन व तन की तंदुरस्ती प्राप्त होती है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगा दयाल श्रीवास्तव ने कहा कि खेल भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना पढ़ाई, खेल हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है,खेल हमे शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाता है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

सोमवार को हुई प्रतियोगिताओं में 400 मीटर छात्रा वर्ग की दौड़ में मुस्कान यादव प्रथम, वैष्णवी मणि त्रिपाठी द्वितीय तथा आयुषी त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रही, गोला फेक प्रतियोगियों की छात्रा वर्ग में अंजली सिंह प्रथम, मुस्कान यादव द्वितीय, तथा खुशी भारती तृतीय स्थान पर रही, वही इसी प्रतियोगिता के छात्र वर्ग मैं प्रथम स्थान अजीत कुमार, द्वितीय स्थान सौरभ यादव तथा तृतीय स्थान उदित चंद ने प्राप्त किया, चक्का फेंक प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में उदित चंद्र प्रथम, सौरव यादव द्वितीय तथा आलोक कुमार गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे तथा इसी प्रतियोगिता के छात्रा वर्ग में अंजली सिंह प्रथम रंजन निषाद द्वितीय तथा अंबुजा सिंह तृतीय स्थान पर रही, लंबी कूद प्रतियोगिता के छात्रा वर्ग में अस्मिता सिंह प्रथम, आराध्या पांडे द्वितीय, तथा श्रुति मिश्र तृतीय स्थान पर रही, 800 मीटर की दौड़ में छात्र वर्ग के महेंद्र चौधरी प्रथम, उदित चंद्र द्वितीय, तथा आयुष सिंह तृतीय स्थान पर रहे इसी प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में मुस्कान यादव प्रथम, अंशिका शाही द्वितीय, तथा खुशी भारती तृतीय स्थान पर रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कृत किया जाएगा।

## ए.आर मांटेसरी स्कूल फैजुल्लाहगंज द्वारा एमएस लॉन मिल्लत नगर में बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ए. आर मांटेसरी स्कूल फैजुल्लाह गंज फ़ेज II की तरफ से एम एस लॉन मिल्लत नगर ढाल फैजुल्लाह गंज में बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों की तरफ से कई तरह के क्राफ्ट तैयार कर के प्रदर्शनी लगाई गई और खान पान के स्टॉल लगाए गए जिसमें अभिभावकों और बच्चों ने खूब भाग लिया और मनोरंजन किया। स्कूल के संस्थापक मोहम्मद अलीम, प्रिंसिपल विनोद निगम एवं स्कूल के अध्यापकों ने सभी का स्वागत किया और सभी बच्चों के साथ खूब मस्ती की। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक मोहम्मद अलीम ने सभी का धन्यवाद अदा किया।

## राष्ट्रीय कृमि दिवस पर बच्चों को टैबलेट खिलाया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल टेबलेट -प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में नोडल शिक्षक राजकिशोर शुक्ल के नेतृत्व में पेट में कीड़ा मारने की एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई। विगत एक सप्ताह से बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेषित वीडियो दिखा कर प्रचार प्रसार किया जा रहा था। श्री शुक्ल ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को आयरन टेबलेट भी खिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि आज स्कूल न आने वाले बच्चों को 14 फरवरी को मॉप?अप राउंड के दौरान दवा मिलेगी।पेट में कीड़ों के लक्षणों को वताते हुए उनसे बचाव के भी तरीके बताए।इस अवसर पर मेमवती , रामदेवी,आशा, उमा, आकाश पाल, योगेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे। उधर प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बच्चों को सुनाया गया।

## जिलाधिकारी ने सीएम-युवा प्रगति समीक्षा कर बैंकर्स को शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के दिए निर्देश




अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान योजना के अंतर्गत बैंकों को प्रेषित ऋण आवेदन पत्रों के सापेक्ष मात्र 52 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्रवाई होने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए बैंकर्स को आड़े हाथ लिया। संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने बैठक का संचालन करते हुए अवगत कराया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत कम से कम आठवीं पास एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष के युवाओं को उद्योग एवं सेवा व्यवसाय के लिए 5 लाख रुपए तक का ब्याज व गारंटी मुक्त ऋण बैंकों के माध्यम से दिया जाना है जिसमें 10 प्रतिशत मार्जिन मनी व चार वर्ष तक लगने वाले ब्याज की प्रतिपूर्ति प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंक शाखाओं को कुल 1029 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए। जिसके सापेक्ष विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा मात्र 152 आवेदन पत्र स्वीकृत एवं मात्र 52 आवेदन को ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसमें सर्वाधिक आवेदन पत्र पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक व लीड बैंक के रूप में केनरा बैंक में लंबित पाए गए। जिलाधिकारी ने सभी बैंक के जिला संयोजको को अवगत कराया कि 11 फरवरी को योजना के अंतर्गत अलीगढ़ व आगरा मंडल के जिलों का एक वृहद ऋण वितरण कैंप नुमाइश ग्राउंड के कोहिनूर मंच में आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री श्री राकेश सचान जी मौजूद रहेंगे, ऐसे में सभी बैंक लंबित आवेदन पत्रों के सापेक्ष शीर्ष प्राथमिकता पर आवेदन पत्रों पर ऋण वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित कराए। उन्होंने बैंकर्स को यह भी निर्देश दिए कि जनपद को आवंटित वार्षिक लक्ष्य 2500 की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जानी है, ऐसे में सभी बैंक के इस योजना में गंभीरता से कार्य करें योजना में अरुचि दिखाने वाले शाखा प्रबंधकों पर कार्यवाही की जाएगी।

## हाटा मदनी मस्जिद विध्वंस रोकने के लिए एस.सी. के अधिवक्ता ने डीएम को भेजा लीगल नोटिस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा मदनी मस्जिद विध्वंस मामले को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अब्दुल कादिर अब्बासी, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड, भारत के द्वारा जिला मजिस्ट्रेट कुशीनगर को लीगल नोटिस जारी कर मस्जिद विध्वंस रोकने की मांग किया है। नोटिस में लिखा गया है कि मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व करते हुए, गेट नंबर 208, हाटा, कुशीनगर में स्थित मस्जिद के चल रहे विध्वंस के संबंध में आपको यह कानूनी नोटिस जारी करता हूं, और मांग करता हूं कि आप तुरंत आगे की किसी भी विध्वंस गतिविधि को रोकें।

मेरे संज्ञान में आया है कि आपने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में हाटा में मस्जिद को ध्वस्त करने का आदेश दिया है, इस तथ्य के बावजूद कि ऐसी कार्रवाई स्पष्ट रूप से सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और रिट याचिका सिविल संख्या 295/2022 में पारित निर्णयों का उल्लंघन है। इस संबंध में, आपको यह याद दिलाना उचित है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने लगातार धार्मिक पूजा के अधिकार और पूजा स्थलों को गैरकानूनी विनाश से बचाने का समर्थन किया है। हाटा में मस्जिद को ध्वस्त करने का कोई भी प्रयास सीधे तौर पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का उल्लंघन करता है और इस तरह, न केवल अवैध है बल्कि भारत के संविधान में निहित अधिकारों का गंभीर उल्लंघन भी है। इसलिए, मैं आपसे तत्काल कार्रवाई करने की मांग करता हूं। विध्वंस प्रक्रिया को तुरंत रोकें और सुनिश्चित करें कि हाटा में मस्जिद को और अधिक नुकसान न पहुंचे। मस्जिद परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करें और सुरक्षा सुनिश्चित करें। कृपया ध्यान दें कि यदि विध्वंस जारी रहता है, तो आपको सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदाई ठहराया जाएगा, और आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी, जिसमें मस्जिद की सुरक्षा के लिए उचित कानूनी उपाय तलाशना और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना कार्यवाही शुरू करना शामिल है। यह आपके लिए कानून का पालन करने और किसी भी गैरकानूनी कार्य को रोकने का अंतिम अवसर है जो धार्मिक भावनाओं को और अधिक नुकसान पहुंचा सकता है और हमारे संविधान द्वारा संरक्षित अधिकारों का उल्लंघन कर सकता है। हमें उम्मीद है कि आप जिम्मेदारी से काम करेंगे और आगे की कानूनी जटिलताओं से बचने के लिए विध्वंस को रोकेंगे। यह नोटिस गैरकानूनी कार्य को आगे बढ़ने से रोकने के लिए अंतिम चेतावनी के रूप में कार्य करता है, जो हमें तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर करेगा। कृपया इस मामले को अत्यंत तत्परता से निपटाएं।

## एग्री स्टैक के कार्यों में लायी जाए तेजी : तहसीलदार



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सदर तहसील सभागार में सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर एग्री स्टैक का लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों को पहुंच सके। एग्री स्टैक में किसान की पहचान (आधार), भूमि रिकॉर्ड, कवरेज, आय, बीमा, ऋण, फसलों का विवरण तथा राजस्व रिकॉर्ड जैसी सभी सूचनाओं का स्टोरेज करने के लिए सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह सदर तहसील सभागार में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेटेलाइट डाटा, रियल टाइम क्रॉप इन्फोर्मेशन, मशीन लर्निंग, जीपीएस, एआई व विजुअल एनालिटिक्स की मदद से डाटा एकत्रित कर एग्री स्टैक का आकलन कर किसानों तक सरकारी लाभों व योजनाओं की बेहतर, तीव्र व आसान डिलीवरी सुनिश्चित किया जाए जिससे किसानों को इधर-उधर भटकना न पड़े सरकार द्वारा चलाए जा रही लाभ को किसने तक सुगमता से पहुंचा जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन नायब तहसीलदार महाराजगंज अटैच सदर तहसील प्रद्युम्न सिंह ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर आसिफ सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा की

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री मोदी ने बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा की। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने अपने विद्यालय के बच्चों को इस चर्चा में शामिल किया। बच्चों ने बड़े ही ध्यान से मोदी जी की बातों को सुनकर बताया कि इससे परीक्षा का भय दूर करने में काफी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में सौम्या, कीर्ति, युक्ता, सीमा, रश्मि, प्रियंका,ज्योति, ज्योत्सना, गिरिजा, रितिक आदि उपस्थित रहे।

## सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में ग्राम नौसारा एवं सिरौली में पीडीए कार्यक्रम संपन्न हुआ



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सदर विधानसभा के ग्राम नौसारा एवं अमृतपुर विधानसभा के ग्राम सिरौली में जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ पीडीए कार्यक्रम दिनांक 10 फरवरी को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सदर विधानसभा के ग्राम नौसारा एवं अमृतपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम सिरौली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार चलाए जा रहे पीडीए कार्यक्रम में ग्राम वासियों के बीच जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं सपा सरकार के द्वारा के दौरान किए गए विकास कार्यों की चर्चा की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अमृतपुर विधानसभा के ग्राम सिरौली में युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र सिंह यादव के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसानों के बीच कहा कि आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही ऐसे नेता हैं जो पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक की लड़ाई लड़ रहे हैं उनके हक और अधिकारों की बात करते हैं ऐसा देश में कोई अन्य नेता नहीं है। उन्होंने कहा आज पीडीए का हक मारा जा रहा है और भारतीय जनता पार्टी बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और चिकित्सा जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपना कर नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ0प्र/प्रभारी मंत्री फर्रुखाबाद जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंत्री जी द्वारा 05 दिव्यांगजनो अरविंद ,नगमा बेगम, अरुण कनौजिया, अजयपाल व जगमोहन को ट्राई साइकिल प्रदान की व निर्देशित किया कि जनपद में एल्मको का कैम्प लगाकर उपकरणों को वितरित कराया जाये, तत्पश्चात उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उजाला प्रेरणा संकुल समिति खुदागंज कमालगंज, बाला जी महिला स्वयं सहायता समूह कीरतपुर, हाजी बाबा महिला स्वयं सहायता समूह बढ़पुर को 06 लाख रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट की प्रतीकात्मक चेक उपलब्ध कराई गई, विद्युत सखी सलोनी व धनश्री को निशुल्क प्रिंटर उपलब्ध कराया गया,फयाजुल पुत्र हसन खाँ, साबिर खाँ पुत्र खुर्शीद अहमद को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास की चाबी उपलब्ध कराई गई,तत्पश्चात रामसेवक व मीना बेगम को वृद्धावस्था पेंशन के स्वीकृति पत्र मंत्री जी द्वारा प्रदान किये गये, इसके बाद कृषि विभाग के द्वारा 05 किसानों को निशुल्क उर्द का बीज उपलब्ध कराया गया, इसके बाद मा मंत्री जी द्वारा 07 विद्यार्थियों आकांछा,काजल, प्रियंका, ज्योति बाथम, आकांशा मिश्रा, स्वाति व सरस्वती शाक्य को टैबलेट प्रदान किये गये। समीक्षा में मंत्री जी द्वारा विगत समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो की अनुपालन की समीक्षा की, मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत रीस्टोर की गई गलियों की सूची जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई जाये व उसकी क्रॉस चेकिंग कराई जाये।

## एक दिवसीय कैडर कैम्प का आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** इसौली विधानसभा के सेक्टर न 35टिकरिया में रविवार को बहुजन समाज पार्टी की ओर से एक दिवसीय कैडर कैम्प का आयोजन किया गया। कैडर कैम्प में बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा,अब तक के सफर और बहन मायावती जी के चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल की उपलब्धियों पर विस्तार से संवाद हुआ। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भारतीय संविधान पढ़ने और संविधान के विषय में जानकारी हासिल करने के साथ अपनी बिगड़ी खुद बनाने के लिए सर्वसमाज का संगठन मजबूत करने के संदेश दिए। मुख्य अतिथि बसपा के मंडल प्रभारी और राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष रहे जिया लाल त्यागी ने मान्यवर कांशीराम और बहुजन समाज पार्टी के पुराने नारों की याद दिलाते हुए समर्थकों में जोश भरते हुए खोई हुई शासन सत्ता फिर से वापस लेने के लिए चुनाव के समय 15 दिन सभी घरेलू काम छोड़कर वोट के अधिकार के सही प्रयोग का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी ने भारतीय संविधान को लेकर देश में चल रही झूठी राजनीति और कांग्रेस, भाजपा के भ्रमजाल से लोगों को सावधान किया। मान्यवर कांशीराम साहब ने 6743जातियों को जोड़ कर बहुजन समाज बनाया, बाद में बहन जी ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के फार्मूले पर उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई और अच्छा शासन अच्छा काम के बल पर दुनिया में भारत का नाम रोशन किया।बहन मायावती जी ने छः साल में जितना काम किया उतना काम आजादी के बाद आज तक कोई भी राजनीतिक दल नहीं कर पाया। व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति और आपस के झगडे में उत्तर प्रदेश से हमारी सरकार चली गई और आज हमारा समाज फिर अन्याय और अत्याचार का शिकार होता है।

### सूचना

मैं रामू पुत्र गंगा प्रसाद, निवासी गौरा, मोहनलालगंज, पोस्ट- मोहनलालगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूँ। मैंने अपना नाम रामू से बदलकर रामू कुमार कनौजिया (Ramu Kumar Kanaujiya) रख लिया है जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है। मुझे भविष्य में रामू कुमार कनौजिया के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या N3854175 में मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश ABDULLAH KHAN दर्ज हो गई है मेरे नाम की सही स्पेलिंग ABDULLA KHAN हैं जो मेरे शैक्षिक व अन्य दस्तावेजों मे दर्ज है। मेरे नाम की ABDULLA KHAN सही स्पेलिंग से ही मुझे जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**अब्दुल्ला खान**
**पुत्र आसिफ खान**
**निवासी 5 जगदीश चंद्र बोस मार्ग लालबाग लखनऊ**

### सूचना

मैं सलीम पुत्र फ़िदा हुसैन निवासी 538 क/5 सीतापुर रोड त्रिवेणी नगर तृतीय निराला नगर लखनऊ का हूं मैंने अपना नाम सलीम से बदलकर सलीम खान (SALEEM KHAN) रख लिया है। अब भविष्य मे मुझे सलीम खान के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई, समाज में असंतोष फैलाना: अंसारी

### मंदिर और मस्जिदों का निर्माण अधिकतर सरकारी व बंजर भूमि पर ही हुआ है



सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी



हाटा में मदनी मस्जिद पर चलता बुलडोजर

- हाटा मदनी मस्जिद प्रकरण मामला
- मस्जिद ध्वस्तीकरण से मुस्लिम समाज आहत

**सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई**

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई में किसी विशेष समुदाय को निशाना नहीं बनाया गया, बल्कि यह सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ की गई सामान्य कार्रवाई है। एसडीएम हाटा योगेश्वर सिंह ने कहा, सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। यदि किसी को आपत्ति है तो वे कानूनी प्रक्रिया के तहत अपनी बात रख सकते हैं।

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** नगर पालिका क्षेत्र में स्थित मदनी मस्जिद पर जिला प्रशासन ने रविवार को बुलडोजर चलाकर उसके कुछ हिस्से को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन का कहना है कि यह मस्जिद सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई थी, स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने इस कार्रवाई को लेकर काफी आक्रोश है।

प्रशासन के अनुसार, मदनी मस्जिद का निर्माण लगभग 25 वर्ष पूर्व किया गया था, लेकिन हाल ही में हुई जांच में पता चला कि इसका कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाया गया है। इसी आधार पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। मस्जिद ध्वस्तीकरण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मस्जिद लंबे समय से अस्तित्व में थी और इसे बिना किसी पूर्व सूचना के आंशिक रूप से ध्वस्त किया गया। जिससे हमारी धार्मिक भावना आहत हुई है। सपा जिलाध्यक्ष शुकुरुल्लाह अंसारी ने प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा, ज्यादातर मंदिर और मस्जिदों का निर्माण सरकारी बंजर भूमि पर हुआ है। यदि इस आधार पर धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई की जाएगी, तो यह समाज में असंतोष को जन्म देगा। उन्होंने इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सरकार जान बुझ कर एक समुदाय के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। प्रशासन को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उधर शहर में तनाव को देखते हुए, भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई है। इस घटना के बाद मुस्लिम संगठनों और कुछ राजनीतिक दलों ने न्यायिक जांच की मांग की है।

**एक तरफा कार्रवाई कर रहा प्रशासन : हाजी हामिद खां**

मदनी मस्जिद के मुख्य व्यवस्थापक हाजी हामिद खां ने रविवार को प्रशासन की ओर से मदनी मस्जिद के हिस्से को तोड़ने के बाद अपना पक्ष पत्रकारों से साझा किया। हाजी हामिद खां ने कहा कि मस्जिद बैनामा कराई गई भूमि पर बनी है। नक्शा भी नगर पंचायत से 1999 में पास किया गया है। झूठ का सहारा लेकर मस्जिद को तोड़ा जा रहा है। इस मामले में कुछ लोगों ने अधिकारियों और शासन को गुमराह किया है। जो भी हो रहा है गलत हो रहा है। नगर पालिका की ओर से मिले नोटिस का जवाब भी दिया गया था। इसके बाद भी प्रशासन की ओर से एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए मस्जिद पक्ष के लोग कोर्ट का सहारा लेंगे।

## कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की कृषि मंत्री ने की समीक्षा



- कृषि विवि के लिए पूर्व में 45 करोड़ तथा शीघ्र होंगे 55 करोड़ अवमुक्त

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने एक होटल में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमार गंज अयोध्या के कुलपति प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, सीडीओ गुंजन द्विवेदी व लोक निर्माण विभाग सहित अन्य उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उ.प्र. सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में सोमवार को महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के निर्माण कार्यों के प्रगति संबंधी बैठक दौरान मैत्रेय परियोजना की कुल भूमि 195.82 एकड़ में से 145.82 एकड़ भूमि कृषि विश्व विद्यालय एवं 50.00 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को विकास हेतु हस्तानांतरित किए जाने/अनुमति प्रदान किए जाने संबंधी पत्र जो शासन स्तर पर लंबित है के संबंध जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा पूर्ण विवरण बताया गया जिस पर मंत्री द्वारा शासन स्तर पर लंबित सभी कार्यों के निदान शीघ्र कर लिए जाने का आश्वासन दिया गया। कृषि विश्व विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान अद्यतन स्थिति की जानकारी संबंधित से की गई, परंतु निर्माण कार्यों में मंशा अनुरूप प्रगति नहीं पाए जाने पर कार्यों में तेजी लाएं जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए। इस अवसर पर नक्शे के माध्यम से कृषि विश्व विद्यालय का अवलोकन किया गया। मंत्री के साथ जिलाधिकारी द्वारा आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई जिस पर मंत्री ने कहा कि अड़चन वाले कार्य ही न किए जाएं उन्होंने इस कार्य हेतु प्राप्त बजट की भी जानकारी ली तथा शीघ्र ही 55 करोड़ का और बजट मिलने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि बजट की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। कार्यदाई संस्था द्वारा लो लैंड पर मिट्टी भराई के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिए गए साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात आने से पूर्व ही जमीनी स्तर के सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। **एएसआई से लें अनापत्ति प्रमाण पत्र : कृषि मंत्री** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विश्वविद्यालय निर्माण स्थल पर पहुंचकर स्वीकृत डिजाइन को बने नक्शे से देखा। यहां उन्होंने कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों को निर्देशित किया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से जो अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए लेना है, वह पूरा कराएं। कुलपति प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह ने मंत्री से एकेडमिक ब्लाक व निर्माण से संबंधित मुख्य बातें रखीं। इसको गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने कार्यदाई संस्था के जेई श्यामाचरण शुक्ल व एक्सईएन को गुणवत्ता व मानक में कोई कमी नहीं किए जाने के लिए निर्देशित किया।

# रामनगरी में फिर बढ़े देश-विदेश के श्रद्धालु

## अयोध्या पहुंचे लाखों पग, श्रीराम के जयकारों से गूंजी रामनागरी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी में एक बार फिर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। सड़कों पर सिर्फ श्रद्धालुओं का रेला ही दिख रहा है। जय श्रीराम के जयकारों से गूंज रही अयोध्या में हर तरफ सिर्फ रामधुन ही सुनाई दे रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला व हनुमानगढ़ी में देर रात तक दर्शन पूजन करते दिखे। जानकारों की मानें तो तकरीबन 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से अयोध्या खचाखच भर गई है। बुधवार को माघ पूर्णिमा तक अयोध्या में अत्यधिक भीड़ रहने की संभावना जताई जा रही है एक बार फिर दर्शनार्थियों का रिकार्ड टूट सकता है। भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। एक तरफ प्रयागराज के महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने को अब तक करोडों लोग पहुंच चुके हैं। वहां स्नान के बाद श्रद्धालु रामनगरी पहुंच रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि मकर संक्रांति से अब तक डेढ़ करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। इनके दर्शन-पूजन के लिए जिला प्रशासन ही नहीं बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी व्यापक इंतजाम किए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया था। इसे देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिन रात एक कर दिया है। रामनगरी पहुंचने वाला प्रत्येक श्रद्धालु सुबह सरयू में स्नान करता है। उसके बाद मठ-मंन्दिरों का रुख करता है। सबसे अधिक श्रद्धालु रामलला व हनुमानगढ़ी का रुख कर रहे हैं। देर रात तक मंन्दिरों के बाहर श्रद्धालु कतार में दिखते हैं। श्रद्धालुओं के आने के कारण अयोध्या में रौनक बढ़ गई है। शाम के समय अयोध्या की राम की पैड़ी, लता चौक व धर्मपथ का नजारा अद्भुत दिखता है। रात 12 से एक बजे तक दुकानें भी खुली रहती है। व्यापारियों को भी इससे लाभ मिल रहा है। अयोध्या हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने कहा कि 144 वर्षों बाद पुण्य की डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

# भूमि विवाद को लेकर पीड़िता ने मंडलायुक्त से की शिकायत

**पीड़िता ने आरोप लगाया कि विपक्षीगण ने उन्हें और उनके रिश्तेदारों को जान से मारने की धमकी दी और उनकी भूमि से बेदखल करने की कोशिश की।**

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** भूमि विवाद को लेकर पीड़िता ललिता सिंह पत्नी स्व॰ बृजेश सिंह और निर्भय सिंह पुत्र स्व॰ बृजेश सिंह ने मंडलायुक्त अयोध्या को शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि ग्राम मऊयदुवंशपुर स्थित भूमि संख्या 695 और 698 को लेकर यह विवाद चल रहा है, जो समय के साथ बढ़ता जा रहा है।

शिकायत पत्र के अनुसार, उक्त भूमि का मूल खातेदार लक्ष्मी नाथ सिंह ने 7 जून 1965 को भारत भूषण को पंजीकृत बैनामा द्वारा कब्जा दिया था, और बाद में 3 सितंबर 1974 को भारत भूषण ने यह भूमि प्रार्थीगण मूरिस चम्पा देवी के नाम बैनामा पंजीकृत किया था। हालांकि, आरोप है कि विपक्षीगण साइंटिफिक रिसर्च सेंटर मोती नगर, जिला अयोध्या के सेक्रेटरी सत्य प्रकाश तिवारी और संजय झुनझुनवाला ने इस भूमि पर फर्जी तरीके से कब्जा करने की कोशिश की पीड़िता का आरोप है कि विपक्षीगण ने जालसाजी और धनबल के द्वारा भूमि का कब्जा करने की कोशिश की, और जब वे सफल नहीं हो पाए, जो वर्तमान में विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त, विपक्षीगण ने दबाव बनाने के लिए कुछ गुंडा किस्म के व्यक्तियों को भी आगे किया, जिन्होंने प्रार्थीगण को जानमाल की धमकी दी

पीड़िता ने आरोप लगाया कि विपक्षीगण ने उन्हें और उनके रिश्तेदारों को जान से मारने की धमकी दी और उनकी भूमि से बेदखल करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उनके पास धमकियों का ऑडियो रिकॉर्ड भी मौजूद है, जिसमें विपक्षीगण और उनके सहयोगियों ने एसटीएफ के अधिकारी अमिताभ यश का नाम लेकर उन्हें धमकी दी है।

ललिता सिंह ने अधिकारियों से अपनी सुरक्षा और न्याय की अपील की है और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस मामले की जांच चल रही है, और इसे अदालत में अगली सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, मंडल आयुक्त ने एसडीएम सोहावल को प्रकरण की जांच के लिए निर्देशित किया है और विपक्षियों द्वारा किए जा रहे कब्जे को रोकने का आदेश दिया है। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

## घनश्याम वर्मा को भारतीय किसान यूनियन का राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर भव्य स्वागत

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव, अयोध्या निवासी घनश्याम वर्मा को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनीत किए जाने पर अयोध्या जनपद में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गांधी पार्क में उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में माला पहनाकर और मिठाइयां बांटकर खुशी का इज़हार किया गया।

घनश्याम वर्मा को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने का निर्णय भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत और राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत द्वारा लिया गया। वर्मा को उनकी मेहनत, वरिष्ठता और वफादारी को देखते हुए यह महत्वपूर्ण पद दिया गया। घनश्याम वर्मा ने 37 वर्षों तक भारतीय किसान यूनियन से जुड़कर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन किया।

# सड़क दुर्घटना में प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर की दर्दनाक मौत

**अयोध्या।** रायबरेली हाईवे पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गायत्री पब्लिक स्कूल की महिला शिक्षिका की मौत हो गई। यह हादसा थाना कैंट क्षेत्र के सनबीम स्कूल के पास सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे हुआ, जब एक अज्ञात अर्टिगा स्विफ्ट कार ने उन्हें टक्कर मार दी।मृतका की पहचान 35 वर्षीय अर्चना मिश्रा पत्नी रविकांत मिश्रा के रूप में हुई है। वह पलिया शाहब्दी की रहने वाली थीं और रेवतीगंज स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में शिक्षिका थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्चना मिश्रा हाईवे पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गई।घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल शिक्षिका को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश में जांच शुरू कर दी है। अर्चना मिश्रा की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया है। उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके।अचानक हुई इस घटना से विद्यालय परिवार सदमे में है। विद्यालय के उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने बताया कि मृतका शिक्षिका बहुत ही मिलनसार स्वभाव की थी। विद्यालय परिवार ने मृत शिक्षिका के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।


# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस,10 फरवरी 2025 को प्रारंभ हुआ अभियान

**अयोध्या।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने अयोध्या जिले के मुमताज नगर स्थित कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को अल्बेंडाजोल दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत आज जिले के 1 वर्ष से 19 वर्ष आयु तक के सभी बच्चों और युवाओं को कृमि मुक्ति दवा दी जाएगी।कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय में कुल 45 बच्चों को अल्बेंडाजोल दवा दी गई, साथ ही आंगनबाड़ी से 3 बच्चों को भी यह दवा खिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि यह दवा खाली पेट नहीं दी जानी चाहिए और हर छह माह में इसे पुनः खिलाया जाता है। पिछली बार यह दवा अगस्त 2024 में दी गई थी।फरवरी माह में कुल 13,40,400 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराई गई है। जिले में कुल 2022 सरकारी/मान्यता प्राप्त स्कूल, 916 प्राइवेट स्कूल और 2381 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनमें यह दवा दी जा रही है। यदि किसी कारणवश कोई बच्चा आज दवा नहीं ले पाता है, तो 14 फरवरी 2025 को इन केंद्रों पर फिर से दवा खिलाई जाएगी।इस कार्यक्रम में अर्बन नोडल डॉ. वी. पी. त्रिपाठी, डीएचई आईओ डॉ. पी. सिंह, बीईओ शैलेन्द्र कुमार, ग्राम प्रधान कुसुम लता यादव, डीसी पीएम अमित कुमार, आरकेएस के कोऑर्डिनेटर सतीश वर्मा, प्रधान अध्यापिका श्रीमती अख्तर बानो, शिक्षक दिनेश चंद्र शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, मंजू शुक्ला, पूनम मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा के अधीक्षक डॉ. अखिलेश रंजन, एआरओ, बीपीएम, बीसीपीएम, सीएचओ, आबीएसके टीम, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता सहित अन्य स्टाफ ने भी इस अभियान में सहभागिता की।

## चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मथुरा में

**अयोध्या।** जिला रायफल क्लब अयोध्या के 16 खिलाड़ियों का चयन मथुरा जिले में आयोजित होने वाली चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 14 फरवरी को समाप्त होगी, और चयनित खिलाड़ी अपनी शानदार प्रदर्शन के साथ मथुरा से अयोध्या लौटेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए करीब 40 खिलाड़ियों ने अपना ट्रायल दिया था, जिनमें से 16 खिलाड़ियों का चयन कोच शनि कुमार वर्मा ने किया। इन खिलाड़ियों में अयोध्या जिले के विभिन्न सरकारी विभागों और पुलिस विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं।

## रुद्र महायज्ञ का निकला भव्य कलश यात्रा



**मिठौरा(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरा सोनाड़ी में नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन कर रविवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के दक्षिण स्थित शिव मंदिर से चलकर मधुबनी, सोनवल, नंदाभार, खजुरिया, कश्मरिया, झनझनपुर, दरहटा, लालपुर, चौक, करौता, पिपरिया गुरु गोविंद राय, होते हुए पड़री खुर्दऔर पिपरा सोनाड़ी मध्य माइनर नहर पर पहुँचा।

यज्ञाचार्य संजय मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगल कलश में जल भरा गया। पुनः सभी श्रद्धालु महायज्ञ परिसर पहुँच विधि विधान से कलश को स्थापित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न नारायण पाण्डेय,अनिरुद्ध गुप्ता ने बताया कि मंच का संचालन चन्द्रभान चौधरी व सत्या मजनू द्वारा और रात्रि में जय जय मां आदिशक्ति रामलीला मंण्डल मोहनापुर के कलाकारों के द्वारा रामचरित मानस पाठ का सजीव मंचन किया जायेगा। दिन में प्रवचनकर्ता प्रियंका द्विवेदी श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन से रूबरू कराएंगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुन्नी पटेल, दिलीप गुप्ता, विशाल गुप्ता, चन्द्रभान चौधरी, देवनारायण पटेल, विजय कुमार, दिग्विजय गुप्ता, बलवंत चौधरी, भोले चौधरी, दीना विश्वकर्मा ,राजू चौधरी, भभुती दीक्षित, संतोष विश्वकर्मा, ब्रम्हानन्द चौधरी आदि लोगो के विशेष सहयोग रहा।

# दक्षिण अफ्रीका व नीदरलैंड के शिक्षा विशेषज्ञों ने ज्ञान का पिटारा' किट का किया अवलोकन

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एजुकेट




गर्ल्स संस्था के प्रयासों से दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के शिक्षा विशेषज्ञ टॉम निहतिका और कोलम ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय प्रथम, बड़ागांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 'ज्ञान का पिटारा' कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 3, 4 और 5 के बच्चों के लिए चल रहे विशेष उपचारात्मक शिक्षण सत्रों का अवलोकन किया।

दौरे पर आयी विदेशी टीम ने एजुकेट गर्ल्स संस्था द्वारा संचालित 'ज्ञान का पिटारा' किट विशेष रूप से उन बच्चों के लिए तैयार की गई है, जिन्हें अक्षरों की पहचान, वाक्यों को पढ़ने और बुनियादी गणितीय कौशल में कठिनाई होती है। इस किट के जरिए बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिलता है, जो शिक्षा को आनंददायक बनती है।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों से संवाद किया और उनके अनुभवों को जाना। बच्चों ने बताया कि 'ज्ञान का पिटारा' के माध्यम से वे मज़ेदार गतिविधियों के जरिए पढ़ाई कर रहे हैं, जिससे उनकी सीखने और समझने की क्षमता में सुधार हो रहा है। इसके अतिरिक्त, एजुकेट गर्ल्स संस्था के स्वयंसेवकों (टीम बालिका) के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें उनके अनुभवों और क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई। टीम बालिका के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक बना रहा है। विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने एजुकेट गर्ल्स संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि 'ज्ञान का पिटारा' जैसे नवाचारों से बच्चों की शिक्षा में निरंतर सुधार होता रहेगा। विदेशी टीम ने पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी व पंचायत भवन का जायजा लिया पंचायत भवन के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, तकनीकी सहायक संदीप पाल, एजुकेट गर्ल्स संस्था की ओर से विक्रम सिंह सोलंकी, बिनीश मथाई, सोमिया, वैजंती मैडम, नितिन कुमार झा, अर्जुन कुमार, शदाब अंसारी, रवींद्र कुमार और रविंद्र श्रीवास्तव, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो उपस्थित रहे।

## वन विभाग की मिली भगत से काटे जा रहे सड़क किनारे लगे प्राचीन हरे आम के पेड़



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सोहावल तहसील अन्तर्गत रौनाही से डयौढ़ी बाजार मार्ग पर परशुरामपुर गांव के पास आम के हरे पेड़ों की तीन दिन से लगातार कटान जारी है। सभी पेड़ सडक की पटरी पर हैं। जो पीडब्ल्यूडी क्षेत्र में आते हैं। किन्तु वन विभाग के एसडीओ का कहना है कि वहाँ 10 पेड़ काटने की परमिट जारी की गई है। वन विभाग के अधिकारी परमिट की आड़ में सरकारी हरे पेड़ कटा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियो के इस खेल से सरकारी राजस्व की हानि हो रही है। बड़ा सवाल यह है कि यदि जैसा कि एसडीओ बता रहे हैं कि पेड़ किसान के हैं। उसे जरूरत है तो 10 पेड़ काटने की परमिट जारी कर दी गई है। नियमत॰ किसी किसान को 10 हरे पेड़ काटने की एकसाथ परमिट जारी ही नहीं की जा सकती है, फिर वन विभाग के अधिकारी कैसै हरे पेड़ काटने की परमिट जारी कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में डीएफओ व डीएम से शिकायत की जा रही है।

# अवैध अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ चल बुल्डोजर



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** एक बार फिर बाबा जी का चला बुल्डोजर अवैध अतिक्रमण करने वालो में मची खलबली मामला जैदपुर का है जहाँ पर लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाकर की गई कार्यवाही, मौके पर पुलिस बन रहा मौजूद बाराबंकी के सफदरगंज कस्बा में लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ सोमवार करीब 2:00 बजे बुलडोजर चला कर कार्यवाही की गई है। बताते चले की लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि सफदरगंज फीडर व सफदरगंज संपर्क मार्ग के किनारे राजस्व अभिलेखों में पक्की सड़क के नाम अंकित भूमि पर अनधिकृत निर्माण कब्ज और अतिक्रमण किया गया है। इसके संबंध में पूर्व में सूचित करते हुए सभी से अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाने को लेकर सूचित किया गया था। इसके संबंध में आज बुलडोजर चलाकर उक्त स्थान को कब्जे से मुक्त कराया गया है।

# बाराबंकी जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा श्रावस्ती में दे रही अपनी सेवाएं: डॉ रोहित

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा÷ के मूल मंत्र पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाले अग्रणी समाजसेवी संगठन नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन अवध प्रांत एवं गोरक्ष प्रान्त द्वारा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अंतर्गत संचालित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के पांचवें संस्करण के क्रम में नेपाल के सीमावर्ती जिलों महाराजगंज, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर के थारू आदिवासी बहुल क्षेत्रों में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर दिनांक 07,08,09 फरवरी को आयोजित किए गए। इन शिविरों में जनपद बाराबंकी के भी सरकारी एवं निजी चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त जानकारी देते हुए नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन शाखा बाराबंकी के जिला महासचिव डॉ रोहित प्रसाद ने बताया कि दिनांक 08 फरवरी को चिकित्सकों का एक दल जिला



चिकित्सालय से जनपद श्रावस्ती में जाकर दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। संघ के जिला संघचालक डॉ आरएस गुप्ता, सह विभाग प्रचारक अमरजीत, जिला अध्यक्ष डॉ रोहित अग्रवाल, जिला महासचिव डॉ रोहित प्रसाद तथा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री आर पी सिंह विसेन ने भगवा ध्वज दिखा कर दल को रवाना किया। प्रथम दल का नेतृत्व जिला कोषाध्यक्ष डॉ अमित वर्मा द्वारा किया गया जिसमें डॉ आयुष्मान गुप्ता, आर पी सिंह बिसेन, डा प्रखर, जयविंद,अमन शामिल थे। दूसरे दल का नेतृत्व जिला सेवा यात्रा प्रमुख डॉ संजीव साहू ने किया जिसमें डॉ स्वाति शैली, जितेन्द्र शर्मा, डॉ आयुष्मान सिंह, जितेंद्र आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 9 फरवरी को आरोग्य भारती की जिलाध्यक्ष डॉ अनुपमा टिबड़ेवाल ने भगवा ध्वज लहराकर चिकित्सा दलों को रवाना किया। चिकित्सकों का प्रथम दल जनपद बलरामपुर के मेगा स्वास्थ्य शिविर के लिए रवाना हुआ जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष डॉ रोहित अग्रवाल ने किया ।इस दल में डॉ सुनील रावत, डॉ विनय जैन,दुष्यंत त्रिपाठी, सुधाकर वर्मा आदि शामिल थे। दूसरा दल जिला महासचिव डॉ रोहित प्रसाद के नेतृत्व में जनपद लखीमपुर में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर के लिए रवाना हुआ जिसमें डा आनंद जायसवाल, आर पी सिंह विसेन, अभिषेक बाजपेई,डा हितेश राठौर, डॉ नीलू, डा ईशान, डॉ राहुल तथा हरिकेश गुप्ता शामिल थे।

## युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का लगा आरोप

**जैदपुर बाराबंकी।** भाई को स्कूल पहूचाने गयी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप। पीड़ित पिता ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुवे लगाया है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। थाना क्षेत्र जैदपुर के एक गांव निवासी एक पिता ने जैदपुर थाने में शिकायत करते हुये बताया कि 4 फरवरी 2025 को सुबह करीब 8 बजे प्रार्थी की पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष अपने छोटे भाई को उसके स्कूल छोड़ने गई थी। जो अभी तक लौटकर घर नहीं आयी है। प्रार्थी ने काफी खोजबीन किया तो यह जानकारी हुई कि शिवम पुत्र हीरालाल राजभर निवासी ग्राम नईबस्ती कुरीलपुर मजरे कोला गहबडी थाना जैदपुर ने अपने पिता हीरालाल राजभर व अपने भाइयों वेचूलाल और अर्जुन पुत्रगण हीरालाल राजभर की सहायता से मेरी पुत्र को बहला फुसला कर भगा ले गया है मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुये जैदपुर पुलिस ने उक्त मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## रास्ते ब्लाक किए जाने से परिषदीय शिक्षकों को हो रही है सबसे अधिक परेशानी

**बाराबंकी।** जनपद में कुछ रास्ते ब्लाक किए जाने से यूं तो सभी राहगीरों को तमाम दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन सबसे अधिक परेशानी ज़िले में कार्यरत परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को हो रही है।समय से घर से निकलने वाले शिक्षक जहां आम दिनों में सही समय पर अपने-अपने विद्यालय पहुंच जाते थे। वहीं अब तमाम रास्तों से वापस किए जाने के बाद शिक्षकों को अनजान रास्तों से घंटों चक्कर लगाकर देर से विद्यालय पहुंचना हो रहा है।

इस बाबत शिक्षकों का कहना है कि यदि ज़िलाधिकारी द्वारा ड्यूटी पर लगे पुलिस अधिकारी और जवानों को निर्देशित किया जाए कि शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों को उनके गन्तव्य की ओर जाने से ना रोका जाए। तो यह सभी अपने-अपने समय पर अपने निश्चित मार्ग से होते हुए पूर्व की भांति विद्यालय पहुंच जाया करें।

# पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने किया कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीना ने दिन सोमवार को कोतवाली



ठूठीबारी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त सहित अपराध रोकथाम तथा शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए निरीक्षण किया गया है। इस दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क, कैमरा, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया साथ ही अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का भी निरीक्षण किया गया। वहीं सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। हवालात चेक करने के दौरान साफ-सफाई की स्थिति आदि का अवलोकन किया गया। उन्होंने पुलिस स्टाफ को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें। ड्यूटी के दौरान लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नकी किया जाएगा। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क व आम जन के शिकायतों का समय पर निस्तारण करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर एसएसआई प्रणव ओझा, एसआई दिनेश कुमार, एसआई दिव्य प्रकाश मौर्य, एसआई विक्की कुमार, एसआई अनुराग पांडेय सहित समस्त कोतवाली स्टाफ मौजूद रहे।

## रेलवे लाईन के पास मिला बुजुर्ग का शव



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सोमवार की थानाक्षेत्र अंतर्गत भुजौली में गोरखपुर नरकटियागंज रेल खंड पर सिसवा रेलवे स्टेशन से दक्षिण की तरफ रेल ट्रैक पर पीलर संख्या 322/7- 6 के आगे एक बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला । थानाक्षेत्र के भुजौली में गोरखपुर नरकटियागंज रेल खण्ड पर रेलवे लाईन से सटे एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला। सूचना पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने तुरंत जाँच शुरू कर दिया। बुजुर्ग के जेब से रेलवे का टिकट मिला जो भैरोगंज से गोरखपुर का टिकट था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नही हो पाई है पता लगाया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पहले मेरा नाम विनीता वर्मा था जिसे बदल कर अब मैं अपना नाम अनन्या वर्मा रख ली हूं। अब से मुझे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**अनन्या वर्मा पुत्री विनोद कुमार वर्मा**
**ग्राम/पो0- परसौनी, थाना- चौक, जनपद- महाराजगंज**

# आयुष चिकित्सक यूनानी और आयुर्वेदिक पद्धति की दवाओं का करें प्रयोग

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रसिद्ध हकीम अजमल खान के जन्म दिवस पर पूरे भारत में मनाया जाने वाला विश्व यूनानी दिवस जनपद में भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय बहादुर ने कहा कि मौजूदा परिवेश में यूनानी और आयुर्वेद को सरकार भी अधिक महत्व दे रही है, क्योंकि इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। यह आवश्यकता अनुसार लंबे समय तक प्रयोग की जा सकती है।

- आयुष चिकित्सकों ने मनाया विश्व यूनानी दिवस
- यूनानी और आयुर्वेद दवाओं को कोई साइड इफेक्ट नहीं



जनपद के आयुष चिकित्सकों को चाहिए कि वह आयुर्वेद यूनानी की दवाओं का प्रयोग अधिक से अधिक करें। वह सोमवार को शहर में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएन मिश्र ने कहा कि आज के युग में आयुर्वेद व यूनानी की दवाई सिर्फ भारत में नहीं विदेशों में भी अधिक प्रयोग की जा रही है। देश के प्रसिद्ध हकीम अजमल खान ने आयुर्वेद और यूनानी पैथी को एक साथ बढ़ावा दिया। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. केपी पांडेय ने कहा कि आयुर्वेद का प्रयोग काफी पुराना है। आज भी निश्चित तौर पर पूरी तरह से कारगर है। हकीम अजमल खान अपने अंतिम सांस 20 दिसंबर 1927 तक आयुर्वेद और यूनानी की सेवा करते रहे। अन्य चिकित्सकों ने भी आज के युग में आयुर्वेद व यूनानी के महत्व पर विचार व्यक्त किया। अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय बहादुर समेत जनपद के कुछ वरिष्ठ चिकित्सक यथा डुमरियागंज से डॉ. वजाहत हुसैन, डॉ. नसीरुद्दीन, डॉ. मजहरूद्दीन और डॉ. अब्दुस्सलाम हाशमी को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन डॉ जावेद कमाल ने किया। इस अवसर पर डॉ.अहमद हुसैन, डॉ. अरुण द्विवेदी, डॉ. रफीउद्दीन, डॉ. आरएन जयसवाल, डॉ. कमलेश मिश्रा, डॉ. मसूद अख्तर के साथ जनपद के अन्य चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

## शौच के लिये निकली किशोरी के साथ दुष्कर्म

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** घर से बाहर वाथरुम के लिए निकली किशोरी के साथ एक युवक द्वारा मुंह दबाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पडताल करते हुए कार्रवाई शुरू कर दिया है। मामला कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के एक गांव का है। जहां गांव निवासिनी कक्षा आठ की छात्रा जिसकी उम्र लगभग 14 वर्ष है रविवार की देर रात अपने घर से बाहर शौच के लिए निकली थी। तभी युवक शिवांश पुत्र अनुज गौड 22 वर्ष निवासी कन्नूपुर ने जबरिया किशोरी को दबोच लिया और उसके मुंह को दबाकर दुष्कर्म किया। किसी तरह युवक के चंगुल से छूटी किशोरी ने घर आकर आपबीती अपने परिजनों से बतायी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और परिजन की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जारही है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में की जाए वृद्धि : जगदंबिका पाल

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल ने संसद में सोमवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से उनके मानदेय वृद्धि, अवकाश, पेंशन एवं अन्य सुविधाओं की मांग की। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सिर्फ पोषाहार वितरण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को भी लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पूरे भारत में 12,93,448 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 11,64,178 सहायिकाएं कार्यरत हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में 1,54,342 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 1,32,671 सहायिकाएं अपनी सेवाएं दे रही हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें 3-6 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना, स्वच्छता अभियान, पोषण अभियान एवं अन्य सरकारी योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू करना शामिल है। बावजूद इसके, इन्हें प्रतिमाह मात्र 6,000 का मानदेय मिलता है, जो इनके परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नहीं है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017 के अनुसार सभी महिला कर्मचारियों को 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश दिया जाता है, लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इसका कोई लाभ नहीं मिलता। इन कार्यकर्ताओं के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने सरकार से यह मांग किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि की जाए, ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं मातृत्व अवकाश की सुविधा दी जाए, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन एवं आकस्मिक मृत्यु पर मुआवजे का प्रावधान किया जाए। सांसद जगदंबिका पाल ने सरकार से आग्रह किया कि इन महिला कार्यकर्ताओं की मेहनत को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इन मांगों पर उचित निर्णय लिया जाए।

## सीडीओ एवं सीएमओ ने बच्चों को कृमि रोधी गोली खिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सोनवल, विकास खंड नौगढ़ में मुख्य विकास अधिकारी, जयेंद्र कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया द्वारा कृमि रोधी गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी उपस्थित बच्चों को कृमि रोधी गोली खिलाया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चो को कृमि रोधी दवा के फायदे के बारे में जानकारी देते हुये सभी बच्चों तथा ग्राम के अन्य सभी बच्चों को दवा खाने के प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा कृमि के लक्षण और दवा खाने के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं छुटे हुये बच्चो को मॉप अप राउंड 14 फरवरी 2025 को खिलाया जाने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महेंद्र लोधी, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉ वी. एन. चतुर्वेदी, नोडल अधिकारी, जनपद व ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण, प्रधानाचार्य, शिक्षक, ए.एन.एम, आशा आगनवाड़ी आदि लोग मौजूद रहे।

# आउट सोर्सिंग तैनात कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ कर रहा बिजली विभाग

अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** बिजली विभाग में तैनात लाइनमैनो को सुरक्षा किट न मिलने के कारण वह जान जोखिम में डालकर बिजली फाल्ट को ठीक करते है। वहीं फाल्ट ठीक करने के दौरान आये दिन करंट की चपेट में आने से लाइनमैनो की मौत होने या झुलसने की खबर आती है।

बिजली विभाग आउट सोर्सिंग पर काम करने वाले लाइनमैनो के साथ किसी तरह की दुर्घटना होने पर हाथ खड़ा कर देता है। पिछले पांच साल में फाल्ट ठीक करने के दौरान करीब कई लाइनमैनो की मौत और करीब दर्जन लाइन मैन झुलस चुके है। जिले के 120 फीडर पर तैनात है करीब 325 ठेका पर लाइनमैन जिले में 42 बिजली घर है। 120 फीडर है, जिस पर करीब तीन लाख 50 हजार उपभोक्ता है। इन उपभोक्ताओं के घर बिजली पंहुचे। इसके लिए 325 ठेका पर लाइन मैन रखे गए है।



यही लाइन मैन दिन हो या रात जब भी फाल्ट की समस्या होती है तो फोन की घण्टी बजते ही लाइट ठीक करने पंहुच जाते हैं, लेकिन बिजली विभाग इनकी सुरक्षा का ध्यान नही रखती है और बिना सुरक्षा किट के ही फाल्ट को ठीक करने के लिए खंभो पर चढ़ा देती है जिसका नतीजा होता है कि कभी-कभी फाल्ट ठीक करते समय ही लाइन मैन को करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो जाती है या घायल हो जाते है।

पिछले वर्षो में करंट की चपेट में आने से लाइन मैन की मौत भी हो गयी है। जबकि कुछ घायल हुए है। लाइनमैनो के साथ कोई घटना हो जाती है तो बिजली विभाग भी हाथ खड़ा कर देता है।

- बिना सुरक्षा किट के लाइनमैन को खंभे पर चढ़ाकर जोड़वाई जाती है बिजली

### ये होनी चाहिए सुरक्षा किट

बिजली के फाल्ट को ठीक करने के लिए लाइनमैनो को खम्भे पर चढ़ने के लिए हाई फ्रिकवेंसी वायरलेंस, हाई बोल्टेज डिटेक्टर हैलमेट व हैंड ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट, फेस कवर फायर प्रूफ जूते व कपड़े होने चाहिए। उप खण्ड अधिकारी विद्युत विभाग प्रेम वर्मा ने बताया कि विना सुरक्षा किट के किसी भी कर्मचारी को खम्भा पर नही चढ़ना चाहिए। कर्मचारियों को सुरक्षा किट न देने वाले एजेंसियो पर कार्रवाई होगी।

## माशिवि में कार्यरत 23 शिक्षक/ कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग में 2005 के पूर्व के विज्ञापन के माध्यम से सेवा दे रहे 23 शिक्षक, कर्मचारियों और प्रधानाचार्य पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित होंगे। अटेवा जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार द्विवेदी, विनय अनमोल, विजय कुमार वर्मा, शेषनाथ गुप्ता, महेंद्र, राजेश कुमार, हेमंत राज उपाध्याय, बृजेंद्र मणि तिवारी, विश्वनाथ, आलोक कुमार त्रिपाठी, हरिशंकर त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार द्विवेदी, कृष्ण कुमार, राजेंद्र प्रसाद, प्रकाश सिंह, सदानंद, दीप नारायण सिंह, अंगद प्रसाद, संजय कुमार गुप्ता, रामदास, मुनिराज, आसाराम व इल्ताफ आदि का पुरानी पेंशन बहाल किए जाने का आदेश पत्र आने पर अटेवा जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार द्विवेदी, जिला संयोजिका कल्पना, मंडल अध्यक्ष बलवंत चौधरी, प्रदेश संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ल ने सभी साथियों को बधाई और शुभकामनाएं दिया है।

- लड़ाई समाप्त नहीं हुई है, आंदोलन और अधिक ऊर्जा के साथ जारी रहेगा : बृजेश

अटेवा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस आदेश से पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई लड़ रहे शिक्षकों और कर्मचारियों में आशा का संचार हुआ है। अटेवा के बहुत संघर्षो के बाद आप सब को पुरानी पेंशन मिला है, अब आप सभी साथियों की जिम्मेदारी पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के लिए और अधिक बढ़ जाती है। अभी लड़ाई समाप्त नहीं हुई है। आंदोलन को और अधिक ऊर्जा के साथ गतिमान करने में अपना सहयोग देने को तैयार रहें। आप सभी के संघर्षों का ही परिणाम रहा कि सरकार जो कल तक एनपीएस को अच्छा बता रही थी, उसमें संशोधन करके यूपीएस लागू किया है। आप आशा और विश्वास रखें की सरकार को हूबहू पुरानी पेंशन बहाल करना पड़ेगा। हम सब हारेंगे नहीं और पुरानी पेंशन बहाली से कुछ कम पर मानेंगे नहीं।

### तीन युवक ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बारात से लौट रहे एक बाइक पर तीन युवक ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां दो युवकों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के साहबतारा मोहल्ला निवासी शुभम विश्वकर्मा 24 वर्ष ,शुभम गौड़ 21 वर्ष व अभय निषाद घसियारी टोला एक बाइक पर सवार होकर बसखारी से बाइक से आ रहे थे तभी जलालपुर बसखारी रोड नंदापुर गाँव के पास ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु नगपुर अस्पताल भेजवाया जहां शुभम विश्वकर्मा व शुभम गौड़ को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल अभय निषाद को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर विधि कार्रवाई शुरू कर दिया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दो युवकों की मौत हो गई है तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### गैरहाज़िर दो चिकित्सक सहित तीन का वेतन रुका

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य सेवाओं को परखने के लिए सीएमओ ने शनिवार को दो सीएचसी व एक स्वास्थ्य उपकेंद्र का टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण किया। इसमें दो चिकित्सक व एक कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने सभी का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने सीएचसी नगपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में तैनात दंत चिकित्सक डॉ. प्रीती सिंह, डॉ. सोनम वर्मा समेत टीकाकरण प्रभारी मनीष श्रीवास्तव गैरहाजिर मिले। डॉ. सोमन तीन दिनों लगातार गैरहाजिर चल रहीं हैं। उनके बारे में कोई सूचना भी यहां मौजूद नहीं थी। सीएमओ ने बाद में सीएचसी भियांव का जायजा लिया। यहां सब कुछ बेहतर मिला। इसके साथ ही नसीरपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र का भी निरीक्षण किया जहां पर टीकाकरण चल रहा था। सीएमओ ने अस्पताल की ओपीडी से लेकर वार्ड व पैथोलॉजी, दवा वितरण कक्ष आदि का भी जायजा लिया। दवाओं की उपलब्धता व खून की जांच आदि को लेकर मरीजों से पूछा। सीएमओ ने गैरहाजिर चिकित्सक व स्टाफ का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये रूट डायवर्ट

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के थाना अलीगंज क्षेत्र अंतर्गत सम्हारिया चौराहे के पास से अयोध्या धाम के लिए गुजरने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधाजनक यात्रा को सुलभ बनाने के दृष्टिगत अलीगंज थाना अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहते हुए रूट डाइवर्जन कराने में निर्णायक भूमिका निभाते नजर आए।गौरतलब हैं कि बसंत पंचमी,महाशिवरात्रि के पर्व में अयोध्या धाम में जाने के लिए श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगती हैं,इस दौरान श्रृद्धालुओं की सुविधाजनक यात्रा व्यवस्था को सुदृण करने के उद्देश्यों से पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर अलीगंज थाना अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने काफी हद तक रूट डाइवर्जन कराने में निर्णायक भूमिका हासिल कि हैं। आप को बता दें कि सोमवार की सुबह से ही अलीगंज पुलिस ने नो इंट्री के दौरान भारी भार वाहनों एवं बाहरी जनपद के वाहनों को रोक कर रूट डाइवर्जन कराया गया इस दौरान उप निरीक्षक शिवम सिंह, उप निरीक्षक आशीष सिंह, आरक्षी सनोज यादव मौजूद रहे।

### मरहूम डॉ कौसर हुसैन की मजलिसे चेहलुम सम्पन्न

**टांडा अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मीरानपुरा स्थित इमामबाड़ा राजा साहब मे एक मजलिसे चेहलुम मरहूम डॉ सैयद कौसर हुसैन आब्दी की मजलिस चेहलुम को खेताब करते हुए मौलाना सफ़ी हैदर ज़ैदी लखनऊ ने समाज की वर्तमान बुराइयों को दूर करने के लिये लोगों को जागरूक करते हुए कहा की प्रत्येक माता पिता की प्रथम ज़िम्मेदारी यह होनी चाहिए कि अपने बच्चों का नाम का बेहतरीन चयन करें ख़राब नामों से बचें उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि अपने बच्चों को लगातार हिदायत करते रहना चाहिए जिससे वह किसी बुराई के रास्ते पर चलने से बचा रहे वहीं मजलिस का आयोजन तिलावते कलाम पाक से किया गया।

## 75 वर्षों में 68 बार बनाया गया जुगाड़ पुल स्थायी व पक्के पुल का लोगों को है इंतेज़ार

दानिश मेहदी

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के रामनगर नरसिंहपुर और अमौली मोहिउद्दीनपुर के बीच तमसा नदी पर पक्के पुल का निर्माण नहीं हो सका।दोनों तरफ से करीब दर्जन भर गांव के लोग बांस बल्ली के बने जुगाड़ पुल से खतरे के बीच आवागमन करने को मजबूर है। वह भी इस समय तमसा नदी में पानी भर जाने की वजह से और पुल अत्यंत जीर्ण होने व सड़ जाने के कारण बहने के कगार पर है।

उल्लेखनीय है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी ग्रामीणों की इस समस्या के प्रति शासन प्रशासन तथा जनप्रतिनिधि भी गंभीर नहीं है। ग्रामीणों ने निराश होकर तमसा नदी पर अपने निजी खर्चे पर बांस बल्ली का पुल बना लिया है ।जिस पर गांव के लोगों का पैदल व साइकिल से आवागमन हो रहा था। जुगाड़ पुल बनाने का यह सिलसिला पिछले 75 वर्षों में 68 बार हो चुका है। किसानों, मजदूरों व छात्र छात्राओं का एक दूसरे गांव में आवागमन का यह एकमात्र सहारा है। गर्मी व ठंडी में ग्रामीण जान हथेली पर लेकर इस जुगाड के पुल से गुजरते हैं। लेकिन बारिश में नदी के उफान पर होने पर जब जुगाड़ पुल बह जाता है तो उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जुगाड पुल से कई बार साइकिल व बाइक सवार कई बार गिर कर चोटहिल भी हो चुके हैं। ग्रामीण राम आशीष यादव, कामता प्रसाद यादव, आत्माराम, विजय शंकर, नान्हू यादव, रमाशंकर व टिल्ठू यादव आदि तमाम लोगों ने बताया कि तमसा नदी में पानी होने के कारण जब वह अपने पूरे उफान पर होता है तो ऐसे में जुगाड़ पुल जो कि काफी सड़ गल गया है और वह बरसात के दिन में कभी भी बह जाता है। इस जुगाड़ पुल पर लोगों का वाहन लेकर आना तो दूर पैदल आना भी जान हथेली पर लेकर चलना है।



# ब्लॉक स्तरीय सुगमकर्ताओं का दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र बांसी के सभागार कक्ष में दो दिवसीय मीना मंच तथा पावर एंजिल के सशक्तिकरण एंव नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु ब्लॉक स्तरीय सुगमकर्ताओं का दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार सिह की अध्यक्षता मे शुभारम्भ हुआ।

इस उन्मुखीकरण कार्यशालाओं, मिशन शक्ति मेलों और विविध गतिविधियों पर चर्चा किया गया। मास्टर ट्रेनर आशुतोष त्रिपाठी ने शिक्षक, शिक्षिकाओं को बताया कि योगी सरकार के महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा के प्रयासों को और मजबूती देने के लिए स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच और पॉवर एंजल्स के सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल शिक्षा के विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों से जुड़ी हुई है, जिसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देने से मीना मंच और पॉवर एंजल्स जैसे कार्यक्रमों के सफल संचालन में निरंतरता बनी रहेगी और बेहतर वातावरण सुनिश्चित होगा। महिला पुलिस सहायता केंद्र और महिला हेल्पलाइन नंबर जैसे कार्यक्रमों ने महिला सुरक्षा को नई दिशा दी है। इन पहलों के माध्यम से बालिकाओं को सुरक्षा और अधिकारों के बारे में जरूरी जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे उनका आत्मविश्वास और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस दौरान ब्लॉक कार्यक्रम सामान्यक स्वतंत्र पाठक, शिक्षक शिक्षिकाएं, कविता देवी, अरुन्या देवी, नीलम यादव, शशिकला गौतम, राधेश्याम पाठक सुमन मिश्रा, अनामिका सिह, कृष्णकुमार सिह कार्यक्रम में मौजूद रहें।

# समस्याओं का समाधान नहीं होने पर ब्लाक से लेकर जिले तक होगा धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के कुछ ग्राम पंचायतों में सड़क, नाली, पानी, साफ सफाई सहित कोटेदारों के द्वारा राशन कार्ड धारकों को पूरा राशन नही दिये जाने को लेकर दो बिंदुओं पर खंड विकास अधिकारी बढ़नी यशोवर्धन सिंह को भारतीय किसान युनियन टिकैत ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को खंड विकास कार्यालय के सामने परिसर में बैठक कर उपस्थित हुए किसानों के निम्न समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए एक ज्ञापन दिया है। वर्ष 2023 मार्च माह में ग्राम पंचायत घरुआर पी. डब्लू डी रोड के दक्षिण डीह,व ग्राम सभा धन्धरा टोला धन्धरी कलाँ, ग्रामसभा कोटिया बाजार में किताबुल डाक्टर के घर से दक्षिण तरफ मन्दिर के तरफ जाने के लिए रास्ता जाम है। आजतक न तो पानी निकलने का नाली बना और न ही कोटिया का गन्दा मलवा साफ कराया गया है। जिसकी अति शीघ्र जांच करके जल्द समस्या का समाधान करवाया जाये। अन्यथा किसान युनियन के कार्यकर्ता ब्लाक तहसील, जिला स्तर के लोग धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगे जिसकी जिम्मेदार आप की होगी। पूरे ब्लाक के कोटेदारों को तत्काल सक्रिये करा दें कि सरकार के दिये हुए राशन कार्ड धारको को नियामानुसार वितरण करें। अन्यथा उनके खिलाफ किसान यूनियन अपने हिसाब कार्यवाही करेगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उक्त संबंध में खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह का कहना है कि ज्ञापन के माध्यम से जो भी जानकारी दी गई है। उन समस्याओं का समाधान कराने का अश्वासन दिया गया है। उक्त अवसर पर भगवान दास घरुआर, फारूक अहमद रेकहट, गरीब यादव मिठवनिया, मो0 अली, नीमामती धनौरा बुजुर्ग, कमला देवी, सुर्यमती, मनुतरा, फरीश, इसरावती, विमला राधिका, अन्नी देवी, शालीका खातून, शान्ती, अनीता, कमलेश कुमारी, गुजराती, तैय्यब अली, आदि लोग उपस्थित रहे।



# किसान यूनियन के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय दिया धरना

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मिठवल ब्लाक के प्रांगण में सोमवार को किसान यूनियन (टिकैत) गुट के लोगों ने ब्लाक अध्यक्ष हाफिज अहमद चौधरी की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना/पंचायत किया गया जिसमें 11 मांगों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार दोपहर पूर्व सूचना पर किसान यूनियन (टिकैत) गुट के लोगों ने विकास खंड मिठवल पर अपनी मांगों के लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख मांगे नरेगा जाब कार्ड धारकों को काम दिलाया जाए । गांवों में शिविर लगाकर जाब कार्ड बनाये जाए कागजों के बजाय गांवों में खुली बैठक कराया जाय। महीने में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव अधिकारी दो दिन निवास करें ग्राम पंचायतों में नई प्रधानमंत्री आवास सूची व घरौनी ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर वितरण किया। सहारा इंडिया कम्पनी में किसान मजदूर छोटे व्यवसाईयों के फसे करोड़ों रुपए वापस दिलाते हुए कोर्ट के आदेशों का समुचित पालन किया जाए। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड प्रत्येक ग्राम में शिविर लगाकर बनाया जाए। ग्राम पंचायतों में बने समुदायिक शौचालयों की स्थिति ठीक करने के मांग के साथ 11 सूत्रीय मांगों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी सौरभ कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। मांगे को पूरा न होने पर एक वृहद आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रामसिंह बस्ती मंडल अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह हृदय राम बर्मा रामकृष्ण चौधरी राम दुलारे सिंह प्रमात्मा चौधरी राकेश श्रीवास्तव कपिल मणि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## ‘वनवास’ के बाद सत्ता

दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति को खारिज कर दिया। जनादेश भाजपा के पक्ष में रहा। उसे प्रचंड बहुमत मिला है, नतीजतन उसका 27 साल का ‘चुनावी वनवास’ समाप्त हुआ है। ‘आप’ सरकार में मुख्यमंत्री रहे केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज आदि चुनाव हार गए हैं। सुखद खबर है कि मुख्यमंत्री आतिशी अंतिम दौर में चुनाव जीतने में सफल रही हैं। केजरीवाल 4089 वोट और सिसोदिया सिर्फ 675 वोट से पराजित हुए। यह भाजपा की स्वाभाविक जीत नहीं, बल्कि केजरीवाल ब्रांड की सियासत का ‘अंधकूप’ में गिरना है। पूरा चुनाव केजरीवाल के इर्द-गिर्द सिमटा रहा। बेशक ‘आप’ चुनाव हारी है, लेकिन उसे 43.57 फीसदी वोट हासिल हुए हैं। सत्तारूढ़ होने वाली भाजपा को 45.56 फीसदी वोट मिले हैं। मात्र 2 फीसदी वोट का फासला रहा, लेकिन भाजपा ने 48 सीटों का ऐतिहासिक जनादेश हासिल किया, जबकि ‘आप’ 62 सीटों से लुढ़क कर 22 सीटों पर आ गई। यकीनन यह अप्रत्याशित जनादेश है। ‘आप’ का शीर्ष नेतृत्व पराजित हुआ है। इसके लिए केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं। यदि उनके साथ-साथ ‘आप’ की कट्टर ईमानदार, जन-लोकपाल वाली, भ्रष्टाचार-विरोधी और वैकल्पिक राजनीति वाली छवि भंग हुई है, तो दोष उन्हीं का है। आम मतदाता ने उनकी दोगली छवि को स्वीकार नहीं किया। केजरीवाल ने अपने मुख्य चुनावी वायदे भी पूरे नहीं किए और वह नया जनादेश मांगने सडक़ पर निकल पड़े। जनता ने उन्हें खारिज कर दिया।

एक सर्वेक्षण के दौरान लोगों ने बताया कि 2020 के जनादेश वाले कालखंड में केजरीवाल और ‘आप’ ने कुछ भी ‘नोटेबल’ नहीं किया, जिसके आधार पर एक और बार उन्हें जनादेश दिया जाए। यह निष्कर्ष भी सामने आया है कि दलित, महिला, मध्य वर्ग ने भाजपा के पक्ष में लबालब मतदान किया, नतीजतन भाजपा सत्ता तक पहुंच पाई। पिछले चुनाव तक ये समुदाय ‘आप’ के समर्थक और जनाधार माने जाते थे, क्योंकि केजरीवाल की नई छवि के साथ इन वर्गों ने उन्हें वैकल्पिक राजनीति का प्रतीक माना था। अब सब कुछ बेनकाब हो गया। केजरीवाल भी बुर्जुआ राजनेता साबित हुए। वह भी भ्रष्टाचारी और पैसावादी हैं। इस चुनाव ने सब कुछ बिखेर कर भी रख दिया, लेकिन अभी ‘आप’ का सफाया नहीं हुआ है। ‘आप’ अब भी एक राजनीतिक ताकत है, लेकिन केजरीवाल का पराजित नेतृत्व ही तय करेगा कि ‘आप’ के भविष्य का अस्तित्व क्या होगा? अलबत्ता इस चुनाव ने विपक्ष के ‘इंडिया’ वाले नेरेटिव और गठबंधन को ध्वस्त कर दिया है। लोकसभा चुनाव के जनादेश की व्याख्या यह की गई थी कि विपक्ष के पास कुल 234 सीटें हैं, लिहाजा वह मजबूत हुआ है। उसके बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली के चुनाव जीत कर भाजपा-एनडीए ने ‘इंडिया’ को लगभग बिखेर दिया है। इस चुनाव में ‘इंडिया’ के ही घटक दलों ने ‘आप’ का समर्थन किया और कांग्रेस का खुलेआम विरोध किया। नतीजा यह रहा कि कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में ‘शून्य’ रही। दिल्ली में 70 में से 68 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है।

## प्रकृति का अनमोल उपहार स्वास्थ्य


संजीव ठाकुर

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है। इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षो तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55 फीसदी हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टीबी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है।

ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**जो व्यक्ति डंकी रूट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज़ों, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि वह व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए भारतीय नागरिकों को कई देशों से होते हुए एक बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आमतौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है।**

# डंकी रूट : स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग


बलदेव राज भारतीय

हाल ही में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगाकर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। उनके साथ होने वाला यह दुर्व्यवहार नितांत निंदनीय है। यह अपमान वे कभी भूल नहीं पाएंगे। इससे भी ज्यादा भूलना मुश्किल होगा, उन्हें आई वो परेशानियां, जो उन्होंने झेली। वह आर्थिक नुकसान जिसकी भरपाई अब कभी नहीं हो सकेगी। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या जिनकी वीजा अवधि समाप्त होने के पश्चात वे वहीं पर रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। उनके लिए यह यात्रा केवल एक असफल प्रयास नहीं थी, बल्कि उनके हवाई सपनों के अंत की भी साक्षी थी। अब वे अमेरिका ही नहीं, बल्कि उन 20 अन्य देशों की यात्रा भी नहीं कर पाएंगे जो अमेरिकी वीज़ा नीति को अपनाते हैं। इसके साथ ही, उनके परिवारों के करोड़ों रुपये जो इस जोखिम भरी यात्रा में झोंक दिए गए थे, अब मिट्टी में मिल चुके हैं।

आज के समय में, बहुत से भारतीय युवा अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों में बसने का सपना देखते हैं। उन्हें लगता है कि डॉलर कमाना, रुपये कमाने की तुलना में कहीं अधिक आसान है। लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे ‘डंकी रूट’ कहा जाता है। यह रूट जीवन को वैभवशाली और विलासितापूर्ण बनाने के लिए शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को भारी जोखिमों का सामना करना पड़ता है–जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी समस्याएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने के लिए एक नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रूट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज़ों, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि वह व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए भारतीय नागरिकों को कई देशों से होते हुए एक बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आमतौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे मुश्किल और खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्करी गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बनाकर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर स्थित रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता को दर्शाते हैं।



अगर कोई व्यक्ति इस खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो उसकी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या फिर कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि वह अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीड़न का झूठा दावा करते हैं–वे कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या फिर भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा है। कुछ लोग तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं, ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें।

हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। अगर किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि उसे आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती। अमेरिका से डिपोर्ट किए जाने वाले आप्रवासियों को केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि 20 अन्य देशों में भी प्रवेश से वंचित कर दिया जाता है। इन देशों में कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और शेंगेन वीजा वाले यूरोपीय देश शामिल हैं। इसका मतलब यह है कि जिन लोगों ने अवैध रूप से अमेरिका जाने के लिए अपनी पूरी संपत्ति लगा दी थी, अब वे वैध तरीकों से भी विदेश यात्रा नहीं कर सकते। यह एक तरह से उनके लिए आजीवन निष्कासन जैसा होता है।

भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, ऐसे हजारों एजेंट सक्रिय हैं जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30 से 50 लाख रुपये तक वसूलते हैं और उन्हें यह यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। हालांकि, इन एजेंटों का असली मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता है। वे किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की कोई गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। हाल ही में, भारतीय सरकार ने ऐसे एजेंटों पर नकेल कसने की कोशिश की है, लेकिन यह नेटवर्क इतना संगठित है कि इसे पूरी तरह खत्म करना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे केवल अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की भी जिंदगी दांव पर लगा देते हैं। जब वे डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका पूरा परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर और जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। इसके अलावा, डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में ही लापता हो जाते हैं या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षों तक यह नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ। अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में अधिक जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि वह ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए भारत में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को यह समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना कोई आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए। अवैध तरीकों से विदेश जाने की कोशिश न केवल उनके जीवन को खतरे में डालती है, बल्कि उनके परिवार की खुशियों को भी बर्बाद कर देती है।

# इन महिलाओं के लिए कोई काम छोटा नहीं

**संगीता चौपाल लगा कर छोटी छोटी मूर्तियां बेचती हैं। इसमें अधिकतर गणेश जी की मूर्तियां हैं। वह कहती हैं कि लोग सबसे अधिक विघ्न नाशक की मूर्ति खरीदना चाहते हैं। इसलिए डिमांड को देखते हुए उनकी दुकान पर गणेश जी की मूर्ति ज़्यादा नज़र आएगी। वह कहती हैं कि अक्सर त्योहारों के मौसम में इन मूर्तियों की डिमांड काफी बढ़ जाती है। जिससे उनकी काफी अच्छी आमदनी हो जाती है। संगीता बताती हैं कि वह इन सारी मूर्तियों को खुद बनाती हैं। संगीता के तीन बच्चे हैं और सभी स्कूल में पढ़ने जाते हैं। 12वीं तक पढ़ी संगीता कहती हैं वह शिक्षा के महत्व को बखूबी पहचानती हैं।**


रुखसाना

वैसे तो पूरा राजस्थान ही अपने आप में पर्यटन का केंद्र है, लेकिन अजमेर उनमें से अलग है। अरावली पर्वत श्रृंखला स्थित तारागढ़ पहाड़ की ढाल पर बसे इस शहर में पर्यटकों के साथ साथ बड़ी संख्या में सालों भर तीर्थ यात्रियों और जायरीन के आने का तांता लगा रहता है। इसी शहर में स्थित आनासागर झील को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इतिहासकारों के अनुसार इसका निर्माण पृथ्वीराज चौहान के दादा आणाजी चौहान ने कराया था। उनके नाम पर ही इस झील का नामकरण किया गया है। बाद के राजाओं और मुगल बादशाहों ने इस झील की सुंदरता को बढ़ाने के लिए कई कार्य किए। इसी झील के पास स्थित सुभाष गार्डन के करीब कई महिलाएं छोटे स्तर पर दुकान चलाकर न केवल परिवार का भरण पोषण कर रही हैं बल्कि सशक्तिकरण की एक नई परिभाषा भी लिख रही हैं।

इसी सुभाष गार्डन के पास 35 साल की शांति देवी चाय की अपनी छोटी सी दुकान चलाती हैं। यह जगह सालों भर देश विदेश के पर्यटकों से गुलज़ार रहता है। घर की आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए वह पिछले कई वर्षो से यहां चाय की दुकान चला रही हैं। पति के जाने के बाद से वह अपनी दो बेटियों और एक बेटा का पालन पोषण इसी दुकान से करती हैं। वह प्रतिदिन 500 से 600 रुपए कमा लेती हैं। जिससे उनके परिवार का गुजर बसर होता है। शांति देवी के काम में मदद के लिए उनकी बेटियां भी दुकान संभालती हैं। इसके लिए उन्होंने अपनी पढ़ाई भी छोड़ दी है। वह कहती हैं कि स्कूल से जुड़े कामों में पैसे लगते हैं। कॉपियाँ खरीदने और अन्य प्रैक्टिकल कामों में पैसे खर्च होते हैं। दुकान से इतनी ही आमदनी होती है जिससे घर का गुजारा चल सके। इसलिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ कर मां के काम में हाथ बटाना शुरू कर दिया है।



50 वर्षीय समीना भी सुभाष गार्डन के बाहर फुटपाथ पर अपनी छोटी सी अस्थाई दुकान चलाती हैं। जिसमें खिलौने, खट्टी-मीठी गोलियां और बिस्कुट होती हैं। पति के गुजरने के बाद अपने 4 बच्चों के लालन पालन के लिए उन्होंने इस दुकान को शुरू किया था। गार्डन घूमने आए छोटे बच्चे उनकी दुकान की ओर काफी आकर्षित होते हैं। जिससे उनकी आमदनी हो जाती है। वह एक दिन में 400 से 500 रुपए तक कमा लेती हैं। वह किराये के मकान में रहती हैं। ऐसे में उनकी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा किराये में निकल जाता है। समीना पिछले 14 वर्षों से सुभाष गार्डन के बाहर अपनी दुकान लगा रही हैं। वह बताती हैं कि इस दुकान को लगाने में उन्हें अक्सर कठिनाइयों आती हैं। कई बार नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उन्हें अपनी दुकान को हटाने की चेतावनी देते रहते हैं। जिसे मैनेज करने के लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ती है। वह कहती हैं कि नगर निगम द्वारा संचालित स्थाई दुकान के लिए काफी पैसे खर्च करने पड़ेंगे। जो उनके बजट से बाहर है। इसलिए वह फुटपाथ पर दुकान लगाकर परिवार का पेट पाल रही हैं।

मैमूना भी शांति देवी और समीना की तरह ही सुभाष गार्डन के बाहर चाय की दुकान चलाती हैं। जिसमें बिस्कुट की अलग अलग वैरायटी के अलावा कुछ अन्य सामान भी हैं। यह एक प्रकार की परचून की छोटी दुकान की तरह है। दुकान के काम में उनके पति भी मदद करते हैं। वह नागफनी की रहने वाली हैं जो अजमेर से करीब 15 किमी दूर है। प्रतिदिन मैमूना और उनके पति नागफनी से सुभाष गार्डन आना जाना करते हैं। मैमूना की तीन लड़कियां और एक लड़का है। जो अब बड़े हो चुके हैं और घर पर ही रहते हैं। किसी बच्चों ने पढ़ाई नहीं की है। वह कहती हैं कि सुबह सुबह वह अपने पति के साथ दुकान पर चली आती थी। ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजने का समय नहीं होता था। इसलिए बच्चे कभी स्कूल नहीं गए। मैमूना कहती हैं कि आनासागर झील की वजह से सुभाष गार्डन में सालों भर सैलानियों की आवाजाही बनी रहती है। जिससे दुकान की आमदनी बनी रहती है। झील घूमने के बाद थके हुए लोगों को चाय की तलब उनके दुकान तक खींच लाती है।

सुभाष गार्डन से कुछ ही दूरी पर स्थित फव्वारा चौक पर 51 वर्षीय सुंदर देवी ठेले पर भुट्टा की दुकान चलाती हैं। वह पिछले 25 सालों से यहां लोगों को ताज़े भुने हुए भुट्टे खिलाती हैं। इससे प्रतिदिन उनकी 300 रुपए की आमदनी हो जाती है। वह बताती हैं कि 15-16 साल की उम्र से ही वह काम करने लगी थी। शादी के कुछ सालों बाद पति ने उन्हें छोड़ दिया। जिसके बाद वह अकेले ही घर की ज़िम्मेदारी उठा रही हैं। सुंदर देवी अजमेर शहर के पास ही अपने बच्चों के साथ एक किराये के मकान में रहती हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उनके बच्चे स्कूल नहीं जा सके। अब वह मां के साथ ही उनके काम में हाथ बंटाते हैं। वह कहती वैसे तो हर समय उनके भुट्टे थोड़े थोड़े बिकते रहते हैं। लेकिन सबसे अधिक शाम के समय इसकी डिमांड बढ़ जाती है जब लोग चाय की चुस्कियों के साथ नींबू मसाले लगे भुट्टे खाना पसंद करते हैं।

फव्वारा चौक के पास ही 35 वर्षीय संगीता चौपाल लगा कर छोटी छोटी मूर्तियां बेचती हैं। इसमें अधिकतर गणेश जी की मूर्तियां हैं। वह कहती हैं कि लोग सबसे अधिक विघ्न नाशक की मूर्ति खरीदना चाहते हैं। इसलिए डिमांड को देखते हुए उनकी दुकान पर गणेश जी की मूर्ति ज़्यादा नज़र आएगी। वह कहती हैं कि अक्सर त्योहारों के मौसम में इन मूर्तियों की डिमांड काफी बढ़ जाती है। जिससे उनकी काफी अच्छी आमदनी हो जाती है। संगीता बताती हैं कि वह इन सारी मूर्तियों को खुद बनाती हैं। संगीता के तीन बच्चे हैं और सभी स्कूल में पढ़ने जाते हैं। 12वीं तक पढ़ी संगीता कहती हैं वह शिक्षा के महत्व को बखूबी पहचानती हैं। इसलिए वह अपने बच्चों को खूब पढ़ाना चाहती हैं। वह कहती हैं कि मैं तो बहुत पढ़ नहीं सकी लेकिन चाहती हूं कि मेरे बच्चे पढ़े और बड़े अफसर बने।

आजीविका के लिए इन महिलाओं का संघर्ष लोगों को भले ही आम लगता होगा, लेकिन इस पुरुषवादी समाज में जहां कदम कदम पर महिलाओं के लिए चुनौतियाँ खड़ी की जाती हों, उन्हें आगे बढ़ने से रोका जाता हो, वहां यह महिलाएं अपने आप को स्थापित कर रही हैं। वह बता रही हैं कि उनका यह संघर्ष केवल परिवार के लिए नहीं है बल्कि उन प्रत्येक महिलाओं के लिए है जो आर्थिक रूप से सशक्त होना चाहती हैं। (चरखा फीचर्स)


# यूनीफार्म सिविल कोड इस्लाहात, मुज़ाहमत और उगला रास्ता

**इंशा वारिसी**

**उत्तराखंड यू.सी.सी. के दायरे में रजिस्टर करना ज़रूरी होगा, उसके मख़सूस शकूक में से एक है। कपल्स (जोड़े) जो अपने निकाह रजिस्टर करने में नाकाम होंगे, वो हुकूमती फ़वाइद की रसाई हासिल करने के ख़तरात से दो-चार होंगे। जबकि लिव इन रिलेशनशिप जो क़ानूनी इबहाम में था, अब वो रस्मी तौर पर दस्तावेज़ी होगा। ये यक़ीनी बनाने के लिए कि दोनों अहबाब की क़ानूनी हिफ़ाज़त हो, ऐसे ताल्लुक़ात से जब बच्चे पैदा होते हैं तो वो जायज़ क़रार दिए जाऐंगे। ये क़ानून वाज़ेह तौर पर मुसलमानों के साथ ताल्लुक़ रखने वाले मुतनाज़ा आमाल को रोकते हैं, जैसा कि हलाला, बच्चे की शादी और तीन तलाक़। दानिशवरों ने इस कोशिश को औरतों को क़वी बनाने के तौर पर देखते हैं, रजत-पसंदी तर्ज़-ए-अमल को दूर कर के।**

उत्तराखंड ने यूनीफार्म सिविल कोड (यू.सी.सी. 27 जनवरी, 2025 में नाफ़िज़ कर दिया है। ऐसा करने वाला हिन्दुस्तान में ये पहली रियासत है। ये क़दम उत्तराखंड हुकूमत के ज़रिये ली गई है जो ज़ाती क़वानीन में कुछ मोतबर तबदीलियां पेश करेंगे, जैसे गोद लेने, विरासत, तलाक़ और निकाह शामिल है। रियासती असेंबली ने इस क़ानून को फरवरी 2024 में पास किया था जिसका मक़सद यकसाँ क़ानूनी निज़ाम बनाना था तमाम शहरियों के लिए, उनके मज़हबी अक़ाइद को क़ता-ए-नज़र हो कर जारी होना था। ये अमल औरतों को तमाम क़ौमों के अंदर मसावी हुक़ूक़ देंगे, उसकी बहुत तारीफ़ की जा रही है, जैसा कि ये क़दम सनफ़ी मसावात के लिए है। इससे क़ता-ए-नज़र हो कर, बहसें जारी हैं और इसके बारे में तशवीश भी है, ख़ासकर के मज़हबी अक़लियतों के जानिब से, वो तशवीश ज़ाहिर करते हैं कि यू.सी.सी. उनके अपने क़वानीन और रिवायात को ख़त्म कर देगा

निकाह, लिव इन रिलेशनशिप (एक साथ रहने वाले ताल्लुक़ात) उत्तराखंड यू.सी.सी. के दायरे में रजिस्टर करना ज़रूरी होगा, उसके मख़सूस शकूक में से एक है। कपल्स (जोड़े) जो अपने निकाह रजिस्टर करने में नाकाम होंगे, वो हुकूमती फ़वाइद की रसाई हासिल करने के ख़तरात से दो-चार होंगे। जबकि लिव इन रिलेशनशिप जो क़ानूनी इबहाम में था, अब वो रस्मी तौर पर दस्तावेज़ी होगा। ये यक़ीनी बनाने के लिए कि दोनों अहबाब की क़ानूनी हिफ़ाज़त हो, ऐसे ताल्लुक़ात से जब बच्चे पैदा होते हैं तो वो जायज़ क़रार दिए जाऐंगे। ये क़ानून वाज़ेह तौर पर मुसलमानों के साथ ताल्लुक़ रखने वाले मुतनाज़ा आमाल को रोकते हैं, जैसा कि हलाला, बच्चे की शादी और तीन तलाक़। दानिशवरों ने इस कोशिश को औरतों को क़वी बनाने के तौर पर देखते हैं, रजत-पसंदी तर्ज़-ए-अमल को दूर कर के। मज़ीदबराँ, यू.सी.सी. तमाम अक़ाइद के औरतों को मसावी क़ानूनी दर्जात देने के लिए पुख़्ता हिदायात देता है। विरासत और मिल्कियत के हुक़ूक़ के मसाइल को हल कर के, माज़ी में मज़हबी क़वानीन के पिदराना तशरीहात बहुत सारे औरतों के ख़िलाफ़ इम्तियाज़ी सुलूक का सबब बनते थे विरासत के मामलात में। इन इख़्तिलाफ़ात को हल करने के लिए और उनकी हक़ीक़ी विरासत की हिफ़ाज़त औरतों को देने के लिए, यू.सी.सी. ने मसावी क़ानूनी हुक़ूक़ में इस्लाहात की है। दूसरी तबदीली ये है कि ये तमाम शहरियों के लिए क़ानूनी अमल आसान बना देगा एक मरकज़ी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम की बुनियाद डाल कर, जो कॉमन सेंटर(सीएससीएस) के ज़रिये होगा। हुक़ूमत ने निज़ाम की मुअस्सरियत जांचने के लिए उसके नफ़ाज़ से क़बल एक वसीअ पैमाने पर मश्क़ के तहत 7,000 से ज़ाइद अफ़सरान की शनाख़्तें और 3,500 से ज़ाइद डमी रजिस्ट्रेशनज़ तख़लीक़ कीं।




इसके लिए तरक़्क़ी याफ़ता पहल के बावजूद, यू.सी.सी. ने मज़हबी अकलियती लोगों को चौंका दिया है, ख़ासकर के मुसलमान जिनको ख़ौफ़ है कि उनकी मज़हबी आज़ादी ख़त्म हो जाएगी। आर्टीकलज़ 25-28 हिन्दुस्तानी क़ानून के मुताबिक़, मज़हबी आज़ादी का हक़ दिया गया है, बहुत से नाक़िदीन ने बेहस किया है कि यूनीफार्म पर्सनल ला इन हुक़ूक़ के ख़िलाफ़वरज़ी करेंगे। ये तज़ादात यकसाँ सिविल कोड के हक़ीक़ी माअनों में आलमगीर क़ानूनी इस्लाह होने के बारे में ख़दशात को हवा देते हैं। ये समझना ज़रूरी है कि इस्लाम इस ज़मीन के क़ानून की इज़्ज़त करने के लिए खुद मुज़म्मत नहीं करता है। मुसलमान को वाज़ेह तौर पर क़ुरआन में कहा गया है कि वो हुकूमत करने वाली जमात का मुतीअ बन कर रहेंगे, जब तक मज़हबी आज़ादी की हिफ़ाज़त होगी। हज़रत मुहम्मद साहब ने इस नज़रिया को दुबारा साबित किया है, कि शहरी ज़िम्मेदारी और ईमान एक साथ रह सकते हैं, मुंसिफ़ हुक्मराँ की इताअत करने के फ़र्ज़ पर ज़ोर देते हुए। यूनीफार्म फ़ैमिली ला कामयाबी के साथ मुस्लिम अक्सरियती ममालिक में नाफ़िज़ किए गए हैं, जैसा कि तिवनिस और तुर्की में,मज़हबी अक़ाइद के ख़िलाफ़वरज़ी के बग़ैर। इसी तरह, गोवा में, जो सिर्फ वाहिद हिन्दुस्तानी रियासत है। दाइमी शहरी क़ानून एक लंबे अर्से से मौजूद है, ये ज़ाहिर करता है कि मुख़्तलिफ़ मज़हबी अक़्वाम एक जैसे क़वानीन के अंदर रह सकते हैं।

ये ज़रूरी है कि तमाम लोगों के ख़्यालात को शामिल किया जाये, अगर दूसरे हिन्दुस्तानी रियासतें यू.सी.सी. के नफ़ाज़ के बारे में सोच रहे हैं। किसी भी क़ौम को इख़राज की सोच को रोकने के लिए, इस्लाहात मुकालमात के ज़रिये होना ज़रूरी है, ना कि किसी तरह से नफ़ाज़ किया जाये। यू.सी.सी. इस बात की सलाहियत रखता है कि इम्तियाज़ी सुलूक को ख़त्म करने और औरतों के हुक़ूक़ को तरक़्क़ी देने के लिए, लेकिन इसका नफ़ाज़ मुंसिफ़ाना होना ज़रूरी है। यू.सी.सी. एक मॉडल है हिन्दुस्तान में क़ानूनी मसावी के लिए अगर उसे सही और हस्सास तरीक़े से इसके अमल में नफ़ाज़ किया गया हो और ये मुल्क का अज़्म मुआशरती हम-आहंगी और इन्साफ़ को मज़बूत करेगा।

# 60 हजार पदों के लिए आज से दौड़ परीक्षा, रोजाना 10 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

अवधनामा संवाददाता



■ 60 हजार पदों के लिए आज से दौड़ परीक्षा, रोजाना 10 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल, ये चीजें बैन

**लखनऊ।** सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए दौड़ की परीक्षा (पीईटी) सोमवार से शुरू होगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण के तहत होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल होगा और चरित्र प्रमाण मांगे जाएंगे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड परीक्षा का आयोजन पीएसी की 12 वाहिनियों में करा रहा है, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रोजाना करीब 10 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

बता दें कि भर्ती बोर्ड ने दौड़ परीक्षा के पहले चरण के तहत करीब 1.20 लाख प्रवेश पत्र जारी किए हैं। वहीं सोमवार को शेष करीब 40 हजार अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी होने हैं। परीक्षा का आयोजन 27 फरवरी तक होना है। परीक्षा का आयोजन 45वीं वाहिनी अलीगढ़, 12वीं वाहिनी फतेहपुर, 8वीं वाहिनी बरेली, 9वीं वाहिनी मुरादाबाद, 26वीं वाहिनी गोरखपुर, 37वीं वाहिनी कानपुर, 33वीं वाहिनी झांसी, 35वीं वाहिनी लखनऊ, 6वीं वाहिनी मेरठ, 47वीं वाहिनी गाजियाबाद, 20वीं वाहिनी आजमगढ़ और 39वीं वाहिनी मिर्जापुर में किया जाएगा। बोर्ड ने पीईटी के दौरान कलाई घड़ी पहनना प्रतिबंधित है। कुछ अभ्यर्थियों के इसके इस्तेमाल के अनुरोध पर विचार करके बोर्ड ने परीक्षा स्थल पर डिजिटल घड़ी का प्रबंध किया है। परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को 25 मिनट में 4.8 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 14 मिनट में 2.4 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी।

### समिति कराएगी परीक्षा

परीक्षा बोर्ड द्वारा गठित समिति द्वारा कराई जाएगी, जिसमें डीएम द्वारा नामित एक एसडीएम, सीएमओ द्वारा नामित डॉक्टर, कमिश्नर/एसएसपी द्वारा नामित डिप्टी एसपी शामिल हैं। सफल एवं असफल अभ्यर्थियों की सूची समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर कर जारी की जाएगी। परीक्षा का परिणाम दिन की समाप्ति पर सूचना पट पर प्रदर्शित करना होगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से उनके प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र, मूल आधार कार्ड के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा है। यदि कोई अभ्यर्थी नियत तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहने में असफल रहता है तो वह समिति को वजह बताते हुए प्रत्यावेदन दे सकता है। यह उसे खुद अथवा किसी प्रतिनिधि के जरिए देना होगा। डाक, ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से भेजा गया प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।

# माघी पूर्णिमा पर 135वी आदि गंगा मा गोमती महाआरती 12 को

**लखनऊ।** सनातन महासभा द्वारा 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर 135वी आदि गंगा मा गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन झूलेलाल घाट पर शाम 6 बजे किया जायेगा। अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि 07 मंचो से भव्य महाआरती हरिद्वार की तर्ज पर संतो के समागम के साथ होगी। अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि महाकुंभ के अवसर पर संस्कृति विभाग व सांस्कृतिक संध्या के साथ नवांशिका फाउंडेशन द्वारा गंगावतरण नृत्य नाटिका का मंचन होगा और मद्य निषेध विभाग द्वारा मद्य निषेध पर जादूगरों द्वारा जादू भी दिखाया जाएगा और जिला कोर्ट द्वारा विधिक परामर्श शिविर के साथ दिव्यांगजनो को ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, सुनने के लिए कान मशीन व लिंब भी वितरित किये जायेंगे और संतो व समाजसेवियों को सनातन शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया जाएगा और 11 विशेष धर्म विस्तार में संलग्न लोगो को कृपाण धारण कराया जाएगी साथ भोजन प्रसाद का वितरण भी होगा।

# विधानसभा कूच कर रहीं आशा वर्करों को पुलिस ने रोका

अवधनामा संवाददाता



■ नोकझोंक के बाद उप मुख्यमंत्री से मिलने भेजा
■ प्रतिनिधिमंडल को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मुलाकात के लिए भेजा

**लखनऊ।** बकाया मानदेय का भुगतान और मानदेय बढ़ाने की मांग के लिए विधानसभा कूच कर रहीं आशा वर्करों को पुलिस ने आरक्षण केन्द्र के पास रोक लिया। कुछ देर चली नोकझोंक के बाद प्रशासन ने आशा वर्करों के प्रतिनिधिमंडल को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात के लिए भेजा गया।

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन के बैनर तले प्रदेश भर की आशा वर्कर चारबाग स्टेशन के बाहर एकत्र हुए थी। यहां काफी देर तक नारेबाजी करने के बाद आशा कर्मचारियों ने विधानभवन का घेराव करने के लिये कूच कर दिया। पहले से मौजूद पुलिस ने उन्हें आरक्षण केंद्र के पास रोक लिया।

पुलिस ने मांगों के संबंध में 11 लोगों के प्रतिनिधिमंडल को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मुलाकात के लिए भेजा। यूनियन की जिला सचिव मीरा प्रजापति ने कहा कि फरवरी 2024 को शासन से वार्ता में 2019 दिसंबर से 2021 तक आशा संगिनी को 750 रुपए कोविड के योगदान में प्रोत्साहन के रूप में देने की बात कही गई थी।

इसके अलावा 1000 प्रतिमा 24 महीने के भुगतान का भी वादा किया गया था जिसे पूरा नहीं किया गया। खरगापुर से आई सीमा देवी ने बताया कि विगत 6 सालों से आशा के रूप में सेवाएं दे रही हैं। आशा वर्कर की स्थिति बेहद खराब है। बच्चों की टीकाकरण से लेकर गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी तक हर एक काम हम लोग कर रहे हैं मगर कोई निर्धारित वेतन नहीं मिल रहा है।

# एएमयू के लंच में बीफ बिरयानी

अवधनामा संवाददाता

■ दो छात्रों और प्रोवोस्ट पर मुकदमा, गरमाई सियासत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सर सुलेमान हॉल में लंच में बीफ बिरयानी को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हुए नोटिस का पुलिस ने संज्ञान लिया है। इस मामले में हॉल के दो छात्रों व प्रोवोस्ट के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया हैं। यह मुकदमा खुद पुलिस की ओर से दर्ज किया गया है। वहीं, एएमयू इंतजामिया ने दोनों छात्रों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

यह नोटिस 8 फरवरी को सर सुलेमान हॉल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया था। जिसमें 9 फरवरी को लंच में चिकन बिरयानी के बजाय बीफ बिरयानी करने का उल्लेख था। यह नोटिस हॉल के सीनियर डायनिंग छात्र मो. फैयाजुल्लाह व दूसरे सीनियर डायनिंग छात्र मुजस्सिम अहमद भाटी की ओर से चस्पा किया गया था। देर रात यह नोटिस सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद इसका विरोध शुरू हुआ। साथ में एएमयू परिसर में भी कुछ छात्रों ने इसका विरोध किया। कार्रवाई की आवाज उठी।

इसी का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों के निर्देश पर सिविल लाइंस के भमौला चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार धामा ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दोनों सीनियर छात्रों के साथ-साथ हॉल के प्रोवोस्ट प्रो. फासिह राघिव गौहर को आरोपी बनाया गया है। मुकदमे में उल्लेख है कि इसका निमंत्रण पत्र इनके द्वारा जारी किया गया है। जिसमें उल्लेखित उत्पाद आम जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले हैं। जिससे कानून व्यवस्था खराब होने की पूरी संभावना है। इसी आधार पर बीएनएस की धाराओं में तीनों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं एएमयू के प्राक्टर प्रोफेसर वसीम अली ने बताया कि मामले में दोनों छात्रों को नोटिस जारी किए गए हैं।

# दबंगई : घर में खाना बना रही महिला में मारी गोली

**मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र के गांव पहलवरिया में एक महिला शाम को खाना बना रही थी उसे महिला के साथ कुछ और भी लड़कियां चूल्हे पर बैठी हुई थी 5 फरवरी समय करीब शाम को 7:00 बजे का था हंसी खुशी महिलाएं आपस में बात कर रही थी तभी अचानक कुछ व्यक्ति बाहर बाउंड्री से अंदर झांकने लगे जिससे पहले महिलाएं को समझ पाती उन्हीं लोगों में से एक व्यक्ति ने हथियार निकालकर गोली चला दी वह गोली नीतू नाम की महिला के कंधे में ज्यादा हंसी हंसी-खुशी के माहौल में चीख पुकार होने लगी कुछ समय बाद आसपास के काफी लोग आ गए घायल अवस्था में महिला को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें महिला का इलाज चल रहा है परिवरीजनों से उक्त मामले में पूछा गया तो परिवारी जनों के द्वारा अपने रिश्तेदारों धर्म सिंह व उसके दो पुत्रों मनोज वह देवदत्त एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना महावन में अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया सदर तहसील का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सोमवार को सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार कानूनगो (आर.के) पटल का निरीक्षण करते हुए पंजिकाओं का अवलोकन किया, तहसील में न्यायालयों से जारी आदेशों के रजिस्टर एवं खतौनी में दर्ज किए जाने का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने तहसील हवालात, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर रूम को देखा तथा विभिन्न रजिस्टरों को जांचा।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर वैभव कुमार, तहसीलदार सदर सौरभ यादव तथा नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि कोर्ट से जारी होने वाले आदेशों को प्रतिदिन दर्ज किया जाए। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तथा समयावधि में किया जाए। उन्होंने तहसील आए वादी, प्रतिवादी तथा फरियादियों से चर्चा कर तहसील का फीडबैक लिया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान तहसील में मिली गंदगी पर नाराजगी जाहिर की। जगह जगह गंदगी मिली, जिसपर जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील परिसर में उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उप जिलाधिकारी तहसील परिसर में साफ सफाई का नियमित निरीक्षण करे। उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार दोनों लोग मिलकर तहसील से गंदगी साफ कराएं। तहसील में आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं, आम जनमानस आदि के लिए शौचालय की व्यवस्था करें।

# इण्टरनेशनल टीचर्स ओलम्पियाड में शिक्षिकाएं गोल्ड मेडल से सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की चार शिक्षिकाओं श्वेता पठानिया मिश्रा, तनुश्री रस्तोगी, दीप्ति मेहरोत्रा एवं रितु गुप्ता को उनकी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल हेतु गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया है।

सी.एम.एस. शिक्षिकाओं ने यह उपलब्धि इण्टरनेशनल क्रेस्ट टीचर ओलम्पियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अर्जित की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि जहाँ एक ओर सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका श्वेता पठानिया मिश्रा ने क्रेस्ट टीचर मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है तो वहीं दूसरी ओर तनुश्री रस्तोगी ने दो गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है। इसी प्रकार, दीप्ति मेहरोत्रा ने क्रेस्ट टीचर इंग्लिश ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल जीता है जबकि रितु गुप्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। शिक्षिकाओं की यह उपलब्धि शिक्षण के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को दर्शाती है।

# श्री सीमेंट ने बांगुर मार्बल सीमेंट के विस्तार के साथ प्रीमियम पोर्टफोलियो को किया मजबूत

अवधनामा संवाददाता




■ पटना में पेश किया उत्पाद

**पटना।** भारत के शीर्ष सीमेंट निर्माताओं में से एक श्री सीमेंट लिमिटेड ने बांगुर मार्बल सीमेंट के लॉन्च के साथ अपने प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार किया है, जो एक उच्च प्रदर्शन वाला पोर्टलैंड स्लैग सीमेंट (पीएससी) है जिसे बेहतरीन चमक, मजबूती और दरार प्रतिरोध के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उत्पाद उच्च-स्तरीय निर्माण के लिए तैयार किया गया है, जो उजागर कंक्रीट संरचनाओं में स्थायित्व सुनिश्चित करता है। झारखंड के रांची में अपने शुरुआती लॉन्च के बाद, उत्पाद को बिहार के पटना में पेश किया गया, और पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में आगे विस्तार की योजना बनाई गई है। बांगुर मार्बल सीमेंट को बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 2,000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं के माध्यम से वितरित किया जाएगा, जिसमें इन-स्टोर प्रदर्शन इसकी उन्नत विशेषताओं को उजागर करेंगे।

श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीरज अखौरी ने नवाचार के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, 'बांगुर मार्बल सीमेंट को आधुनिक निर्माण मांगों को पूरा करने के लिए इंजीनियर किया गया है, जो सौंदर्य अपील और दीर्घकालिक स्थायित्व दोनों प्रदान करता है।' उत्पाद की पर्यावरण-अनुकूल संरचना में ग्राउंड ग्रेन्युलेटेड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग (GGBS) शामिल है, जो संरचनात्मक मजबूती को बढ़ाते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है।

अपने रणनीतिक स्थान और बढ़ती बुनियादी ढांचे की जरूरतों के साथ, आसनसोल में बांगुर मार्बल सीमेंट की मजबूत मांग देखने को मिलेगी। बिल्डरों और खुदरा विक्रेताओं का अनुमान है कि इसकी उच्च चमक और बेहतर स्थायित्व इसे शहर में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों परियोजनाओं के लिए पसंदीदा विकल्प बना देगा। इस लॉन्च के साथ, श्री सीमेंट ने अपने प्रीमियम लाइनअप को और मजबूत किया है, जिसमें जंगरोधक, रॉकस्ट्रॉन्ग, पावरमैक्स, मैग्ना और रूफन शामिल हैं, जो प्रीमियम सीमेंट सेगमेंट में अपने बाजार नेतृत्व को मजबूत करता है।

# बासोड़ा पूजा की अनुमति को हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच में दायर की याचिका

अवधनामा संवाददाता

■ शाही मस्जिद ईदगाह में पूजा करने पर रोक लगा रखी है हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट, मथुरा के अध्यक्ष, सिद्धपीठ मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर भृगुवंशी आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच के समक्ष हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आदेश के विरूद्ध एक याचिका दायर की है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट, मथुरा के अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने मुख्य वादी की हैसियत से इन पर्सन स्वयं एवं वादी नम्बर 6 भगवान केशव देव लड्डुगोपाल जी की ओर से एवं वादी नम्बर 3,4,5 की ओर से अधिवक्ता रीना एन सिंह द्वारा एक याचिका दायर की गयी। इस याचिका में उन्होंने शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी द्वारा श्रीकृष्ण कूप पर बसोड़ा पूजा में बाधा डालने से रोकने और पुलिस प्रशासन से महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने की प्रार्थना की है। बसोड़ा पूजा होली के आठ दिन बाद शीतला सप्तमी और अष्टमी को श्रीकृष्ण कूप पर की जाती है। जो एक प्राचीन परंपरा है। हालांकि, इस बार मुस्लिम पक्ष द्वारा पूजा करने से मना किया जा रहा है। श्रीकृष्ण कूप शाही ईदगाह में स्थित है। जिसे वास्तविक श्रीकृष्ण जन्मस्थान माना जाता है। इसके अतिरिक्त, शाही ईदगाह पर बिजली चोरी के कारण एफआईआर दर्ज की गई है और 3 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जा चुका है। शाही ईदगाह के नाम पर कोई संपत्ति नहीं है और सभी जानते हैं कि यह वास्तविक श्रीकृष्ण जन्मभूमि है। बतादें कि पूर्व में इस विवाद के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट द्वारा दायर एक याचिका पर रोक लगा दिया था।

# 'एनर्जी टास्क फोर्स में पैरामीटर मनमाने तरीके से अनुमोदित कराना पारदर्शिता का उल्घंन'

अवधनामा संवाददाता

■ आने वाले समय में बडी जांच का बनेगा मामला : उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** दक्षिणांचल व पूर्वांचल के अंतर्गत 42 जनपदों का निजीकरण करने के लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर की सेवा शर्तों में दी गई शिथिलता के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक लोक महत्व जनहित प्रतिवेदन सौंपते हुए यह मुद्दा उठाया की कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हितों का टकराव) जो महत्वपूर्ण पैरामीटर होता है उसको लगभग खत्म सा कर दिया गया है इसी प्रकार 500 करोड़ से 200 करोड़ टर्नओवर किए जाने का मामला हो या चाहे सबसे गंभीर जो मुद्दा है कंसल्टेंट को सबलेट ऑफ वर्क यानी आगे भी कुछ मुख्य सेवाओं के लिए कंसल्टेंट रखने का अधिकार दिया गया है जो पूर्णतया गलत है कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट एक ऐसा गंभीर मामला है कि उस पर पहले सख्त प्रावधान बनाया गया और उसे बाद में शिथिल किया गया जो ट्रांजैक्शन एडवाइजर रखे जाने के पहले ही बडे विवाद को जन्म दे रहा है। यह पूरी प्रक्रिया केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीबीसी )द्वारा बनाई गई गाइडलाइन का खुला उल्लंघन है उपभोक्ता परिषद में सीबीसी गाइडलाइन की एक प्रति, भी विद्युत नियामक आयोग को अपने प्रत्यावेदन के साथ सौपा है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा शुरू से ही पावर कॉरपोरेशन लगातार एनर्जी टास्क फोर्स से कभी कोई पैरामीटर कभी कोई पैरामीटर अनुमोदित कराकर विवाद उत्पन्न कर रहा है आने वाले समय में यह बडे जांच का मामला बनेगा जिस प्रकार से एनर्जी टास्क फोर्स प्रस्तावित स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइडलाइन के मानक जी पर चंडीगढ को निजी क्षेत्र में दिया गया था के आधार पर आगे अपनी कार्यवाही को बढा रहा है तो उसे या स्पष्ट होना चाहिए कि चंडीगढ में केवल 2 लाख 38 हजार विद्युत उपभोक्ता है एक बहुत छोटा सा क्षेत्र है वह उत्तर प्रदेश के एक बडे डिवीजन के बराबर है और यहां उत्तर प्रदेश के दक्षिणांचल व पूर्वांचल के अंतर्गत 42 जनपदों में लगभग 1 करोड 62 लाख से ज्यादा विद्युत उपभोक्ता है ऐसे में उन मानकों पर उत्तर प्रदेश की तुलना करना पूरी तरह वित्तीय व तकनीकी पैरामीटर के विपरीत है ऐसे में जल्दबाजी में जो पारदर्शिता का उल्लंघन करते हुए नए-नए प्रयोग रोज किया जा रहे हैं उसे पर विद्युत नियामक आयोग का हस्तक्षेप जरूरी हो गया है।

# ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि : उमानंद शर्मा

अवधनामा संवाददाता

■ गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 432वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड रिसर्च, रायबरेली, उप्र' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 432वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री सुश्री रेनू श्रीवास्तव ने अपने पूज्य माताजी स्व. उर्मिला श्रीवास्तव एवं पूज्य पिताजी स्व. बीडी श्रीवास्तव की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं फार्मेसी के अधिकारीगणों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है। आर्य टीवी के प्रमुख डॉ. अजय शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्रधानाचार्य प्रो एनके अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

इस अवसर पर श्री उमानंद शर्मा, श्रीमती सावित्री शर्मा, श्री देवेन्द्र सिंह, सुश्री रेनू श्रीवास्तव, संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ सशक्त सिंह, प्रधानाचार्य प्रो एनके अग्रवाल, आर्य टीवी के प्रमुख डॉ अजय शुक्ला, प्रो वीके सिंह, प्रो आदित्य सिंह सहित कॉलेज की शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# डीआईओएस ने प्रयोगात्मक परीक्षा का जाना हाल

## जीआईसी व जवाहर विद्यालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

■ कंट्रोल रूम के निरीक्षण में विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश



**मथुरा।** आज जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने जनपद में चल रही इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का हाल जानने के वी डीपी राजकीय इंटर कॉलेज मथुरा में स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान ऑन लाइन कई विद्यालयों में चल रही प्रयोगात्मक परीक्षाओं के बारे में जानकारी हॉसिल कर वहां की कमियों को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कालेजों के प्रधानाचार्यो को निर्देश दिए कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किए वी डीपी राजकीय इंटर कॉलेज मथुरा के किए गए निरीक्षण के दौरान प्रवक्ता संतोष सारस्वत, शिवचरण रावत, गौरी शंकर प्रवक्ता आदि मौजूद रहे।

उसके बाद वे जवाहर विद्यालय इंटर कालेज मथुरा पहुंचे। जहां चल रही प्रयोगात्मक परीक्षाओं को मौके पर रखा। इस दौरान उन्होनें छात्रों व प्रवक्ताओं से प्रयोगात्मक परीक्षा के बारे में जानकारी हॉसिल की। निरीक्षण के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उन्होंने सभी कालेजों के प्रधानाचार्यो को निर्देश दिए हैं कि कालेज परिसर में बैठ कर ही परीक्षा लेने आने वाले नामित प्रवक्ता प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराये।

# शिक्षिकाएं मांग रही बाल देखभाल का अवकाश

अवधनामा संवाददाता

■ बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी ना करने को कई दर्जन शिक्षिकाओं ने पोर्टल पर भेजे अवकाश आवेदन

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारंभ होकर 13 मार्च तक चलेंगी। इसके लिए प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। इस ड्यूटी ना करने के लिए मानव सम्पदा पोर्टल पर मेडिकल अवकाश का प्रार्थना पत्र दिए गए हैं। जिसमें ज्यादा तर शिक्षिकाओं ने बाल देखभाल के लिए आवेदन दिया है। इस प्रकरण को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता से लिया है।

उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे प्रार्थना पत्रों को आपके द्वारा बीएसए कार्यालय अवकाश हेतु बिना टिप्पणी के अग्र सारित किया जा रहा है। जिससे यह पता नहीं चल रहा है कि कितने शिक्षक विद्यालय में हैं उनमें से कितने की ड्यूटी लगाई गई है।

बाल देखभाल के अवकाश से चलते बोर्ड परीक्षाओं और स्कूल संचालन में बाधा उत्पन्न होगी। ऐसे प्रार्थना पत्रों के अवकाश स्वीकृत नहीं किए जाए। उससे पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि विद्यालयों का शिक्षण कार्य प्रभावित ना हो।

# हरदेवगंज स्थित कंपोजिट विद्यालय में एनडीडी का हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनपद में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित हुआ 7 इसका शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रोहताश कुमार ने हरदेवगंज स्थित कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर किया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बच्चे स्वस्थ होंगे तो समाज भी स्वस्थ होगा।बच्चों के पेट में कीड़े शारीरिक और मानसिक रूप से बच्चों को नुकसान पहुंचाते हैं। पेट में कीड़े भोजन के पोषक तत्वों को खाकर शरीर को कुपोषित बनाते हैं। शरीर में एनीमिया या खून की कमी हो जाती है। एनीमिया के कारण बच्चों में एकाग्रता की कमी आती है पढ़ने में मन नही लगता है 7 इसलिए अभियान चलाकर यह दवा खिलाई जाती है। नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार मिश्रा ने बताया कि साल में दो बाद फरवरी और अगस्त में अभियान चलाकर यह दवा खिलाई जाती है। एनडीडी के तहत एक से 19 साल के सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई गयी तथा जो बच्चे विद्यालय नहीं जाते हैं उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से खिलाई गयी। इसके साथ ही जो बच्चे किन्हीं कारणों से 10 फरवरी को दवा खाने से वंचित रह गए हैं उन्हें 14 फरवरी को मॉप अप राउंड का आयोजन कर दवा खिलाई जाएगी।

# देश की आर्थिक प्रगति मे व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान : गौरीशंकर

■ व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने बैठक कर लिए महत्पूर्ण निर्णय

अवधनामा संवाददाता




**सम्भल।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान सम्भल की एक महत्वपूर्ण बैठक चेयरमेन गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में रविवार को एआर रिसोर्ट पक्का बाग़ दिल्ली रोड पर आयोजित की गई जिसका संचालन महामंत्री शोभित गुप्ता ने किया जिलाध्यक्ष मो कासिम की अध्यक्षता में जिला संयोजक एवं नगर अध्यक्ष शाकिर हुसैन वास्ती ने संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए जिले में संगठन को मजबूत करने को कहा जिसपर सहमति व्यक्त करते हुए तहसील अध्यक्ष एवं पूर्व संगठन मंत्री नबील अहमद ने कहा की सभी पदाधिकारियों को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी जाएगी जिसका सभी पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे जिला उपाध्यक्ष फहद कैसर एवं जसपाल सिंह ने एक व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर संगठन में अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन जोड़ने पर बल दिया, युवा जिलाध्यक्ष हर्षित शर्मा ने संगठन में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने की बात रखी कोषाध्यक्ष रामकिशन ठकराल ने नये सदस्यों से निश्चित वार्षिक शुल्क लेने की बात कही जिससे संगठन को सुचारु रूप से चलाया जा सके इस अवसर पर जिला मंत्री मेहरान नौशाही के जन्मदिन का केक काटा गया और सभी ने उन्हे शुभकामनाएं दी अंत में संस्था के चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि व्यापारी देश की आर्थिक प्रगति में सबसे महत्वपूर्ण योगदान देता है फिर भी व्यापारी सरकारों की उपेक्षाओं का शिकार होता है सबसे ज्यादा टेक्स देने वाला व्यापारी सुविधाओं के नाम पर अपने आपको ठगा हुआ महसूस करता है इसलिए हमें सरकारों में अपना प्रतिनिधत्व बढ़ाने के लिए अपनी आबाज बुलंद करनी होगी इस अवसर पर चेयरमेन गौरीशंकर चौधरी, अध्यक्ष मो कासिम, महामंत्री शोभित गुप्ता, नगर अध्यक्ष शाकिर हुसैन, संगठन मंत्री नबील अहमद उपाध्यक्ष फहद कैसर, जसपाल सिंह, रामकिशन ठकराल, मेहरान नौशाही, वैभव, मो कासिफ आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टरों की टीम ने एल्बेंडाजॉल गोलीयां दी

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ बीके चौहान के नेत्रत्व मे प्रभारी चिकित्साधिकारी जैतपुर, डॉ आशीष तिवारी की देखरेख मे विकास खंड जैतपुर के सभी विद्यालयो, आंगनवाड़ी केन्द्रो पर बच्चो को एल्बेंडाजॉल की गोलियां खिलाई गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अभियान के तहत स्कूली बच्चों को डॉक्टरों की सलाह पर एल्बेंडाजॉल गोली खिलाई गई। डॉ प्रेमनारायन शर्मा ने विद्यालयों में बच्चों के कृमि होने के संकेतात्मक लक्षण बताये, उन्होने कहा कि एल्बेंडाजॉल गोली जिले के परिषदीय स्कूलों के बच्चों के अलावा आगंनवाड़ी केन्द्र के बच्चों को भी खिलाई गई। ब्लाक जैतपुर के अजनर मगरिया, सारंगपुरा गुढा, हसला, पुरवा जैतपुर, इन्द्रहटा सहित सभी



विद्यालयों और आंगन बाडी केन्द्र मे अभियान चला कर बच्चों को दवा खिलाई गई। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ आषीश तिवारी ने बताया कि बच्चों को अक्सर पेट में कीड़े पड़ जाने की शिकायत हो जाती है। जिससे कीड़ों को मारने के लिए कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर अभियान चलाकर बच्चों को दवा खिलाई जाती है। उन्होने बताया कि इस दवा को खाने से बच्चों को किसी भी प्रकार का नुक्सान नही होता है। डॉ पीएन शर्मा ने बच्चों को एल्बेंडाजॉल दवा खाने का तरीका भी बताया, साथ ही कई बचचों को अपने सामने दवा खिलाई।

# डीएम ने राष्ट्रीय मुक्ति दिवस पर ऐल्बेन्डाजोल की गोली खिलाकर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर पी.एम. श्री विद्यालय आटा, वि.क्षे. बनियाखेड़ा में डा. राजेन्द्र पैंसिया जिलाधिकारी, जनपद सम्भल द्वारा कृमि मुक्ति हेतु बच्चों को कृमि-मुक्ति की गोली (ऐल्बेन्डाज़ोल) खिलाकर शुभारम्भ किया गया। विद्यालय परिसर में उपस्थित बच्चों, अभिभावकगणों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने स्वयं भी कृमि-मुक्ति की गोली का सेवन किया। इससे पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा बच्चों से कृमि मुक्ति के सम्बन्ध में विस्तृत सम्बोधन किया। उपस्थित बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव व साफ-सफाई हेतु नाखून साफ और छोटे रखने, फल-सब्जी को धोकर खाने, नियमित रूप से नहाने व साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा एक आकर्षक सेल्फी प्वांइट की व्यवस्था भी की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाठक द्वारा उपस्थित बच्चों से संवाद के समय सदैव स्वच्छ पेयजल पीने एवं घर तथा उसके आस-पास में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज कुमार विश्नोई ने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि आज किसी कारण से उपस्थित ना होने पर आच्छादित ना होने वाले बच्चों को आगामी दिनाँक 14.02.2025; दिन बुद्धवार को मॉप-अप दिवस को गोली खिलायी जायेगी। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री संजीव कुमार राठौर द्वारा बताया गया कि सत्र 2024-25 के द्वितीय चरण फरवरी 2025 में जनपद के कुल 13,11,828 बच्चों को कृमि-मुक्ति हेतु एल्बेन्डाजोल की गोली खिलायी जानी है। उपरोक्त आयोजन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज कुमार विश्नोई, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका शर्मा, डी.पी.ओ.-आई.सी.डी.एस. श्री महेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक - एन.एच.एम. श्री संजीव कुमार राठौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरौली अधीक्षक डा. विश्वास अग्रवाल, बी.ई.ओ.- बनियाखेड़ा श्री विनोद कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरौली की चिकित्सकीय टीम, तथा पी.एम. श्री विद्यालय आटा का समस्त स्टॉफ आदि उपस्थिति रहे।

# शिक्षा मंत्री व विधायक ने बच्चों को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम नगर के शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका के दायित्वों का निर्वहन करने वाले सिटी पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित भवन के भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सूबे की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक सहित सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति रही। रविवार, 9 फरवरी, 2025 को सुबह 10 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में स्कूल के अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का अनावरण किया गया, जो उत्साह और गर्व से भरा था। यूपी सरकार में सूबे की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों के लिए अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई दी। क्षेत्रीय विधायक ने अपने भाषण में युवाओं के भविष्य को आकार देने में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया और उत्कृष्टता के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की सराहना की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और



छात्र शामिल हुए, जो इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनकर रोमांचित थे। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा अपने विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। कुल मिलाकर सिटी पब्लिक स्कूल के नए भवन का भव्य उद्घाटन समारोह एक शानदार सफलता थी, जिसने भविष्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी और क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति ने कार्यक्रम में प्रतिष्ठा का स्पर्श जोड़ा, जिससे यह सभी के लिए वास्तव में यादगार अवसर बन गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने सांस्सकृतिक कार्यक्रम में अपने अभिनय से सभी का मन मोह लिया।

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत जनपद संभल प्रदेश में प्रथम स्थान

**संभल।** माह जनवरी 2025 में विकास से सम्बन्धित मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश की जारी प्रगति रिपोर्ट में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत जनपद संभल ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल निर्देशन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद संभल का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जोजना के लंबित आवेदनों के निस्तारण में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय , माह सितंबर 2024 में प्रदेश में तृतीय स्थान, माह अक्टूबर 2024 में प्रदेश में प्रथम, नवम्बर 2024 में प्रदेश में द्वितीय, दिसम्बर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान था। जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन से जनपद ने माह जनवरी 2025 में पिछले माह की भांति पुनः प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाधकारी ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े समस्त अधिकारियों, उपजिलाधिकारियो, समस्त खण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए यह निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक पात्र बालिकाओ का आवेदन कराये एवं प्राप्त आवेदन पत्रों पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय जांच कर निस्तारण किया जाए।

# बाल विवाह के खिलाफ मदरसा ज़ियाउल उलूम में बच्चों को शपथ दिलाई गयी

■ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के तहत जिले में चलाया जा रहा है अभियान

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** बाल अपराधों की रोकथाम और बाल विवाह एंव बाल मजदूरी व बाल तस्करी को रोकने के लिए लगातार जनपद सम्भल मे जागकरूता के साथ शपथ और संकल्प का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन, प्रयत्न संस्था एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद मे लगातार अलग-अलग स्थानो पर पम्फलेट वितरण तथा जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल अपराध मुक्त भारत एवं भारत अपराध मुक्त जनपद सम्भल बनाने के लिए मदरसो की तरफ इस अभियान को ले जाया गया। जहां मदरसों से एक अच्छा कॉपरेशन मिल रहा है। इी कड़ी मे उपनगरी सरायतरीन के बारादरी स्थित मदरसा ज़ियाउल उलूम मे अध्यापकों, धर्मगुरूओं एवं छात्र-छात्राओं को पम्फलेट बांटकर तथा शपथ दिलाकर बाल विवाह को




रोकने का आहवान किया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी इस बाल अपराध के लिए जागरूक कर अभियान मे सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी की टीम के फील्ड कोर्डिनेटर फरज़ंद अली वारसी, सिराज अहमद ने बच्चों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई और बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर देनी है।

जिससे की 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस मौके पर जियाउल उलूम से बाल विवाह के खिलाफ अभियान मे प्रधानाचार्य व ऐतिहासिक ईदगाह संभल के इमाम कारी राशिद अली, हाजी फखरुद्दीन, हाफ़िज़ ज़ाहिद, कारी रिजवान, रहबर, नासिर अली खां, इकबाल खान, मुजीब अहमद खां, हाजी परवेज़ अख्तर, मौलाना अलकमा, जकी अशरफ, मौ. अली, मु. सरफराज़, मशकूर मंसूरी आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाषा विवि में हुआ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के अटल सभागार में प्रातः11:00 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र उपस्थित रहे। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कार्यक्रम में छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिये एवं परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहने की सलाह दी उन्होने छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 जय प्रकाश पाण्डे जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सफलता पूर्वक किया गया। छात्रों द्वारा पूर्ण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ध्यानपूर्वक देखा गया। डीन, छात्र-कल्याण प्रो0 चन्दना डे के द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सफलता पूर्वक कराया गया। कार्यक्रम में प्रो0 फखरे आलम, डॉ0 तत्हीर फातिमा, डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ0 पूनम चैधरी, डॉ0 मजहर खालिक, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. काज़िम रिज़वी और डॉ0 स्वेता अग्रवाल सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

### नार्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय के लिए हुई भाषा विवि की टीमें रवाना



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो. जे0 पी0 पाण्डेय जी के कुशल मार्गदर्शन में 10-19 फरवरी 2025 तक दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में संपन्न होने वाली नॉर्थ ज़ोन अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों (पुरुष) की टीम को दिल्ली के लिए प्रस्थान किया गया। प्रतियोगिता हेतु क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज शुक्ला द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गयी इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मो. शारिक (सदस्य सचिवः क्रीडा परिषद), डॉ. राम दस, डॉ. आरिफ़ अब्बास, डॉ. हसन मेहदी एवं टीम मैनेजर श्री रविकेश कुमार मौर्य इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

### तन्जीम रजा बने उपाध्यक्ष

**संभल।** तन्जीम रजा को सुहेल देव भारतीय समाज पाटी के प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एवं मंत्री प्रतिनिधि अलसंख्यक कल्याण मंत्रालय खुर्शीद आलम ने उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है तन्जीम रजा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाये। सभी सूचनाओं को विभागीय पोर्टल पर ससमय फीड कराया जाये। एआर को-ऑपरेटिव, उपायुक्त उद्योग को उनकी योजना के ई श्रेणी आने पर उन्होंने प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फेमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। जन सुनवाई की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल पर निस्तारण आख्या अपलोड करने से पहले अच्छी तरह से जाँच कर ली जाये। दैनिक जन सुनवाई का विस्तार अन्य महत्वपूर्ण विभागों तक किया जाये। यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक को निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय प्रवासियों पर अत्याचार के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार (लालू) दुबे एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिका में भारतीय प्रवासियों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा की और केंद्र सरकार से मांग की कि इस मामले में अमेरिका सरकार से खुली वार्ता की जाए तथा उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच करवाई जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय प्रवासियों को कई घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया और यहां तक कि उन्हें भोजन तक उपलब्ध नहीं कराया गया। यह पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का उल्लंघन है,जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। पूर्व प्रदेश महामंत्री अखिलेश शुक्ल ने कहा,कि अमेरिका सरकार द्वारा प्रवासियों को हथकड़ी और जंजीरों में बांधकर भारत भेजना निंदनीय है। कांग्रेस महामंत्री सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, पवन देवी कोरी, धर्मेश सिंह, बल्देव प्रसाद, छेदीलाल धुरिया, केपी सेन, जीतेंद्र गौरव, गेंदा प्रसाद यादव शब्बीर सुकदेव गांधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन इस मौके पर उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड कबड्डी लीग 2025 का फाइनल मुकाबला कल

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** राइफल क्लब ग्राउंड में रोमांचक सेमीफाइनल भिड़ंत बुंदेलखंड कबड्डी लीग 2025 के अंतर्गत खेले जा रहे टूर्नामेंट में अब प्रतियोगिता अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। सेमीफाइनल मुकाबले में छत्रसाल बुंदेला टाइगर्स बनाम बाँदा दबंग और बुंदेलखंड एक्सप्रेस बनाम आल्हा योद्धा के बीच रोमांचक टकराव होगा। विजेता टीमों के बीच ग्रैंड फिनाले का मुकाबला कल दोपहर 3 बजे खेला जाएगा। आज खेले गए मैचों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। 1.छत्रसाल बुंदेला टाइगर्स ने ऊदल लाइंस को 24 अंकों से हराया। 2.महाराजा खेतसिंह फाइटर ने पन्ना डायमंड को 18 अंकों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। 3.आल्हा योद्धा और बांदा दबंग के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। 4.बुंदेलखंड एक्सप्रेस ने ऊदल लाइंस को 1 प्वाइंट से हराया। 5.छत्रसाल बुंदेला टाइगर्स ने मलखान राइडर्स को 5 अंकों से शिकस्त दी। 6.आल्हा योद्धा ने पन्ना डायमंड को 10 अंकों से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। 7.बांदा दबंग ने महाराजा खेतसिंह फाइटर को 1 प्वाइंट से हराकर रोमांचक जीत हासिल की। महा मुकाबले में एडीएम नमामि गंगे एवं सचिव विकास प्राधिकरण मदन मोहन वर्मा, राजकुमार राज, चंद्रमौली भारद्वाज, बुंदेलखंड कबड्डी लीग के अध्यक्ष नितिन द्विवेदी, सचिव कमल सिंह यादव, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में 8 टीमों के टीम ऑनर्स भी अपनी-अपनी टीमों के साथ उपस्थित रहे, जिनमें अंकित कुशवाहा (ऊदल लाइंस), कमलेश कुशवाहा (मलखान राइडर्स), विदित त्रिपाठी (बांदा दबंग), ताहिर खान उर्फ चिंटू (बुंदेलखंड एक्सप्रेस), आसिफ़ मजीद (पन्ना डायमंड्स) अरुणेश सिंह (छत्रसाल बुंदेला टाइगर्स), घनंजय करवरिया(महाराजा खेत सिंह फाइटर्स) और सौरभ यादव (आल्हा योद्धा) शामिल रहे। प्रतियोगिता का सफल संचालन महेश साहिल और इंद्रवीर सिंह ने किया, जबकि रेफरी और स्कोरिंग की जिम्मेदारी शराफत अली, वीर सिंह गहलौत, अवनीश रॉय, संजीव सिंह, योगेन्द्र पाल, प्रशांत सिंह, रोहित ठाकुर, सुरेंद्र कुमार प्रजापति, दिव्या पाल, पृथ्वीराज सिंह, कुमकुम प्रजापति, पुष्पा यादव आलशिफा मंसूरी, जिया खान ने निभाई। कल होगा महामुकाबला सेमीफाइनल के बाद फाइनल मुकाबला दोपहर 3 बजे खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# टेंपो चालक की चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत

अवधनामा संवाददाता

■ ग्राम शहपहाड़ी में सवारियां छोड़कर वापस लौटते समय घटी घटना

**महोबा।** महोबा खजुराहो मार्ग पर ग्राम शाहपहाड़ी के पास दाल मील के सामने एक चार पहिया वाहन ने टैंम्पों में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेम्पो सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गया। दुर्घटना के बाद हुए धमाके की अवाज सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े, और टेम्पो के नीचे दबे चालक को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घेषित कर दिया। थाना कबरई के ग्राम सुराहा निवासी मोनू द्विवेदी पुत्र संतोष द्विवेदी ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। सोमवार को टेम्पो चालक महोबा से सवारियां लेकर जिला मुख्यालय से चार किलो मीटर दूर शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपहाड़ी गया था। सवारियां छोड़ने के बाद लौटते समय गांव के पास स्थित दाल मील के सामने महोबा की तरफ से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो सड़क किनारे खाई में गिरकर पलट गई।

छुर्घटना की आवाज सुनकर आस पास के लोग और राहगीर दौड़ पड़े। इसी बीच किसाी ने पुलिस को सूचना दे दी, पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणें ने पुलिस की मदद से टेम्पों के नीचे दबे चालक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टारों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।

## श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, एक की मौत

**बाँदा।** महाकुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बबेरू कोतवाली क्षेत्र के रोड़ स्थित बंसी पुरवा गांव के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। डॉक्टरों ने 21 वर्षीय प्रियांशु उर्फ छोटू को मृत घोषित कर दिया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिलाधिकारी ने बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, नरैनी रोड़, में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी जे.रीभा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल 400 एमजी टेबलेट खिलाई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ए.के. श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉ.अजय, डीपीएम कुशल यादव डीईआईसी मैनेजर वीरेंद्र प्रताप, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम से डॉ.अर्चना भारती, डॉ.एस.पी. सिंह एमडी शरीफ और जियाउद्दीन सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों जैसे एनीमिया, कुपोषण, कमजोर प्रतिरक्षा




तंत्र और मानसिक एवं शारीरिक विकास पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, डिवर्मिंग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया, कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, लर्निंग कैपेसिटी, स्कूल में उपस्थिति और एकाग्रता को बेहतर बनाने में मदद करता है। विद्यालय के बच्चों ने जिलाधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी जे.रीभा ने बच्चों को स्वस्थ खानपान अपनाने की सलाह देते हुए कहा, कि फास्ट फूड और जंक फूड से बचें और हरी सब्जियां, फल व पोषणयुक्त भोजन का सेवन करें, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बन सकें। विद्यालय के निदेशक ने बताया कि बच्चों को स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक करने के लिए नियमित रूप से टिफिन बॉक्स की जांच की जाती है। कार्यक्रम के दौरान केएसीनाईटी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अरुण कुमार निगम ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

## प्राचीन शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** नगर के तहसील परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जीर्णोद्धार के पश्चात भव्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ एवं शिव रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसकी पूर्णाहुति चित्रकूट धाम मंडल बांदा के माननीय आयुक्त अजीत कुमार द्वारा संपन्न कराई गई। इस धार्मिक आयोजन में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अमित शुक्ला एवं तहसीलदार राधेश्याम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, तहसील परिवार, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। हवन-पूजन के पश्चात सभी भक्तों व इष्ट-मित्रों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने शिव भक्ति में लीन होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# केन्द्र प्रभारी ने टोकन जारी होने के बाद भी नहीं खरीदी मूंगफली

अवधनामा संवाददाता

■ पूर्व सांसद ने अब किसानों को न्याय दिलाने के लिए हाईकोर्ट में रिट करने बनाया मन

**महोबा।** मूंगफली की बिक्री के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों को क्रेन्द्र प्रभारी द्वारा टोकन नंबर तो जारी किया था, लेकिन उन किसानों की मूंगफली की खरीद आज तक नहीं की गई है। वह किसान अपने टोकन की प्रति लेकर विधायक कार्यालय में जमा करें, ताकि वंचित किसानों के पक्ष में याचिका हाईकोर्ट मे दाखिल कर के किसानों को उनका हक दिलाया जा सके। साथ ही जिन किसानों से केन्द्र प्रभारी ने कमीशन खाया है, वह अपना रूपया वापस मांगे न देने पर केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही कराते हुए उसे जेल भिजवाया जाएगा। मूंगफली खरीद में केन्द्र प्रभारियों व खरीद के लिए चयनित संस्था द्वारा जो भ्रष्टाचार किया तथा किसानों से जो पैसा लूटा है वह पैसा पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत जिम्मेदारों के हलक से निकालकर किसानों को न्याय दिलाएंगे। पूर्व सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस पारदर्शिता के साथ किसानों की मूंगफली खरीद के लिए सिस्टम तैयार किया था उसे खरीद के जिम्मेदारों ने तार तार करते हुए सरकार की छवि को धूमिल किया है, और खरीद केन्द्रों में हुए भ्रष्टाचार की कहानी निरन्तर अखबारों में व आमजनमानस के बीच सुनाई देती रही है। पूर्व सासंद ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है और ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मूंगफली बेचे जाने के दौरान हर किसान को रजिस्ट्रेशन नम्बर अलाट हुआ है और खरीद केन्द्र ने टोकन भी जारी किए हैं लेकिन देखने मे आया है कि रजिस्ट्रेशन कराने व टोकन लेने के बाद भी किसान हफ्तों खरीद केन्द्र के बाहर लाईन में खड़ा रहा। उसकी मूंगफली नहीं बिक सकी। जबकि खरीद का टारगेट पूरा होने पर खरीद बन्द कर दी गयी। उन्होंने बताया कि उनके पास ऐसे भी साक्ष्य हैं कि टोकन क्रमांक 900 वाले की मूंगफली नहीं बिक सकी जबकि 12 सौ से 15 सौ टोकन वाले बेंचकर निकल गए। जिसमें पूरी तरह से भ्रष्टाचार के साक्ष्य उपलब्ध हैं तथा वह किसानों के हक के लिए अब हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे और कोर्ट के माध्यम से सारा लेखा जोखा मंगवाते हुए उसका न्यायिक आडिट कराते हुए दोषियों को जेल भिजवाएंगे।

# विवादों में बने रहते हैं राज कुंद्रा



शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को कई मौकों पर साथ देखा जाता है। बॉलीवुड में राज कुंद्रा की पहचान भी शिल्पा शेट्टी से ही जुड़ी हुई है। वह शिल्पा के पति के तौर ही पहचाने जाते हैं। जबकि वह खुद भी एक बिजनेसमैन है। हाल ही में फिल्म 'मिसेज' से जुड़े इवेंट में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के साथ पहुंचे। इस मौके पर उनकी नेपो हसबैंड वाली टी-शर्ट ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। राज कुंद्रा ने नेपो हसबैंड की टी-शर्ट पहनकर सोशल मीडिया ट्रोल्स को जवाब दिया है। दरअसल, अकसर ही सोशल मीडिया पर कहा जाता है कि राज, शिल्पा की पॉपुलैरिटी का फायदा उठाते हैं। जब राज ने नेपो हसबैंड की टी-शर्ट पहनी, तब भी सोशल मीडिया पर उन्हें कुछ यूजर्स ने ट्रोल्स किया। कुछ यूजर्स का कहना था कि ये आदमी खुद की ही बेइज्जती क्यों कर रहा है? ऐसे ही कई और कमेंट्स भी राज कुंद्रा के लिए किए गए। राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की मैरीड लाइफ की बात की जाए तो इनकी शादी को 15 साल हो गए हैं। साल 22 नवंबर 2009 को ये दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। शिल्पा से राज की दूसरी शादी है। इनके दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी। शिल्पा शेट्टी तो एक्टिंग की फिल्ड में एक्टिव हैं, अब उनके पति राज भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके हैं। कुछ समय पहले राज ने बताया था कि वह तीन पंजाबी फिल्में कर रहे हैं, जिसमें उनके लीड रोल होंगे। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा अकसर विवादों में भी घिरे रहते हैं। साल 2024 के आखिर में उनके घर और ऑफिस पर ईडी की रेड पड़ी थी। एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए पोर्नोग्राफी के सर्कुलेशन मामले में उन पर यह रेड की गई थी। साल 2021 में भी उनके खिलाफ इसी मामले में केस हुआ था।



## सोनू सूद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से की मुलाकात, डोनेट की एंबुलेंस

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की और राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चार एम्बुलेंस डोनेट किए। अभिनेता ने सोमवार को सीएम नायडू का सूद चैरिटी फाउंडेशन को दिए गए समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और आभार जताया। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सोनू सूद ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह मुख्यमंत्री का अभिवादन करते और उनके साथ पोज देते नजर आए। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, एम्बुलेंस जीवन बचाने में महत्वपूर्ण हैं और मैं आंध्र प्रदेश राज्य को चार एम्बुलेंस दान करके रोगियों को समय पर इलाज देने की इस यात्रा की शुरुआत करके खुश हूं।

# चेन्नई कॉन्सर्ट से पहले एड शीरन ने की ए.आर रहमान से मुलाकात

ब्रिटिश सिंगर एड शीरन चेन्नई में वाईएमसीए ग्राउंड में गुरुवार को अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट करेंगे। इस कॉन्सर्ट से पहले उनकी मुलाकात सिंगर-कंपोजर ए.आर रहमान और उनके बेटे ए.आर अमीन से हुई। इस मुलाकात की तस्वीरों को ए.आर रहमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। रहमान के बेटे अमीन ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर शीरन और रहमान के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में शीरन को रहमान और अमीन के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। दूसरी तस्वीर में ब्रिटिश गायक एड शीरन और रहमान म्यूजिक स्टूडियो में नजर आ रहे हैं। एड शीरन, रहमान की फोटो क्लिक कर रहे हैं। एड शीरन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह रहमान के केएम कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड टेक्नोलॉजी के स्टूडेंट के साथ अपना गाना 'परफेक्ट' गाते हुए दिख रहे हैं। स्टूडेंट्स भी उनके साथ गाना गा रहे हैं। एड शीरन ने इस वीडियो के साथ एक



कैप्शन भी लिखा है- 'आज चेन्नई में बेहतरीन सिंगर्स की टोली के साथ गाना गाया।' पिछले दिनों जब एड शीरन हैदराबाद में थे तो उन्होंने शहर की सैर की थी। इस समय भी वह चेन्नई शहर की सैर का आनंद ले रहे हैं। उन्हें चेन्नई में सिर की मालिश कराते हुए भी देखा गया है। यह वीडियो भी सिंगर ने शेयर किया है। जल्द ही एड शीरन दिल्ली-एनसीआर में कॉन्सर्ट करेंगे। सिंगर का म्यूजिक कॉन्सर्ट 15 फरवरी को दिल्ली-एनसीआर में होगा, इसी के साथ उनका म्यूजिक टूर खत्म भी हो जाएगा।

# प्रियंका चोपड़ा के भाई की हल्दी सेरेमनी में हुई कुर्ता फाड़ होली

प्रियंका चोपड़ा के भाई सिद्धार्थ चोपड़ा शादी का लड्डू खाने को तैयार हैं। वे नीलम उपाध्याय के साथ शादी रचा रहे हैं। फिलहाल दोनों की शादी से पूर्व की रस्में हो रही हैं। आज बुधवार को हल्दी सेरेमनी है। प्रियंका चोपड़ा अपनी सास के साथ भाई की हल्दी सेरेमनी में पहुंचीं। इस दौरान वे जमकर डांस करती नजर आईं। सिद्धार्थ और नीलम की शादी की रस्मों से खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि सिद्धार्थ की हल्दी की रस्म मानो होली में बदल गई। उनके दोस्तों ने हल्दी लगाते-लगाते उनका पूरा कुर्ता ही फाड़ दिया। इसके अलावा चोपड़ा परिवार के सदस्यों ने जमकर मस्ती की। प्रियंका चोपड़ा, निक जोनस जमकर डांस करते दिखे। सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल होने के लिए प्रियंका चोपड़ा की सास डेनिस मिलर जोनस भी भारत में हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा को जब भाई की हल्दी सेरेमनी में जाते देखा गया तो उनके साथ कार में उनकी सास भी नजर आईं। प्रियंका ने फोटोग्राफर्स को नमस्ते कहकर अभिवादन किया। पीले रंग के एथनिक लिबास में प्रियंका बेहद खूबसूरत लगीं। उनकी सास भी भारतीय परिधान में नजर आईं। मन्नारा चोपड़ा भी भाई सिद्धार्थ की शादी में शामिल



होने पहुंची हैं। इस दौरान वे पैपराजी को पोज देती नजर आईं। पीले रंग की ड्रेस में मन्नारा बेहद प्यारी लग रही हैं। इस दौरान मन्नारा के साथ उनकी मां भी नजर आईं। सिद्धार्थ और नीलम की शादी के कार्यक्रम से पहले प्रियंका चोपड़ा के घर माता रानी की पूजा रखी गई। अभिनेत्री की मां मधु चोपड़ा ने तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने माता रानी से बेटे और होने वाली बहू के लिए प्रार्थना की। प्रियंका चोपड़ा काम से ब्रेक लेकर भाई की शादी एंजॉय कर रह रही हैं। नीलम उपाध्याय साउथ सिनेमा की अभिनेत्री हैं।

## अमेरिकी सैक्सोफोन वादक डैडी जी का 98 वर्ष की आयु में निधन

अमेरिकी सैक्सोफोन वादक और संगीतकार जीन बार्ज उर्फ 'डैडी जी' का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी बेटी जीना बार्ज के मुताबिक रविवार को शिकागो में अपने घर पर उनकी नींद में मृत्यु हो गई। वह एक मशहूर सैक्सोफोन वादक, गीतकार और निर्माता थे, जिन्होंने नताली कोल के हिट गानों में, मडी वाटर्स की रिकॉर्डिंग की और रोलिंग स्टोन्स के साथ प्रदर्शन किया। बार्ज का करियर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शुरू हुआ। वह 1940 के दशक में कॉलेज जैज कॉम्बो में थे। उन्होंने लिटिल रिचर्ड और जेम्स ब्राउन के साथ शुरुआत की। उन्होंने सी.सी. राइडर, ÷क्वार्टर टू थ्री और 60 के दशक कई सारे गानों में अपना सहयोग दिया। बाद में उन्होंने वाटर्स, बडी गाय और विली डिक्सन जैसे कलाकारों के साथ रिकॉर्डिंग की, कोल के ग्रैमी पुरस्कार विजेता सोलो 'सोफिस्टिकेटेड लेडी' का सह-निर्माण किया। 1970 के दशक और उसके बाद उन्होंने थ्रिलर और अपराध पर आधारित फिल्मों में एक अभिनेता के रूप में पहचान मिली, उनकी फिल्मों में 'अबव द लॉ', 'पैकेज' और 'द फ्यजिटिव' शामिल हैं। बार्ज मार्टिन स्कॉर्सेज की डॉक्यूमेंट्री %द ब्लूज% के लिए सलाहकार के तौर पर काम भी किया।

## जया बच्चन पर फूटा आचार्य प्रमोद का गुस्सा

महाकुंभ को लेकर जया बच्चन की टिप्पणी पर आचार्य प्रमोद कृष्णम का गुस्सा फूटा है। उन्होंने सपा सांसद व अभिनेत्री को खरी-खरी सुनाई हैं। जया बच्चन ने हाल ही में महाकुंभ में दूषित पानी और कुंभ भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों के शवों को नदी में फेंके जाने के कथित दावे किए। इस पर उनकी आलोचना हो रही है। मामले पर अब आचार्य प्रमोद ने जया बच्चन पर पलटवार किया है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि जया बच्चन से अभी तक अमिताभ बच्चन दुखी थे और अब वे ऐसी कोशिश कर रही हैं कि उनसे पूरा सनातन दुखी हो जाए। प्रमोद कृष्णम ने आगे कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि जया बच्चन को सद्बुद्धि प्राप्त हो और वे एक अच्छे सनातनी की तरह व्यवहार करें, न कि नास्तिक या वामपंथी की तरह। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आगे कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान और पवित्र गंगा उन्हें सद्बुद्धि दें और धर्म में उनकी आस्था और गहरी हो। जिस तरह से वे एक अच्छी अभिनेत्री और अच्छी सांसद हैं, उसी तरह उन्हें सनातन धर्म की भी अच्छी सदस्य बनना चाहिए।

# अपने लिए महिला सेक्शन से कपड़ों की खरीदारी करते हैं चंकी पांडे, किया खुलासा

अभिनेता चंकी पांडे अपने मजाकिया अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वे परदे पर भी इस किस्म की भूमिकाएं बड़ी संजीदगी से अदा करते हैं। दिलचस्प बात ये है कि निजी जिंदगी में भी उनका व्यवहार कुछ ऐसा है। हाल ही में चंकी पांडे ने अपनी फैशन चॉइस को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे अपने लिए कपड़ों की खरीदारी अक्सर महिला सेक्शन से करते हैं। चंकी पांडे ने हाल ही में खुलासा किया कि वे वुमन सेक्शन से कपड़े खरीदते हैं। इसकी वजह ये है कि उनकी मां ने बचपन में उन्हें बेटियों की तरह रखा। चंकी पांडे के मुताबिक बचपन में उनकी मां उन्हें लड़कियों की तरह कपड़े पहनाती थीं। इस बात ने उन पर असर किया। मैशेबल इंडिया के साथ इंटरव्यू के दौरान चंकी पांडे ने कहा कि जब उनका जन्म होने वाला था तो माता-पिता घर में बिटिया के स्वागत की तैयारी कर रहे थे। अभिनेता ने बताया, उनके माता-पिता चाहते थे कि बेटी का जन्म हो। उन्होंने तैयारियां भी उसी हिसाब से कर रखी थीं। वे बेटे के जन्म के लिए तैयार नहीं थे। मां ने पहले से ही लड़कियों के कपड़े खरीद रखे थे। लेकिन, घर में मेरा जन्म हुआ। ऐसे में पहले से खरीदे गए कपड़े ही मुझे पहनाए गए। चंकी पांडे के



मुताबिक बचपन की तस्वीरों में वे फ्रॉक पहने नजर आते हैं। फ्रॉक, बिंदी और छोटी-छोटी बालियां पहने वे ऐसे लगते हैं, जैसे कोई बेबी गर्ल हो। एक्टर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि जन्म के करीब दो साल बाद वे लड़के की तरह नजर आए। चंकी पांडे ने कहा कि शुरुआती चार साल की परवरिश का असर हमेशा रहता है। और उनकी जिंदगी में भी यही वह वक्त था, जब उन्हें लड़कियों के कपड़ों से प्यार हो गया था। यह लगाव अभी भी कायम है और इसीलिए वे महिलाओं के सेक्शन से कपड़े खरीदते हैं। एक्टर ने कहा कि जब वे कपड़ों के दाम पूछते हैं तो दुकानदार अक्सर यह मान लेते हैं कि वे इसे किसी और के लिए खरीद रहे हैं, और कहते हैं, यह महिलाओं का है। चंकी पांडे ने बताया कि उनके खरीदे कपड़ों को अक्सर बेटी अनन्या भी इस्तेमाल करती हैं। कई बार तो वे उन कपड़ों को खुद ही रख लेती हैं और लौटती तक नहीं।

# तमिल फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर


## अभिनेत्री पुष्पालता का 87 साल की उम्र में निधन



तमिल फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री पुष्पालता का एक लंबी बीमारी के बाद 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। इन्होंने अपने फिल्मी करियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। बुधवार को साउथ फिल्म इंडस्ट्री की ओर से एक खबर आती है, जिसके कारण लोग शोक में डूब जाते हैं। साउथ फिल्मों की दिग्गज अभिनेत्री पुष्पालता लंबे समय से बीमार चल रही थी, जिसके चलते आज चेन्नई में 87 साल की उम्र में उनका निधन हो जाता है। पुष्पालता ने साल 1958 में तमिल फिल्म से अपना करियर शुरू किया, जिस फिल्म का नाम %सेनकोट्टई सिंगम% था। इसके बाद साल 1969 में उन्होंने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में भी कदम रखा, उस फिल्म का नाम था %नर्स%। अपने फिल्म सफर के दौरान इन्होंने लगभग 100 फिल्मों में काम किया है। पुष्पालता ने साउथ फिल्म के कई कलाकारों का साथ काम किया, जिसमें एमजी रामचंद्रन से लेकर कमल हासन जैसे दिग्गज अभिनेता शामिल रहे। पुष्पालता सिर्फ एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि वह एक शानदार नर्तकी और निर्माता भी रही। पुष्पालता का शानदार फिल्मी करियर का दौर चल रहा था, उसी समय उन्हें अभिनेता और फिल्म निर्माता एवीएम राजन से प्यार हो गया, फिर उन्होंने इनसे शादी भी कर ली। इनकी दो बेटियां हैं, जिसमें एक तो तमिल अभिनेत्री महालक्ष्मी हैं। फिल्मों में पुष्पालता को आखिरी बार अभिनेत्री के तौर पर साल 1999 में %पूवसम% फिल्म में देखा गया। इसके बाद उन्होंने अपना मन अध्यात्म और समाज सेवा में लगा दिया था।

# हैरी पॉटर का विजुअलाइजेशन करने वाले डेविड एडवर्ड का निधन

लोकप्रिय अमेरिकी आर्टिस्ट, ग्राफिक डिजाइनर डेविड एडवर्ड का निधन हो गया है। हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक उन्होंने 83 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिस्ट डेविड ने सोमवार को न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। डेविड के मित्र जोलिनो बेसेरा ने फेसबुक पोस्ट के जरिए उनके निधन की पुष्टि की। डेविड एडवर्ड साल 1991 से 2002 तक बर्ड वार्नर ब्रदर्स क्रिएटिव सर्विसेज में सीनियर इलस्ट्रेटर रहे। उन्होंने लूनी ट्यून्स और हैना-बारबेरा के सभी पात्रों के लिए चित्र, पृष्ठभूमि और स्टाइल गाइड तैयार किए। उन्होंने %हैरी पॉटर% फेम लेखिका जे.के रोलिंग के साथ भी काम किया। हैरी पॉटल की पहली तीन किताबों पर डेविड ने जे.के रोलिंग के साथ काम किया, जिससे बाद में इन किताबों पर बनने वाली फिल्मों के लिए एक विजुअल आधारशिला तैयार की जा सके। डेविड के मित्र जोलिनो ने साझा किए पोस्ट में बताया है कि आर्टिस्ट का निधन निमोनिया के चलते हुआ। डेविड बर्ड पॉप कल्चर में मशहूर ग्राफिक आर्टिस्ट रहे। उन्होंने लोकप्रिय रॉक बैंड और ब्रॉडवे प्रस्तुतियों के लिए कलाकृतियां बनाई। उन्होंने न्यूयॉर्क में फिलमोर ईस्ट के लिए रॉक प्रमोटर बिल ग्राहम के साथ मिलकर काम किया और मूल वुडस्टॉक फेस्टिवल के लिए एक पोस्टर डिजाइन किया। डेविड का जन्म 4 अप्रैल, 1941 को क्लीवलैंड, टेनेसी में हुआ। उनकी परवरिश मियामी बीच,



फ्लोरिडा में हुई। उन्होंने 1990 से अपना करियर शुरू किया और कई वर्षों तक न्यूयॉर्क के प्रैट इंस्टीट्यूट में आर्ट के टीजर रहे। फिर, लॉस एंजिल्स जाने के बाद उन्होंने मार्क टेपर फोरम और पासाडेना प्लेहाउस के अलावा अन्य स्थानों के लिए कलाकृतियां बनाई।

# अपने लुक में बदलाव पर खुशी कपूर ने तोड़ी चुप्पी

ओटीटी के बाद खुशी कपूर अब बड़े परदे पर डेब्यू करने जा रही हैं। वे फिल्म लवयापा में नजर आएंगी। इसमें वह आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी। खुशी कपूर का कहना है कि इंडस्ट्री में उनके लुक्स का काफी मजाक बनाया गया। इससे उनके आत्मविश्वास को ठेस पहुंची। अभिनेत्री का इस पर दुख छलका है। खुशी कपूर के लुक की तुलना शुरुआत से उनकी बहन जान्हवी कपूर और मां श्रीदेवी से होती रही। खुशी का कहना है कि मैं अपने भाई-बहनों की तरह नहीं दिखती, इसलिए मेरे लुक्स को लेकर लोगों ने मुझे खूब जज किया। मेरा मजाक उड़ाया गया। अभिनेत्री का कहना है कि मां, दीदी और अन्य लोगों से तुलना के चलते वह बचपन में काफी आहत हुई। अब जब उनके लुक्स में बदलाव हुए हैं, तब भी लोग उन्हें जज करते हैं। खुशी कपूर ने अपनी शक्ल-सूरत पर लोगों की टिप्पणी और इससे पहुंचने वाले दुख पर खुलकर बात की। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में खुशी ने कहा कि वे अपनी मां और बहन की तरह नहीं दिखतीं। खुशी कपूर ने कहा, बचपन में उन्हें अपने लुक्स को लेकर लोगों ने खूब जज किया। उनका बहुत मजाक उड़ा, जिसका उन पर काफी असर हुआ। खुशी ने कहा, %मैं अपनी मां और दीदी जैसी नहीं दिखती थी, सिर्फ इसलिए मुझे चिढ़ाया गया। बचपन में इस तुलना का मुझ पर गहरा असर हुआ। उन्होंने आगे कहा कि स्किनकेयर और फिलर्स सहित अन्य चीजों को उन्होंने



कभी नेगेटिव तरीके से नहीं देखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निजी देखभाल जांच का विषय नहीं होना चाहिए। लोग अक्सर दूसरों की आलोचना आसानी से कर देते हैं। खुशी के मुताबिक, %ईमानदारी बहुत जरूरी है। किसी की पसंद चाहे जो भी हो, लोगों की हमेशा एक राय होगी। बचपन में किसी के रंग-रूप पर टिप्पणी करने की बात हो या बाद में उस इंसान ने खुद को बदल लिया हो तब की बात हो। खुशी ने कहा कि वे अब इन बातों से आगे बढ़ गई हैं। यही सीखा है कि दूसरों की परवाह किए बिना वही करना चाहिए, जिसमें खुद खुशी मिले। फिल्म लवयापा 07 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में खुशी के साथ जुनैद नजर आएंगे। यह फिल्म आज की पीढ़ी के रिश्तों और प्यार की कहानी के ईर्द-गिर्द घूमती है। मोबाइल और तकनीक ने रिश्तों को किस कदर प्रभावित किया है। आशुतोष राणा भी फिल्म का अहम हिस्सा है। खुशी और जुनैद दोनों की ही ये सिनेमाघरों में पहली फिल्म है। इसके बाद खुशी फिल्म %नादानियां% में नजर आएंगी, जो ओटीटी पर रिलीज होगी।

## पापा की खींची लकीर छोटी नहीं कर पाए अभिषेक


अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के बेटे व लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन आज 05 फरवरी को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म रिफ्यूजी से की। यह फिल्म साल 2000 में आई। इस हिसाब से जूनियर बच्चन को सिनेमा की दुनिया में कदम रखे इस साल 25 वर्ष हो रहे हैं। अभिषेक बच्चन का जन्म 5 फरवरी 1976 को हुआ। अभिनय की दुनिया में कदम रखने के साथ ही उनकी तुलना पिता अमिताभ बच्चन से की जाने लगी। बॉलीवुड के शहंशाह का सिनेमा की दुनिया में क्या रुतबा है। उनके कद के आगे ठहर पाना अच्छे-अच्छे कलाकारों के बस की बात नहीं। फिर, पिता की खींची लकीर को छोटा कर पाना अभिषेक बच्चन के लिए भी कहां आसान है। करियर के मामले में उन्हें वह लोकप्रियता नहीं मिली, जिसकी उम्मीद खुद उन्हें और पूरे बच्चन परिवार को रही है। हालांकि, प्रतिभा के मामले में अभिषेक बच्चन किसी से कम नहीं हैं। अभिनय के अलावा वे गायिकी और डांस का हुनर भी रखते हैं।

# देश का पहला कैंसर जीनोम डाटाबेस तमिलनाडु में लॉन्च; अब शुरुआती स्तर पर ही होगा कैंसर का बेहतर इलाज

**नई दिल्ली।** आईआईटी के वैज्ञानिकों का कहना है कि भारत में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इसके जीनोम पर अब तक अपेक्षित स्तर पर शोध नहीं हुआ है। इसके कारण भारत में पाए जाने वाले कैंसर के लक्षण दवाओं और जांच प्रक्रियाओं में शामिल नहीं हो पाते। यही कारण है कि इनकी पहचान के लिए न तो विशेष डायग्नोस्टिक किट विकसित हो पा रही हैं और न ही प्रभावी दवाओं का निर्माण संभव हो रहा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने भारत का पहला कैंसर जीनोम डाटाबेस पेश किया है। इसे 'भारत कैंसर जीनोम एटलस' के नाम से लॉन्च किया गया है। यह पहल कैंसर रिसर्च में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सहायक साबित हो सकती है। इसकी सहायता से कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। आईआईटी के वैज्ञानिकों का कहना है कि भारत में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इसके जीनोम पर अब तक अपेक्षित स्तर पर शोध नहीं हुआ है। इसके कारण भारत में पाए जाने वाले कैंसर के लक्षण दवाओं और जांच प्रक्रियाओं में शामिल नहीं हो पाते। यही कारण है कि इनकी पहचान के लिए न तो विशेष डायग्नोस्टिक किट विकसित हो पा रही हैं और न ही प्रभावी दवाओं

**परिषद**


> कैंसर दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट के अनुसार भारत भी इससे अछूता नहीं है।



का निर्माण संभव हो रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए आईआईटी मद्रास ने 2020 में कैंसर जीनोम कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस परियोजना के तहत देशभर में ब्रेस्ट कैंसर के 480 मरीजों के टिशू सैंपल का अध्ययन किया गया और 960 जीनों की एक्सोम इंडेक्सिंग पूरी की गई। डेटाबेस दुनियाभर के चिकित्सकों के लिए आईआईटी मद्रास के निदेशकत प्रोफेसर वी कामकोटि का कहना है कि यह एटलस कैंसर के कारणों को गहराई से समझने और इसके प्रारंभिक निदान एवं रोकथाम में मदद करेगा। यह डाटाबेस भारत में विभिन्न प्रकार के कैंसर से जुड़ी जीनोम जानकारी के अभाव को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस परियोजना से जुड़े प्रो. एस. महालिंगम के अनुसार इससे डॉक्टरों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने, बीमारी की प्रगति समझने, हाई-रिस्क ग्रुप की पहचान करने, बेहतर इलाज की रणनीति तैयार करने और उपचार की प्रभावशीलता का आकलन करने में सहायता मिलेगी।

कैंसर दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट के अनुसार भारत भी इससे अछूता नहीं है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम की रिपोर्ट बताती है कि भारत में हर नौवें व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की आशंका रहती है। फिलहाल देश में करीब 14,61,427 लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं और 2022 से कैंसर के मामलों में 12.8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि भारत कैंसर जीनोम एटलस कैंसर से जुड़े विशिष्ट बायोमार्कर की पहचान में मदद करेगा, जिससे ब्रेस्ट कैंसर समेत अन्य प्रकार के कैंसर का जल्दी पता लगाया जा सकेगा।

## सुखोई समेत लड़ाकू विमानों की गर्जना से गूंजा बंगलूरू



**बंगलूरू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को बंगलूरू में एयरो इंडिया 2025 का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सुरक्षा की कमजोरी में कभी शांति नहीं मिल सकती और मजबूत होकर ही हम बेहतर विश्व व्यवस्था के लिए काम कर पाएंगे।

बेंगलुरू में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 का 15वां संस्करण का समारोह चल रहा है। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित भी किया है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने वैश्विक अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एक बड़े देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और स्थिरता का हिमायती रहा है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, हमारे लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। (एयरो इंडिया में) विदेशी देशों के हमारे मित्रों की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि हमारे साझेदार एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।

इस दौरान उन्होंने एयरो इंडिया 2025 की तुलना महाकुंभ से की है। उन्होंने कहा- इस समय भारत में महाकुंभ चल रहा है...मुझे भी संगम में डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं समझता हूं कि एयरो इंडिया के रूप में आज से भारत में एक और महाकुंभ का प्रारंभ हो रहा है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आत्म संधान का कुंभ है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ अनुसंधान का कुंभ है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आंतरिक मजबूती पर ध्यान दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ हमारी बाहरी मजबूती पर ध्यान दे रहा है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ भारत की संस्कृति को दर्शा रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ भारत की शक्ति को दर्शा रहा है। जहां एक तरफ परंपरा और आध्यात्म का महाकुंभ चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ पराक्रम का महाकुंभ चल रहा है। #WATCH बेंगलुरु, कर्नाटकः एयरो इंडिया 2025 के उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इस समय भारत में महाकुंभ चल रहा है...मुझे भी संगम में डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं समझता हूं कि एयरो इंडिया के रूप में आज से भारत में एक और महाकुंभ का प्रारंभ हो रहाज pic.twitter.com/wlMwyQ~BG4

## भारत में हर 10 में एक महिला एंडोमेट्रियोसिस की शिकार, बांझपन का खतरा

**मुंबई।** मुंबई के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा माधव कहती हैं कि 20-40 वर्ष की महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस के मामलों में 20 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी के कारण जागरूकता, समय पर पहचान और सही इलाज बहुत जरूरी हो गया है। देश में एंडोमेट्रियोसिस एक आम समस्या बनती जा रही है। हर 10 महिलाओं में से 1 इस बीमारी से ग्रस्त हो रही है। डॉक्टरों का कहना है कि इस बीमारी की जल्द पहचान कर इलाज करवाने से ही बांझपन की वजह बनने वाली इस दर्दनाक मर्ज को कम किया जा सकता है। क्योंकि इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज नहीं है, इसलिए महिलाओं को लक्षण महसूस होते ही डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। मुंबई के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा माधव कहती हैं कि 20-40 वर्ष की महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस के मामलों में 20 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी के कारण जागरूकता, समय पर पहचान और सही इलाज बहुत जरूरी हो गया है। कई महिलाओं में यह बीमारी सालों तक पहचान में ही नहीं आ पाती है, जिससे उनका जीवन प्रभावित होता है और बांझपन का खतरा बढ़ जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है जिसमें गर्भाशय की परत के समान ऊतक गर्भाशय के बाहर विकसित होते हैं। यह पेडू में गंभीर दर्द पैदा कर सकता है और गर्भवती होने में मुश्किल पैदा कर सकता है। यह बीमारी पहले मासिक धर्म से शुरू होकर रजोनिवृत्ति तक बनी रह सकती है। इस बीमारी से महिलाओं में पेल्विक (पेडू) दर्द, दर्दनाक पीरियड्स, थकान और कुछ मामलों में बांझपन शामिल हैं। यह महिलाओं में तनाव, चिंता, मूड स्विंग और डिप्रेशन भी पैदा कर सकता है। जिनोवा शाल्बी अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्वेता लालगुड़ी ने बताया कि एंडोमेट्रियोसिस के मामलों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सही वक्त पर डॉक्टर से सलाह लेने से जल्दी इलाज संभव हो सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, एंडोमेट्रियोसिस एक सार्वजनिक स्वास्थ्य विकार है जो वैश्विक स्तर पर 24.7 करोड़ महिलाओं और भारत में 4.2 करोड़ महिलाओं को प्रभावित करता है। मदरहुड अस्पताल, नवी मुंबई की विशेषज्ञ डॉ सुरभि सिद्धार्थ कहती हैं कि एंडोमेट्रियोसिस को पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता, क्योंकि यह मुख्य रूप से हार्मोनल असंतुलन और आनुवंशिक कारणों से होता है।

# राष्ट्रपति ट्रंप का एक और चौंकाने वाला फैसला, रोकी नए सिक्के की ढलाई, ट्रेजरी को दिया निर्देश

**विचार**

> मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप फार्मास्यूटिकल, तेल और सेमीकंडक्टर जैसी चीजों पर भी टैरिफ लगा सकते हैं और फिलहाल इस पर विचार हो रहा है।

**वाशिंगटन।** चार साल बाद सत्ता में लौटने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। अब एक बार फिर उन्होंने चौंकाने वाला निर्देश जारी किया है। ट्रंप ने नए सिक्के की ढलाई रोकने के लिए ट्रेजरी को निर्देश दिया है। ट्रंप ने इसके पीछे



अधिक लागत का हवाला दिया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल साइट पर इस बाबत एक पोस्ट भी किया। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा कि बहुत लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेनी (सिक्का) की ढलाई की है। इसकी कीमत 2 सेंट से अधिक है। यह बहुत ज्यादा है। इसलिए मैंने अमेरिकी ट्रेजरी के अपने सचिव को नए पैसे का उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, आइए हमारे महान राष्ट्रों के बजट से बर्बादी को बाहर निकालें, भले ही यह एक समय में एक पैसा ही क्यों न हो।इसके साथ ही ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का भी एलान किया है। रविवार को राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि वे विभिन्न देशों पर पारस्परिक टैरिफ भी लगाएंगे। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वे किस पर पारस्परिक टैरिफ लगाने जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसके संकेत दिए कि जो भी देश अमेरिका पर ज्यादा टैरिफ लगाता है, वे भी उस देश पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी स्टील पर 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। गौरतलब है कि गौरतलब है कि ट्रंप के नए प्रशासन का ध्यान लागत में कटौती करने, संपूर्ण एजेंसियों और बड़ी संख्या में संघीय कार्यबल को बर्खास्त करने पर केंद्रित है। इसी एजेंडे के तहत ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको पर बीते दिनों 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था। हालांकि बाद में ट्रंप ने दोनों देशों पर टैरिफ लगाने के अपने फैसले को 30 दिनों के लिए टाल दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप फार्मास्यूटिकल, तेल और सेमीकंडक्टर जैसी चीजों पर भी टैरिफ लगा सकते हैं और फिलहाल इस पर विचार हो रहा है। ट्रंप, अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बेहतर करने और व्यापार घाटे को कम करने के लिए ये कदम उठा रहे हैं, लेकिन इन कदमों से पूरी दुनिया पर आर्थिक असर हो रहा है।

## उग्रवादियों ने चौकी से लूटे हथियार और गोला-बारूद, रिजर्व बटालियन निशाने पर

**नई दिल्ली।** मणिपुर में उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की चौकी से हथियार और गोला-बारूद लूट लिए। सुरक्षाबलों के मुताबिक रिजर्व बटालियन निशाने पर हैं। उग्रवादी छह एसएलआर लेकर भाग गए। प्रतिबंधित संगठन के तीन उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं। मणिपुर के थौबल जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी को निशाना बनाते हुए हथियार और गोला-बारूद लूट लिए और फरार हो गए। काकमाई इलाके में शनिवार रात हुई इस घटना के बाद सनसनी फैल गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि बंदूकधारी वाहनों में सवार होकर आए और चौकी में आईआरबी और मणिपुर राइफल्स के जवानों से छह एसएलआर और तीन एके राइफलें लूट ले गए।

## पोप के सहयोगी ने अमेरिका की प्रवासी नीति औरयूएसएआईडी कटौती पर जताई चिंता, ट्रंप से की ये अपील

**वेटिकन सिटी।** कार्डिनल चेर्नी, जो वेटिकन के प्रवासी, पर्यावरण और कैरिटास इंटरनेशनलिस जैसे चर्च सहायता संगठनों के प्रमुख हैं, ने कहा कि अमेरिका की नई नीतियों से प्रवासियों में डर का माहौल बन रहा है और चर्च संचालित महत्वपूर्ण सहायता कार्यक्रम खतरे में पड़ गए हैं। पोप फ्रांसिस के प्रवास और विकास मामलों के प्रमुख कार्डिनल माइकल चेर्नी ने अमेरिका की ट्रंप प्रशासन की तरफ से प्रवासियों पर की जा रही सख्ती और यूएसएआईडी के बजट में कटौती पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने अमेरिकी सरकार से ईसाई मूल्यों को अपनाने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की।

## ट्रंप के कार्यकारी आदेशों की अब सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा, फैसलों पर पूरे देश की निगाहें टिकीं

**आदेश**

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई कार्यकारी आदेश को कानूनी तौर पर चुनौती दी गई है और कई मामलों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

**वॉशिंगटन।** सुप्रीम कोर्ट में कई जज ऐसे हैं, जिनकी नियुक्ति खुद ट्रंप ने की थी। ऐसे में ट्रंप के कई फैसलों पर सुप्रीम कोर्ट क्या आदेश देता है, इस पर पूरे देश की नजरें हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई कार्यकारी आदेश को कानूनी तौर पर चुनौती दी गई है और कई मामलों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। ऐसे में ट्रंप प्रशासन के कार्यकारी आदेश लागू होंगे या नहीं, इसका



फैसला सुप्रीम कोर्ट करेगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में कई जज ऐसे हैं, जिनकी नियुक्ति खुद ट्रंप ने की थी। ऐसे में ट्रंप के कई फैसलों पर सुप्रीम कोर्ट क्या आदेश देता है, इस पर पूरे देश की नजरें हैं।

न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के ब्रेनन सेंटर के अध्यक्ष और कानूनी विशेषज्ञ और लेखक माइकल वाल्डमैन का कहना है कि यह सुप्रीम कोर्ट की परीक्षा होगी कि वे संविधान के सिद्धातों के साथ हैं या नहीं। कई चीजें गैरकानूनी हैं और मुझे उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट उनके लिए स्टैंड लेगा। डोनाल्ड ट्रंप के कई कार्यकारी आदेशों पर विवाद है और बहुत संभव हैं कि उन्हें चुनौती दी जाए। जन्मसिद्ध नागरिकता और संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने जैसे सरकार के कदमों को पहले ही निचली अदालतों में चुनौती दी गई और उन पर रोक भी लगी। अब सरकार इन मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने वाली है। जिन आदेशों पर विवाद है, उनमें ट्रांसजेंडर्स पर प्रतिबंध, शरणार्थियों की संख्या सीमित करने, यूएसएआईडी द्वारा फंडिंग पर रोक, एलन मस्क और उनकी टीम की संवेदनशील डेटा तक पहुंच जैसे मामले हैं, जिन पर भी सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर सकता है। अपने पिछले कार्यकाल में भी ट्रंप को अपने कई फैसलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के विरोध का सामना करना पड़ा था। वहीं कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप सरकार के आदेशों को बरकरार भी रखा था। अब इस कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट क्या रुख अपनाता है, इस पर लोगों की निगाहें हैं।

# फ्रांस रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई शिखर सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को एआई शिखर सम्मेलन-2025 की फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ अध्यक्षता करेंगे। इसमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी मौजूद होंगे। पीएम मोदी फ्रांसीसी कंपनियों के प्रमुखों से मिलेंगे और बुधवार को विशिष्ट लोगों के लिए आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढ्ढ एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए फ्रांस रवाना हो गए हैं। वे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का दौरा करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। फ्रांस के बाद वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एआई महत्वाकांक्षा व चीनी चैटबॉट डीपसीक के साये में सोमवार से फ्रांस की राजधानी पेरिस में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन शुरू होगा। इस सम्मेलन में एआई की भूराजनीति पर ध्यान केंद्रित रहने की संभावना है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को एआई शिखर सम्मेलन-2025 की फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ अध्यक्षता करेंगे। इसमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी मौजूद होंगे। पीएम मोदी फ्रांसीसी कंपनियों के प्रमुखों से मिलेंगे और बुधवार को विशिष्ट लोगों के लिए आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे।

सम्मेलन में वैश्विक नेता, अधिकारी व विशेषज्ञ एआई प्रौद्योगिकी के विकास को दिशा देने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। यह सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है, जब चीन के किफायती डीपसीक चैटबॉट ने उद्योग को हिला रखा है। सम्मेलन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि एआई का किस तरह उपयोग हो, ताकि सबको लाभ मिले व जोखिम नियंत्रित रहें। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो, ओपेनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ व गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई सहित 80 देशों के अधिकारी व सीईओ इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। चैटजीपीटी की शुरुआत के दो साल से भी अधिक समय बाद जनरेटिव एआई बहुत तेजी से प्रगति कर रही है। गत वर्ष ब्रिटेन में शिखर सम्मेलन के दौरान 28 देशों ने एआई जोखिमों से निपटने के लिए गैर-बाध्यकारी प्रतिबद्धता जताई थी। पेरिस शिखर सम्मेलन में भी एआई सुरक्षा एजेंडे में है। मैक्रों के कार्यालय के अनुसार, अधिक नैतिक, लोकतांत्रिक व पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ एआई के लिए संयुक्त राजनीतिक घोषणा पर हस्ताक्षर करने के उद्देश्य से काम किया जा रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका इस तरह के उपाय से सहमत होगा या नहीं।

# लंदन में बंगाली में लिखे साइनबोर्ड पर ब्रिटिश सांसद ने जताई आपत्ति



**लंदन।** एलन मस्क पर यूरोप की राजनीति में भी दखल देने का आरोप लग रहा है। वे जर्मनी के चुनाव में खासे सक्रिय हैं। अब वे अमेरिका के अलावा अन्य देशों के मुद्दों पर भी अपने विचार खुलकर रख रहे हैं। लंदन में एक साइनबोर्ड के विवाद में अमेरिका के अरबपति कारोबारी एलन मस्क भी कूद गए हैं। दरअसल ब्रिटेन के एक सांसद ने बंगाली भाषा में लिखे साइनबोर्ड पर आपत्ति जताई तो सोशल मीडिया पर इसे लेकर बहस हो गई। एलन

**समर्थन**

> उल्लेखनीय है कि मस्क ब्रिटेन में धुर दक्षिणपंथी राजनीति का समर्थन कर रहे हैं।

मस्क ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी और ब्रिटिश सांसद का समर्थन किया। गौरतलब है कि एलन मस्क पर यूरोप की राजनीति में भी दखल देने का आरोप लग रहा है। वे जर्मनी के चुनाव में खासे सक्रिय हैं। अब वे अमेरिका के अलावा अन्य देशों के मुद्दों पर भी अपने विचार खुलकर रख रहे हैं। दरअसल लंदन के व्हाइटचैपल स्टेशन पर एक साइनबोर्ड लगा है, जिस पर इंग्लिश भाषा के साथ ही बंगाली भाषा में भी लिखा हुआ है। ग्रेट योरमाउथ सीट से सांसद रुपर्ट लोवे ने इस पर आपत्ति जताई और लंदन में स्टेशन का नाम इंग्लिश के साथ ही बंगाली भाषा में लिखे जाने पर नाराजगी जाहिर की। ब्रिटिश सांसद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ये लंदन है- स्टेशन का नाम इंग्लिश में होना चाहिए और सिर्फ इंग्लिश में होना चाहिए। ब्रिटिश सांसद के इस पोस्ट पर बड़ी संख्या में यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई यूजर्स सांसद का समर्थन कर रहे हैं, वहीं कई यूजर्स ऐसे हैं, जिनका मानना है कि दो भाषाओं में साइनबोर्ड होने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। टेस्ला के सीईओ और अमेरिकी सरकार में सरकारी दक्षता विभाग संभाल रहे दिग्गज कारोबारी एलन मस्क ने भी रुपर्ट लोवे की पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी और यस लिखा। इस तरह मस्क ने ब्रिटिश सांसद की बात का समर्थन किया। गौरतलब है कि मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का खुलकर समर्थन किया था और ट्रंप भी अप्रवासियों के मुद्दे पर सख्त हैं और स्थानीय लोगों के लिए संरक्षणवादी राजनीति कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मस्क ब्रिटेन में धुर दक्षिणपंथी राजनीति का समर्थन कर रहे हैं। इसी तरह फ्रांस और जर्मनी में भी मस्क ने दक्षिणपंथी राजनीति करने वाले दलों के नेताओं के प्रति समर्थन जताया है। गौरतलब है कि लंदन के व्हाइटचैपल स्टेशन के बाहर इंग्लिश के साथ ही बंगाली में लगा साइनबोर्ड साल 2022 में इलाके की बांग्लादेशी समुदाय के योगदान को देखते हुए लगाया गया था।

# मेक्सिको की खाड़ी अब अमेरिका की खाड़ी के नाम से जानी जाएगी




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। डोनाल्ड ट्रंप इस आदेश पर उस समय हस्ताक्षर किए, जब वे खुद अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन से अमेरिका की खाड़ी के ऊपर उड़ान भर रहे थे। ट्रंप दरअसल न्यू ऑर्लियंस में सुपर बाउल में शामिल होने जा रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने का एलान कर दिया था और अब आधिकारिक तौर पर उस आदेश पर हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि मेक्सिको की खाड़ी को बीते 400 वर्षों से इसी नाम से जाना जाता था। हालांकि ट्रंप का कहना है कि अमेरिकी शहर न्यू मेक्सिको की वजह से इसे मेक्सिको की खाड़ी कहा जाता था। खाड़ी का नाम बदलने का एलान करते हुए ट्रंप ने कहा था कि खाड़ी का नाम अमेरिका के नाम पर होना चाहिए क्योंकि इस पर अधिकतर नियंत्रण अमेरिका का है। मेक्सिको और क्यूबा का भी इसमें हिस्सा है। अमेरिका के लिए ये खाड़ी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र है, जिसमें मछली पालन, बिजली उत्पादन और व्यापार आदि गतिविधइयां प्रमुख हैं। ट्रंप ने कहा था कि मेक्सिको की खाड़ी को अमेरिका की खाड़ी के नाम से जाना जाना चाहिए क्योंकि ये हमारा क्षेत्र है। ट्रंप ने भले ही मेक्सिकी की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी कर लिया हो, लेकिन दुनिया के दूसरे देश इस आदेश से नहीं बंधे हैं। ट्रंप का ये कदम मेक्सिको के खिलाफ कार्रवाई का हिस्सा माना जा रहा है। ट्रंप, मेक्सिको पर अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध अप्रवासन को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं। ट्रंप ने बीते दिनों मेक्सिको के साथ ही कनाडा पर भी टैरिफ लगाने का आदेश दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने इस पर कुछ दिन की रोक लगा दी है।

## ट्रंप का एक और धमाका

**वॉशिंगटन।** रविवार को राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि वे विभिन्न देशों पर पारस्परिक टैरिफ भी लगाएंगे। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वे किस पर पारस्परिक टैरिफ लगाने जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसके संकेत दिए कि जो भी देश अमेरिका पर ज्यादा टैरिफ लगाता है, वे भी उस देश पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने के बाद से ही नए-नए एलान कर रहे हैं, जिनका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। अब डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया एलान किया है, उन्होंने कहा है कि वे स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। इस संबंध में ट्रंप जल्द ही आधिकारिक एलान करेंगे।

# प्राथमिकता पर करें स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण : जिलाधिकारी

**शासन की योजना स्मार्टफोन वितरण को लेकर जिलाधिकारी गंभीर**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में सोमवार को विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधकों की स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा एक आवश्यक बैठक ली गई। उन्होंने बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण की समीक्षा की।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कई कॉलेजों द्वारा स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण में की जा रही शिथिलता को लेकर कहा कि यदि तीन दिनों के अंदर वितरण का डेटा वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन तथा टैबलेट को विद्यार्थियों में समय पर वितरित न करना अपराध की श्रेणी में आएगा जिसके लिए दंड के प्रावधान सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त कालेजों से आए हुए प्राचार्य एवं प्रबंधकों से इस संबंध में सीधा संवाद किया और एक-एक कर प्रगति की समीक्षा की साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी विद्यार्थियों को डिजिटल सशक्त बनाने हेतु स्मार्टफोन और टैबलेट को उन तक पहुंचाने का जिम्मा आप को सौंपा है जिसे प्राथमिकता पर करे है। तीन दिनों के भीतर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करें इसमे एक भी स्मार्टफोन से जुड़ा प्रकरण लंबित न रहे। जौनपुर के सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट ने क्रमवार महाविद्यालयों की सूची प्रस्तुत की जिनके यहां अभी तक स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित नही हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने सभी प्राचार्य गण से इस बिंदु पर त्वरित कार्यवाही की अपेक्षा की। परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने महाविद्यालय से आए हुए समस्त प्रतिनिधिगण से कहा कि आगामी 3 दिवस में सभी पात्र विद्यार्थियों को नियमानुसार स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित कर वेबसाइट पर अपलोड कर दें। कार्यक्रम में स्वागत एवं संचालन जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो.मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल,उप कुलसचिव अजीत सिंह, संजय सिंह,रजनीश सिंह,राजेश सिंह सहित संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा विकास खण्ड करंजाकला के प्राथमिक विद्यालय सिद्दीकपुर, जौनपुर में बच्चों को एल्बेंण्डाजोल की दवा खिलाकर, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का उद्घाटन किया गया। प्राथमिक विद्यालय सिद्दीकपुर, जौनपुर में कुल 97 बच्चों को दवा खिलायी गयी। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कों निर्देशित किया कि समस्त निजी, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में 06 से 19 वर्ष तक के सभी छात्र/छात्राओं को तथा स्कूल न जाने वाले बच्चे एवं बच्चियों को आगनवाड़ी केन्द्रों पर एल्बेंण्डाजोल की दवा खिलाया जाना सुनिश्चित करें साथ ही समस्त जनपद एवं ब्लॉक के अधिकारी 1-1 स्कूल का भ्रमण कर अपने सामने बच्चों को दवा खिलायेंगें। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के अन्तर्गत 01 से 19 वर्ष के आयु के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिये जनपद में कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शहरी एवं ग्रामीण क्षत्रों में मनाया जाना है। अभियान में समस्त आगनवाड़ी केन्द्रों पर आगनवाड़ी कार्यकर्ती के माध्यम से एवं निजी, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में सभी छात्र/छात्राओं को अध्यापक के माध्यम से एल्बेण्डाजोल खिलाई जायेगी। जनपद में कुल 2391100 बच्चों (01 से 19 वर्ष) को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान 10 फरवरी 2025 को जिलाधिकरी द्वारा किया गया है। छूटे हुए बच्चों को आच्छादित करने के लिए दिनांक 14 फरवरी 2025 को मॉपअप दिवस आयोजित किया जाना है। उक्त अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव कुमार एवं चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करंजाकला सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उकनी ग्राम सभा के लोगों ने विडियो को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** ब्लॉक के उकनी गांव ग्रामवासियों तथा भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने संयुक्त रूप से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। ग्रामीणों ने प्रदर्शन के बाद खंड विकास अधिकारी सूर्य कान्त पांडेय को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने पर पहुंचे उकनी गांव निवासी मुलायम यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रिया सिंह पर कई मामलों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर खेल मैदान का समतलीकरण करने व रैगिंग ट्रैक बिना निर्माण कराएं 15 लाख रुपये की धनराशि गबन, अमृत सरोवर योजना के तहत जेसीबी मशीन तालाब खुदाई में दस लाख से अधिक की धनराशि आहरित पर भी काम आधा अधूरा कराया गया, अमरपाल से देवी प्रसाद के खेत तक कार्य को मनरेगा से भुगतान कराकर जेसीबी से कराया गया, वीरेंद्र सिंह के पाही से बसुही नदी तक नल का निर्माण दिखाकर 2 लाख की धनराशि आहरित की गई जब नल का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ था व ग्राम प्रधान द्वारा अपने ही दरवाजे पर बिना इंटरलॉकिंग कार्य योजना बनाएं तीन लाख रुपये का गबन करने सहित आदि भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव के विकास के कई मामलों में भ्रष्टाचार किया गया है। भ्रष्टाचार का आरोप उजागर करने पर उक्त गांव निवासी मुलायम यादव समेत आदि लोगों ने ग्राम प्रधान पति शैलेश सिंह द्वारा फर्जी मुकदमे में फसाने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी सूर्यकांत पांडेय को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर ग्राम प्रधान की जांच कर कार्रवाई की मांग की। खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को समझा बुझा का प्रदर्शन को समाप्त कराया और जांच करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में मुलायम यादव, हर्षित यादव, संदीप यादव, राम शिरोमणि, सूरज सिंह, जय सिंह यादव, संतोष कुमार, धीरज यादव, आर आर यादव, जयप्रकाश व बाबूराम आदि लोग मौजूद रहे।

## एन्टी ह्यूमन ट्रैफकिंग व श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने मारा छापा

**आजमगढ़।** निदेशक, मुख्यालय महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुर्नवास, किशोर श्रम उन्मूलन हेतु बच्चों और किशोरों को बालश्रम से बचाने एवं पूर्नवास अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी थाना ए.एच.टी. अपर पुलिस अधीक्षक यातायात महोदय के पर्यवेक्षण में थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफकिंग व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना क्षेत्र अहरौला के कस्बा अहरौला,कस्बा फूलवरियां व माहुल के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, ढ़ाबोंध्रेस्टोरेंट ऑटो मोबाइल की दुकानों, गैराजों पर सघन चेकिंग किया गया। उक्त अभियान के दौरान कुल 10 बाल श्रमिकों को कार्य करते हुए पाया गया। मौके पर कार्य कर रहे बाल श्रमिकों को उनके परिजनों को बुलवाकर चेतावनी देते हुए उनकी सुपुर्दगी में दिया गया तथा हिदायत दी गयी कि बच्चों से भविष्य मे बालश्रम न करायें।

# पी एम श्री स्कूल नाथूपुर में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**स्वच्छता नियमों के पालन से मिल सकती है कृमि से मुक्ति : अरविंद**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (सिरकोनी)** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल पर राष्ट्रीय मुक्ति दिवस के मौके पर पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की और उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय की मुक्ति दिवस का मकसद हमें परजीवी कृमि संक्रमण से निपटना है जिससे बच्चों के स्वास्थ्य , पोषण और शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार होता है । इसके लिए जरूरी है कि बच्चे मिट्टी से बचें और स्वच्छ भोजन और स्वच्छ पानी पिए तथा स्वच्छता के नियमों का पालन करें । इस मौके खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अभियान में सिरकोनी विकास क्षेत्र के परिषदीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं में लगभग 40000 बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई ,जो बच्चे आज अनुपस्थित या छूटे हुए हैं उनको माप दिवस में दवा दी जाएगी। कार्यक्रम में भारती सिंह, राममिलन ,अनिल कुमार मौर्य ,शक्ति सिंह, अभिषेक सिंह, रितु गौड़, खुशबू चौरसिया, बिंदु कुमार गौतम सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री नें ममता कनौजिया को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय जोकनई, ब्लॉक कौंधियारा की शिक्षिका श्रीमती ममता कनौजिया को उनके कला क्राफ्ट और पपेट्री प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान समारोह राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश की महानिदेशक स्कूल शिक्षा, श्रीमती कंचन वर्मा और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने उन्हें मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए प्रयासों एवं कार्यों की सराहना की। इस उपलब्धि पर जनपद और ब्लॉक के शिक्षा विभाग के अधिकारियों और सहकर्मी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया और श्रीमती कनौजिया को बधाइयां दीं। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल शिक्षिका की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि जनपद के लिए भी गर्व का विषय है। श्रीमती ममता कनौजिया ने अपनी शिक्षण विधियों में नवाचार लाते हुए बच्चों को कला और पपेट्री के माध्यम से शिक्षा को रुचिकर बनाया है। उनकी इस अनूठी शैली ने बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाई और बेहतर शैक्षिक परिणाम दिए। उनका मानना है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और कौशल को भी बढ़ावा देना चाहिए।

## उप-निरीक्षक से पदोन्नत होकर बने निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर दी बधाई



**आजमगढ़।** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित किये जाने के फ्लस्वरूप जनपद के पुलिस उप-निरीक्षक जयप्रकाश सीसीटीएनएस कार्यालय आजमगढ़ को पुलिस निरीक्षक सीसीटीएनएस कार्यालय आजमगढ़ के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी, जिसके क्रम में आज पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय आजमगढ़ में उप-निरीक्षक (सीसीटीएनएस कार्यालय) जयप्रकाश के कंधों पर तीन स्टार लगाकर बधाई दी गयी।

# हृदय सिन्धु की लहरें पुस्तक का हुआ लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विश्व हिंदी शोध एवं संवर्धन अकादमी आजमगढ़ इकाई के तत्वावधान में आयोजित, आजमगढ़ के भदुली बाजार स्थित साईं इण्टर नेशनल स्कूल के विशाल सभागार में विश्व हिन्दी शोध एवं संवर्धन अकादमी आजमगढ़ इकाई के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार रुद्रनाथ चौबे ष्रुद्रष् जी द्वारा रचित, उनके चौथे काव्य संग्रह हृदय सिन्धु की लहरेंष् का भव्य लोकार्पण समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। विश्व हिन्दी शोध एवं संवर्धन अकादमी के संस्थापक व निदेशक सुविख्यात साहित्यकार हीरालाल मिश्र मधुकर (वाराणसी) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा दुर्गा जी पी जी कालेज आजमगढ़ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रवेश सिंह जी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यभूषण राजाराम सिंह और संचालन आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के महासचिव संजय पांडेय ने किया।समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में डी ए वी पी जी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ जगदम्बा प्रसाद दूबे जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व धूप-दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात सरस्वती वंदना आदरणीया प्रीती वर्मा जी (शिक्षिका) के द्वारा प्रस्तुत की गई। अतिथियों का स्वागत सम्मान माल्यार्पण, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया गया। कार्यक्रम में आये हुए समस्त काव्यप्रेमियों ,रचनाकारों एवं साहित्यकारों का स्वागत माल्यार्पण के द्वारा किया गया। कुशाग्र व सक्षम जुड़वा बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके आए हुए सभी अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

विश्व हिंदी शोध एवं संवर्धन अकादमी आजमगढ़ इकाई के महामंत्री लालबहादुर चौरसिया लाल व सभी पदाधिकारियो ने रचनाकार रुद्र जी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। महासचिव संजय पान्डेय सरस जी ने पुस्तक के रचनाकार रुद्र नाथ चौबे रुद्र को अपनी संस्था का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । रचनाकार को सम्मानित करने के क्रम में तमसा काव्य मंच आजमगढ़ के द्वारा तमसा प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में उ0 प्रा0 वि0 रैसिंहपुर के अध्यापकों के द्वारा रचनाकार को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया । तदुपरांत आये हुए विद्वान साहित्यकारों के द्वारा पुस्तक 'हृदय सिन्धु की लहरें' का भव्य लोकार्पण हुआ। अपने लेखकीय उद्बोधन में सभी आगन्तुकों का अभिनन्दन करते हुए रुद्र नाथ चौबे रुद्र जी ने पुस्तक की एक रचना ( 'मन की वीणा बजाये मेरी सर्जना') का काव्यपाठ किया । कवयित्री अनीता राज, सरोज यादव एवं शालिनी राय जी के द्वारा 'हृदय सिन्धु की लहरें' पुस्तक से खूबसूरत गीतों की प्रस्तुति दी गई।




डॉ जगदंबा प्रसाद दूबे ने लोकार्पित पुस्तक की बारीकियों पर व्यापक प्रकाश डालते हुए पुस्तक को लोकोन्मुख बताया तथा रचनाकार रुद्रनाथ चौबे रुद्र की भूरि भूरि प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डाक्टर प्रवेश कुमार सिंह जी ने पुस्तक की रचनाओं को काव्यसौष्ठव व पद लालित्य के दृष्टिकोण से उत्कृष्ट बताया । मुख्य अतिथि हीरालाल मिश्र मधुकर ने पुस्तक को जीवन के विभिन्न पहलुओं में रचा बसा एक दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि आज के क्षरित होती मानवीय संवेदना के समय में ऐसे रचनाकारों की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष राजाराम सिंह जी ने पुस्तक ष्हृदय सिंधु की लहरें को मानवीय मूल्य का संरक्षण करने वाली पुस्तक बताया। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार हरिहर पाठक, डॉ मनीषा मिश्रा, डाक्टर ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी, भोलानाथ त्रिपाठी विह्वल, गिरीश पांडेय, टीकाराम शर्मा आचार्य, दिनेश दानिश, सोहनलाल गुप्त, विजयेंद्र श्रीवास्तव, राकेश पांडेय सागर, महेंद्र मृदुल, विजय प्रताप बुढ़नपुरी, घनश्याम यादव, घनश्याम यादव जे.ई.। आदित्य आजमी, राजकुमार आशीर्वाद, देवेंद्र तिवारी देव, लालबहादुर चौरसिया लाल, महेंद्र मौर्य, अशोक कुमार यादव, रोहित राही, अभिराज बेदर्दी , जयहिंद सिंह हिंद, शिवकुमार प्रियदर्शी, रवीन्द्र फौजी, विजय बागी, गुलशन फरीदाबादी ,ददरा ग्राम प्रधान के साथ भारी संख्या में ग्राम के निवासी गण तथा रैसिंहपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षको सहित सैकड़ों की संख्या में साहित्यकार व साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक भागवत तिवारी ने आए हुए सभी लोगों का आभार ज्ञापित किया।

# पीडीए पंचायत का कार्यक्रम लालगंज विधानसभा में आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विधानसभा लालगंज में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर ष्पीडीएष् कार्यक्रम ष्हो बाबा साहब के मान की चर्चा, घर-घर पहुंचे पीडीए पर्चा कार्यक्रम का आयोजन लालगंज विधान सभा के विकास खण्ड ठेकमा के ग्राम पंचायत जमुआवा के प्रांगण में आयोजित किया गया। पीडीए पंचायत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के लालगंज विधायक बेचई सरोज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करने वाली देश की पहली सरकार हो गई है। भाजपा सरकार दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों, महिलाओं, छात्रों, नौजवानों, किसानों, बेरोजगारों, बुनकरों, व्यापारियों के साथ अत्याचार करने का काम कर रही है स सही बात कहने वालों पर फर्जी मुकदमा लगाकर जेल में डाला जा रहा है।विधायक बेचई सरोजने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक न्याय की बात नहीं करना चाहती है भाजपा के राज्य में कानून खत्म हो चुका है सामंतवादी विचारधारा के लोग सत्ता सीन हो चुके हैं जिस देश में बेरोजगारी,महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नाम देश और प्रदेश को भाजपा सरकार लूटने का काम कर रही है। विधायक बेचई सरोज ने कहा कि पीडीए कार्यक्रम के माध्यम से नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के काले कारनामों को जनता में बताने काम करें और अखिलेश यादव जी की सरकार में किए गए विकास कार्यों को जनता में बताने का काम करें। जिस संविधान के बदौलत सबको समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुत्व, सामाजिक समरसता व समानता का अधिकार बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दिया है उसे अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाप्त करना चाहती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष राजनरायन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार धर्म जाति मजहब का नाटक करके देश और प्रदेश की जनता को धोखा देने का काम किया है। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख विनोद यादव जिला सचिव डॉ कमालुद्दीन अल्पसंख्यक जिला सचिव, भोला सरोज,विजय प्रकाश यादव सेक्टर प्रभारी, रविंद्र सरोज सह सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी बच्चा राजभर, सचिन (दीवान) मनोज जितेंद्र पवन अनिल तेज प्रताप मौर्य मनीष सिंह विजय कुमार यादव मेट्रो सरोज बेचू मौर्य,ग्रामीण आदि लोग कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बिजली-पानी और आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

**बाँदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों ने बिजली कटौती, पानी की समस्या और अन्ना पशुओं के आतंक के खिलाफ सोमवार को सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर उपजिला अधिकारी को दिया ज्ञापन। फसल की सिंचाई के महत्वपूर्ण समय में बबेरू क्षेत्र में अनियंत्रित बिजली कटौती हो रही है। किसान दिन-रात मेहनत कर अपनी फसलों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं,लेकिन बिजली की अनिश्चित आपूर्ति से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।क्षेत्र में गौशालाएं बनी होने के बावजूद अन्ना मवेशी किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। किसानों का कहना है,कि प्रशासन द्वारा गौशालाओं का सही संचालन नहीं हो रहा है, जिससे छुट्टा पशु खेतों में घुसकर पूरी फसल चौपट कर रहे हैं। थक-हारकर किसानों ने शहर कोतवाली क्षेत्र के अशोक लाट में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया।

# जीडी ग्लोबल स्कूल में डीएम ने कृमि मुक्ति दिवस मनाया

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2025 की थीम वर्म फ्री चिल्ड्रेन, नेशन है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने फीता काटकर किया। विद्यालय के प्रबंधक गौरव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल तथा मुख्य चिकित्साधिकारी अशोक कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। विद्यालय के बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।महाकुंभ की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों द्वारा महाकुंभ पर सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। राष्ट्र के बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त करने तथा समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बच्चों द्वारा मनमोहक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई । मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1-19 वर्ष की आयु के सभी पूर्वस्कूली और स्कूली बच्चों (नामांकित और गैर-नामांकित) को कृमि मुक्त करना है, ताकि उनके समग्र स्वास्थ्य, पोषण स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में कृमि पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते हैं, और एनीमिया, कुपोषण और मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, 2015 में भारत सरकार ने 1-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को कृमि मुक्त करने के लिए एक निश्चित दिन आंगनवाड़ी और स्कूल-आधारित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत की। और यह निश्चित दिन 10फरवरी निर्धारित है। इस वर्ष का हमारा लक्ष्य है कि सभी बच्चे कृमि संक्रमण मुक्त हों। विद्यालय के विद्यालय के प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए अपने संदेश में कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती है। हम सबको इससे अवगत रहते हुए लोगों को जागरुक करना चाहिए तथा लाभान्वित होना चाहिए। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य 1 से 19 साल के बच्चों को कृमि मुक्त करना है। स्कूलों के माध्यम से बच्चों को कृमिनाशक दवाएं दी जाती हैं। कार्यकारी निदेशक अग्रवाल ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कृमि संक्रमण से छुटकारा पाने से बच्चों का स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। कृमि संक्रमण से बचने के लिए, बच्चों को नियमित रूप से कृमिनाशक दवाएं देनी चाहिए। कृमि संक्रमण से बचने के लिए, बच्चों को साफ पानी पीना चाहिए और सुरक्षित भोजन करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृमि संक्रमण से मुक्त होने की यह दवा एलबैंडाजोल न केवल शारीरिक अपितु आपका मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा बनाएगा। साथ ही साथ जब आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तभी आपकी शैक्षिक प्रगति भी अच्छी होगी।उन्होंने सरकार की इस योजना से लोगों को लाभान्वित करने के लिए सम्मानित अधिकारियों को बधाई भी दी।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता,**
**जोन-6, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 745/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनांक :- 10/02/2025

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 17/02/2025 अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएं दिनांक 17/02/2025 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएँ दिनांक 17/02/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-6 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. जलकल विभाग, जोन-6 के अन्तर्गत 10 नग इलेक्ट्रानिक क्लोरीनेटर विद इंजेक्टर 6 एल.पी.एम कैपिसिटी की आपूर्ति व अधिष्ठापन का कार्य, धरोहर राशि रू0 8000.00 एवं निविदा राशि रू0 400.00
2. जलकल विभाग जोन-6 के अन्तर्गत कुल 10 स्थानों (1. शीला निषाद सरदार नगर, 2. राजू के घर के पास सरदार नगर, 3. आंगनबाड़ी के पास सरदान नगर, 4. आर0बी0 स्कूल के पास सबनाम गार्डेन 5. आजाद नगर मन्दिर के पास, 6. निकट मरी माता मन्दिर राजेश अर्कवंशी के घर के पास, 7. एकता नगर में आशीष के घर के पास 8. एकता नगर रोड चेतना इण्टर कालेज, 9. बरौरा हुसैन बाड़ी पप्पू के घर के पास, 10. संगीता के घर के पास बरौरा हुसैन बाड़ी प्रेमनगर) 10 नग सबमरसिबुल नलकूपों की मरम्मत का कार्य धरोहर राशि रू0 6500.00, एवं निविदा राशि रू0 350.00

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने पैनोरमिक सनरूफ के साथ एस्टर 2025 को किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने आज अपनी श्रेणी में भारत की सबसे उन्नत एसयूवी एमजी एस्टर



का एमवाई 2025 एडिशन लॉन्च किया, जिसमें शाइन और सेलेक्ट वेरिएंट के लिए नए फीचर्स पेश किए गए हैं। एस्टर 2025 का शाइन वेरिएंट एक पैनोरमिक सनरूफ और छह स्पीकर के साथ आ रहा है, जिससे ड्राइविंग का अनुभव और भी शानदार हो जाता है। इससे एमजी एस्टर अपने सेगमेंट में 12.5 लाख रुपये से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ देने वाली एकमात्र एसयूवी बन गई है। सेलेक्ट वेरिएंट में छह एयरबैग और प्रीमियम आइवरी लेदरेट सीट्स को जोड़ा गया है, जो सुरक्षा और आराम को और बढ़ाते हैं। एआई टेक्नोलॉजी से लैस यह भारत की पहली एसयूवी है, जो स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सेवी प्रो वेरिएंट में उपलब्ध होगी, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये होगी। एमजी एस्टर एमवाई 25 के वेरिएंट में कई रोमांचक फीचर्स दिए गए हैं फ्रंट रो में वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले, और अतिरिक्त सुरक्षा और सुविधा के लिए ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम, साथ ही एक समग्र ड्राइविंग अनुभव के लिए अपग्रेडेड आई-स्मार्ट 2.0 के साथ एडवांस्ड यूजर इंटरफेस। एमजी एस्टर 2025 को आई-स्मार्ट 2.0 और 80. कनेक्टेड फीचर्स से लैस किया गया है, जो ड्राइविंग अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। इसके खास फीचर्स में जियो वॉयस रिकग्निशन सिस्टम शामिल है, जो मौसम अपडेट, क्रिकेट अपडेट, कैलकुलेटर, घड़ी, दिन/तारीख की जानकारी, राशिफल, डिक्शनरी, समाचार और जनरल नॉलेज जैसी कमांड्स को सपोर्ट करता है। डिजिटल की कार्यक्षमता के साथ एंटी-थेफ्ट फीचर, बगैर नेटवर्क के भी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। एमजी एस्टर भारत की पहली एसयूवी है, जो पर्सनल एआई असिस्टेंट और 14 ऑटोनॉमस लेवल 2 फीचर्स से लैस है, जिसमें मिड-रेंज राडार और मल्टी-पर्पज कैमरा का उपयोग कर एडवांस्ड ड्राइवर-असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) तकनीक को सक्षम बनाया गया है। एमजी एस्टर 50 से अधिक सेफ्टी फीचर्स के साथ आती है और इसके प्रीमियम इंटीरियर्स और पैनोरमिक सनरूफ ड्राइविंग अनुभव को अधिक आरामदायक और यादगार बनाते हैं।


# भारत सभी स्रोतों से ऊर्जा खरीदने के लिए तैयार, 2026 में गैस की कीमतें घटेंगी

**नई दिल्ली।** भारत सभी स्रोतों से न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए तैयार है। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि घरेलू तेल विपणन कंपनियां अधिक गैस की तलाश कर रही हैं, जिसकी लागत 2026 में कम होने की उम्मीद है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को यह बात कही।

मंगलवार से शुरू हो रहे भारतीय ऊर्जा सप्ताह 2025 से पहले पुरी ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से भारत को ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ने वाले असर की आशंकाओं को दूर किया।

पुरी ने कहा, आज हमारे सामने ऐसी स्थिति है कि हम 27 आपूर्तिकर्ताओं की जगह 39 आपूर्तिकर्ताओं से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना को भी इसमें शामिल किया है। हम सभी स्रोतों से आयात करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा, हमने आयात के समय निविदाएं जारी कीं। वे निविदाएं किसी भी आपूर्तिकर्ता के



लिए खुली हैं। हम सबसे सस्ते स्रोत से खरीदते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू (तेल विपणन कंपनियां) अधिक गैस की तलाश में हैं।

पुरी ने कहा कि देश में एलपीजी (द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस) की उपलब्धता कमोबेश समाप्त हो चुकी है और विचार यह है कि हर घर तक पाइप के माध्यम से प्राकृतिक गैस पहुंचाई जाए, क्योंकि यह 30 प्रतिशत सस्ती है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और गेल अमेरिका से एलएनजी (तरल प्राकृतिक गैस) और कच्चा तेल खरीदने पर विचार कर रही हैं।

# कला का सामाजिक और मानवीय भावनाओं से सीधा संबंध है

**लखनऊ।** रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी में 'लखनऊ कंटेम्परारी इंडियन आर्ट फेयर'-2025 के माध्यम से समकालीन कला के इस नये युग के वर्ष में प्रवेश कर रही है। रविवार को फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी और फीनिक्स प्लासियो के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित फीनिक्स प्लासियो में एक बड़ी प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि मुकेश मेश्राम प्रिंसिपल सेक्रेटरी टूरिज्म एंड कल्चर, गैलरी संरक्षक डॉ. एस. पी. सिंह , मेंबर ऑफ पार्लियामेंट, चेयरमैन लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज, नवीन कुमार कन्नौजिया रीजनल कमिश्नर( ई. पी. एफ .ओ .) लखनऊ, और देश के जाने माने कला समीक्षक, कला इतिहासकार, लेखक जॉनी एम एल व जय त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर गैलरी की निदेशक नेहा सिंह और संजीव सरीन निदेशक फीनिक्स प्लासियो, रंगमंच, फिल्म कलाकार अनिल रस्तोगी, संदीप यादव , क्यूरेटर भूपेंद्र अस्थाना, गोपाल सामंत्री,राजेश कुमार सहित देश व प्रदेश के सम्मानित कलाकार, कलाप्रेमी उपस्थित रहे। लखनऊ स्थित फ्लोरसेंस गैलरी द्वारा



आयोजित इस आर्ट फेयर में देश के अन्य प्रदेशों बिहार, पश्चिम बंगाल, नई दिल्ली, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश के 38 समकालीन युवा एवं वरिष्ठ कलाकारों की 120 कलाकृतियों (पेंटिंग, मूर्तिकला, सिरामिक और इंब्रॉयडरी) को लखनऊ स्थित फोनिक्स प्लासियो में प्रदर्शित किया गया है। फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की निदेशक नेहा सिंह कहती हैं कि कला का सामाजिक और मानवीय भावनाओं से सीधा संबंध है। उन्होने प्रदेश में इस आर्ट फेयर को एक नये स्वरूप में प्रस्तुत करके कला को विस्तृत रूप देते हुए नई संभावनाएं जगाई हैं। दीर्घा में प्रदर्शित सामाजिक, प्रकृतिवादी एवं प्रयोगवादी कृतियों को जब हम देखते हैं तो उनके कलात्मक तत्व, प्रकृतिवादी स्वरूप से उपजी संवेदनाएं आकृष्ट करती हैं। कहने का तात्पर्य है कि कलाकार दृश्य कला में जिस भी माध्यम में अभिव्यक्त करते हैं, कला का ही एक रूप होता है। जैसे गोपाल सामंत्रे, सूरज कुमार काशी, संजय राजपूत, उदय गोस्वामी, बापी दास आदि के चित्र के प्रकृति के साथ-साथ प्रयोगवादी हैं। यह रचनाधर्मी कलाकार अपनी कलात्मक क्षमता में भी दक्ष हैं। वरिष्ठ चित्रकार उमेश कुमार सक्सेना का अमूर्त हो या समकालीन कलाकारों में रवींद्र कुमार दास सहित युवा कलाकार श्वेता राय, किशोर कुमार, रोहित कुमार शर्मा, हिफजुल कबीर, डिगबिजयी खटुआ, रंजीता कुमारी, नितीश शर्मा, शिखा पटेल, शुभंकर तरफदार, राम संजीवन और कई अन्य कलाकारों की कृतियां हों, ये सभी प्रेम, प्रकृति अथवा सामाजिक चुनौतियों को संदर्भित करती हैं।

# FIFS ने भारत के प्रमुख संस्थानों के लिए स्पोर्ट्स AI चैलेंज-स्पोर्ट्स डेटा गेमथॉन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत को स्पोर्ट्स टेक का ग्लोबल हब बनाने के अपने विजन के अनुरूप-फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स ने ड्रीम11 द्वारा संचालित स्पोर्ट्स एआई चैलेंज स्पोर्ट्स डेटा गेमथॉन लॉन्च किया है। यह प्रतियोगिता डेटा को एकीकृत करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग के नए तरीकों की खोज की दिशा में एक कदम है।

प्रमुख संस्थानों की स्टूडेंट टीम्स इस गेमथॉन में भाग लेंगी, जहाँ वे आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान डेली फैंटेसी स्पोर्ट्स फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतिभागियों को डेटा एनालिटिक्स स्किल का लाभ उठाना होगा और गेमथॉन के हस्तांतरण से जुड़ी बाधाओं और अन्य नियमों का पालन करते हुए जीतने की रणनीति विकसित करने के लिए AI और ML मॉडल बनाना होगा।

30 से अधिक प्रमुख संस्थानों ने गेमथॉन में रुचि दिखाई है और उनके स्ट्रैटजी पेपर्स की समीक्षा करने के बाद, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी कानपुर, आईआईटी धारवाड़ जैसे संस्थानों की 52 टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शीर्ष तीन टीमें 25,00,000 (25 लाख) का कुल पुरस्कार पूल साझा करेंगी, जिनमें से प्रत्येक को क्रमशः 12.5 लाख, 7.5 लाख और 5 लाख मिलेंगे।

FIFS के महानिदेशक जॉय भट्टाचार्य ने कहा, हम स्पोर्ट्स डेटा गेमथॉन के पहले संस्करण को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। प्रतिक्रिया बहुत बढ़िया रही है, और हम इस गेमथॉन में युवा दिमागों की प्रतिस्पर्धा को देखकर रोमांचित हैं। यह न केवल खेल के साथ प्रौद्योगिकी के अधिक एकीकरण को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि युवाओं को अपने कौशल को निखारने, खेल समुदाय से जुड़ने और अभिनव तरीकों से प्रशंसक अनुभव को बेहतर बनाने में योगदान देने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा।

जॉय भट्टाचार्य ने आगे कहा, हम इस गेमथॉन को एक वैश्विक प्रतियोगिता बनने की कल्पना करते हैं, जो आने वाले वर्षों में कई खेल विषयों में विस्तारित होगी।

गेमथॉन प्रतिभागियों को एक संपूर्ण खेल टूर्नामेंट के लिए परिणामों को मॉडल और पूर्वानुमान करने के लिए अपने डेटा एनालिटिक्स कौशल का लाभ उठाने की चुनौती देगा, जिससे उनकी विश्लेषणात्मक सोच और खेल में अत्याधुनिक निर्णय लेने वाली तकनीक को लागू करने की क्षमता दोनों का परीक्षण होगा।

ये मॉडल वास्तविक जीवन के खेलों के लिए भी जबरदस्त क्षमता रखते हैं, जो प्रतिभा की पहचान और खेल रणनीति के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन कई मापदंडों पर किया जाएगा, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं-

समस्या की पहचान और बाधाएँ
डेटा संग्रह और विश्लेषण
मॉडल चयन और अनुकूलन
टीम रणनीति और सहयोग
खेल के बाद का विश्लेषण और तकनीकी क्षमताएँ

गेमथॉन के दौरान छात्रों को सपोर्ट करने के लिए, स्त्रद्धस्त्रस ने एक्सपर्ट के तौर पर दो लोगों- जॉय भट्टाचार्य, प्रसिद्ध क्रिकेट ऐनालिस्ट और प्रोफेसर विशाल मिश्रा ( कोलंबिया विश्वविद्यालय, अमेरिका) में AI के वाइस डीन को चुना है। ये एक्सपर्ट स्टूडेंट टीम्स को अपना एक्सपर्ट गाइडेंस प्रदान करेंगे।

# सोने की कीमतों ने ध्वस्त किए सभी रिकॉर्ड; ट्रंप की धमकियों के बीच 2430 हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार मजबूत वैश्विक रुख और रुपये के कमजोर होने से सोमवार को दिल्ली में सोना 2,430 रुपये की तेजी के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों की धारणा पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से सभी प्रकार के इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा का असर पड़ा। इसके बाद वैश्विक स्तर पर हाजिर बाजारों में सोना 2,900 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई। आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की भारी खरीदारी से भी कीमतों में तेजी आई। पिछले सप्ताह 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु का भाव 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में बीते एक हफ्ते के दौरान ही 10.26त्न से अधिक की बढ़त दिखी। स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,430 रुपए बढ़कर 88,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमत 1,000 रुपए बढ़कर 97,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। व्यापारियों का कहना है कि निवेशक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश को प्राथमिकता देते हुए, शेयर जैसी जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों को बेच रहे हैं। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 940 रुपये की तेजी के साथ 85,828 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। ट्रंप की ओर से धातु उत्पादों पर नए शुल्क लगाने से व्यापार युद्ध की चिंताएं बढ़ने से सोने में जोरदार तेजी देखी गई और यह एमसीएक्स पर 85,800 रुपये से ऊपर चला गया तथा हाजिर बाजार में 2,900 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।


## हज़रतगंज सोशल ने लखनऊ में कला, संगीत और दिल को छू लेने वाले जश्न के साथ वैलेंटाइन महीने की शुरुआत की

इस वैलेंटाइन सीज़न में, हज़रतगंज सोशल प्यार के सबसे खूबसूरत रूपों का जश्न मनाने के बारे में है- कला के लिए प्यार, संगीत के लिए प्यार, दोस्तों के लिए प्यार और सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद के लिए प्यार! चाहे आप एक आरामदायक डेट की योजना बना रहे हों, एक मजेदार वैलेंटाइन आउटिंग की योजना बना रहे हों, या बस रचनात्मकता और अच्छे वाइब्स में लिप्त होना चाहते हों, हमारे पास आपके लिए दिल को छू लेने वाले अनुभवों की एक सूची है।

सिंगल्स मीटअप/डेटिंग इवेंट- नए लोगों से मिलें और एक आरामदायक सेटिंग में एक मजेदार शाम का आनंद लें।

हज़रतगंज सोशल 14 फरवरी

सिप एंड पेंट- ड्रिंक का आनंद लें और एक मजेदार पेंट सेशन के साथ अपनी रचनात्मकता को उजागर करें!

हज़रतगंज सोशल 15 फरवरी

चाहे आप सिंगल हों, शादीशुदा हों या फिर बस मौज-मस्ती के लिए आए हों, आइए और प्यार का जश्न सोशल तरीके से मनाइए!

## अमेज़न.इन के वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ प्यार का खूबसूरत इजहार अब बस एक क्लिक दूर

**बेंगलुरु।** अमेज़न.इन पर खासतौर पर तैयार किए गए वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ प्यार के सभी रंगों का जश्न मनाएं। खूबसूरत फूलों, बेहतरीन चॉकलेट, स्टाइलिश एक्सेसरीज़, स्वादिष्ट व्यंजनों से लेकर खास पलों को यादगार बनाने के लिए दिल छू लेने वाली चीज़ों तक, आप इस स्टोर के विशाल संग्रह के साथ खरीदारी कर सकते हैं। यहां आपको कैडबरी, फेरेरो रॉशर, लिंड्ट, जीवा, बेला विटा, एमकैफीन जैसे अन्य ब्रांडों के लाखों उत्पादों के साथ खरीदारी करें। आप इन सभी प्रोडक्ट को भारत के 100 प्रतिशत सेवा योग्य पिन कोड पर अपने प्रियजनों के घर पर डिलीवर करवा सकते हैं।

अमेज़न.इन पर ताज़े फूलों की डिलीवरी के साथ प्यार के इस खूबसूरत मौसम को और भी खुशनुमा बनाएं। यहां आपको फूलों के 6000 से ज़्यादा विकल्प मिलेंगे, इसमें सदाबहार लाल गुलाब और खूबसूरत गुलदस्ते शामिल हैं। यहां आप फ्लावरऑरा, शेड्स ऑफ़ स्प्रिंग और द फ्लोरलमार्ट जैसे ब्रांड्स के 620 ऑफ़र का भी लाभ उठा सकते हैं। अगर आप अभी भी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि क्या उपहार दें, तो अमेज़न.इन के गिफ्ट कार्ड आपके लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में पेश किए गए हैं। इस गिफ्ट कार्ड के साथ आपके प्रियजन वह चीज़ चुन सकते हैं जो वे चाहते हैं। यहां उपहारों के कुछ लोकप्रिय विकल्प दिए गए हैं जिन्हें आप अपने प्रियजनों के लिए खरीद सकते हैं।

ताजे फूलों के साथ कीजिए प्यार का इजहार फ्लावरमार्ट फ्लॉवर बुके- अपने प्रियजनों के दिन को यादगार बनाने के लिए ताज़े और खूबसूरत फूलों का गुलदस्ता फ्लॉवरऑरा वेलेंटाइन बुके- यादगार रोमांटिक पलों के लिए खूबसूरती के साथ सजाए गए फूल फ्लावरऑरा 10 लाल गुलाब के साथ टेडी बियर और लव कार्ड- प्रेम और आकर्षण का एक खूबसूरत संगम, 10 ताजे लाल गुलाबों का यह गुलदस्ता एक प्यारे टेडी बियर और प्यार को बयां करने वाले ग्रीटिंग कार्ड के साथ आता है। फ्लावर ऑरा 20 मिश्रित गुलाब- एक खास फिशबाउल में शानदार तरीके से सजाए गए 20 मिश्रित गुलाबों के इस खूबसूरत गुलदस्ते के साथ कीजिए प्यार का इजहार

प्यार के साथ उनका रखें ख्याल एमकैफीन मोमेंट गिफ्ट सेट- अपनी चमकती त्वचा को दीजिए एक ताज़गी भरा उपहार ब्लू हैवेन फेस्टिव मेकअप किट- दाग धब्बे रहित और चमकती त्वचा के लिए एक संपूर्ण सेट। शाइनिंग दिवा फैशन रोज़ गोल्ड ऑस्ट्रियन क्रिस्टल ब्रेसलेट~ प्यार की इस खूबसूरत निशानी के साथ उनके दिन को बनाइए यादगार। अवनी ट्रेंड्स रोमांटिक माइक्रोफाइबर कुशन कवर~ आपके प्यार की खूबसूरत पेशकश

उनके लिए प्यार का खूबसूरत निशानी बेला विटा लग्जरी परफ्यूम फॉर मेन- मनमोहक सुगंध जो लंबे समय तक टिकी रहे द यूनीक गिफ्ट स्टूडियो लेदर वॉलेट- हाथ से बने और पर्सनलाइज वॉलेट के साथ लाइए उनके चेहरे पर खूबसूरत मुस्कान।


# आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड की Q3FY25 में 34% की मजबूत राजस्व वृद्धि

**लखनऊ।** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड, जो भारत में 50 से अधिक प्रकार के रेफ्रिजरेशन उपकरणों का अग्रणी निर्माता और अभिनव कूलिंग समाधान प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी है, ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने बाजार में मजबूत मांग और परिचालन दक्षताओं के कारण उल्लेखनीय राजस्व वृद्धि दर्ज की है।



### वित्तीय प्रदर्शन

आइस मेक का समेकित राजस्व ?110.56 करोड़ रहा, जो वार्षिक आधार पर 34% की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि कुल आय 110.77 करोड़ रही। EBITD 6.89 करोड़ रहा, जिसमें 56% की YoY वृद्धि दर्ज की गई। कर पूर्व लाभ 3.59 करोड़ रहा, जो 33% की वृद्धि दर्शाता है, जबकि शुद्ध लाभ 2.81 करोड़ दर्ज किया गया, जो 39% की वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। प्रति शेयर आय 1.82 रही, जो Q3FY24 के 1.28 से अधिक है। FY25 के पहले नौ महीनों में समेकित राजस्व 25% बढ़कर ?299.17 करोड़ हो गया, जबकि कुल आय 299.60 करोड़ रही। हालांकि, शुद्ध लाभ 11.24 करोड़ रहा, जो 5% की वार्षिक गिरावट को दर्शाता है।

स्टैंडअलोन प्रदर्शन की बात करें तो राजस्व में 33% की YoY वृद्धि हुई, जो रेफ्रिजरेशन समाधानों की स्थिर मांग को दर्शाता है। EBITD में 55% की वृद्धि हुई, जिससे परिचालन दक्षता में सुधार देखा गया। PBT में 28% की YoY वृद्धि हुई, जो लागत नियंत्रण और बेहतर मार्जिन का संकेत देती है। हालांकि, 9MFY25 का शुद्ध लाभ समेकित परिणामों की तरह 5% की गिरावट के साथ रहा, जिसका मुख्य कारण बढ़ती लागत रही।

# बैंकों-एनबीएफसी ने सोने की नीलामी के नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई, वित्त मंत्री सीतारमण की दो टूक

**नई दिल्ली।** यदि कोई कर्जदार गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहता है और बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में यह भरोसा दिया। यदि कोई कर्जदार गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहता है और बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में यह भरोसा दिया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) एक जैसे नियमों से निर्देशित होते हैं।

# नथिंग फोन (3ए) सीरीज़ भारत में होगी तैयार

**लखनऊ।** लंदन की टेक कंपनी नथिंग ने ऐलान किया है कि उसकी नई नथिंग फोन (3ए) सीरीज़ पूरी तरह भारत में बनाई जा रही है 7 यह




घोषणा कंपनी की उस प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें भारत की समृद्ध मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं का उपयोग करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था में निवेश करने और टेक्नोलॉजी इनोवेशन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। नथिंग ने भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चेन्नई स्थित इसके कारखाने में 500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जहां फोन (3ए) सीरीज़ का निर्माण किया जा रहा है। इन कर्मचारियों में से 95त्न महिलाएँ हैं।नथिंग ने यह घोषणा ऐसे महत्वपूर्ण समय में की है, जब ब्रांड तेजी से भारत में अपनी पकड़ बना चुका है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के मंथली इंडिया स्मार्टफोन ट्रैकर के अनुसार,नथिंग ने 2024 में भारत के स्मार्टफोन बाज़ार में 577त्न साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की, जिसका प्रमुख कारण फ़ोन (2ए) सीरीज़ और उसकी सब-ब्रांड सी एम एफ़ बाय नथिंग की बढ़ती मांग रही। इसके अतिरिक्त, नथिंग ने हाल ही में अपनी स्थापना के केवल चार वर्षों के भीतर, अक्टूबर 2020 के बाद, .1 बिलियन की कुल राजस्व सीमा को पार कर लिया है।भारतीय बाज़ार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करते हुए, नथिंग ने अपने आफ्टर सेल्स सर्विस सपोर्ट नेटवर्क का भी विस्तार किया है। अब कंपनी के पास बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई में पांच एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर के साथ ही पांच प्रायोरिटी हेल्प डेस्क और 300 मल्टी-ब्रांड सर्विस सेंटर हैं। इसके अलावा, नथिंग की रिटेल उपस्थिति भी तेजी से बढ़ रही है और पिछले साल की शुरुआत से इसके 2,000 स्टोर्स की संख्या बढ़कर अब 7,000 स्टोर्स हो चुकी हैं। जो कि इसकी भारतीय स्मार्टफोन बाज़ार में मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

# मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू आठ प्रतिशत बढ़कर 34,106 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**लखनऊ।** वित्त वर्ष 2024-25 के शुरुआती 9 महीनों (अप्रैल-दिसंबर, 2024) में मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू आठ प्रतिशत बढ़कर 34,106 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन अवधि में निवेश आय के अतिरिक्त कंसोलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 20,906 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीनों में एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड का न्यू बिजनेस प्रीमियम (इंडीविजुअल व ग्रुप) 16 प्रतिशत बढ़कर 8,091 करोड़ रुपये और इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम 25 प्रतिशत बढ़कर 5,352 करोड़ रुपये रहा, जिससे निजी क्षेत्र के बाजार में इसकी हिस्सेदारी 41 आधार अंक बढ़कर 9.3 प्रतिशत हो गई। एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रशांत त्रिपाठी ने कहा वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में एक्सिस मैक्स लाइफ ने प्राइवेट इंडस्ट्री के 19 प्रतिशत और पूरी इंडस्ट्री के 14 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 25 प्रतिशत की इंडीविजुअल एडजस्टेड एफवाईपी ग्रोथ के दम पर अपनी बाजार हिस्सेदारी में 41 आधार अंकों की वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्त वर्ष के शुरुआती नौ महीनों में हमारे मजबूत प्रदर्शन से प्रोप्रिएटरी चैनल्स का विस्तार करने, साझेदारियों को मजबूत करने और नए कस्टमर सेगमेंट में कदम रखने की हमारी रणनीतिक प्रतिबद्धता दिखाई देती है। केंद्रित निवेश और मजबूत निष्पादन के दम पर हम सभी चौनल्स में निरंतर विकास कर रहे हैं। इसके अलावा, एक्सिस मैक्स लाइफ के रूप में हमारी रीब्रांडिंग से हमें वित्तीय क्षेत्र के दो प्रमुख ब्रांड्स की संयुक्त ताकत एवं विश्वास का लाभ मिला है, जिससे प्रमुख महानगरों और टियर 1 शहरों से परे हमारे रणनीतिक विस्तार को गति मिलेगी। इसके माध्यम से हम विश्वास एवं विशेषज्ञता की अपनी विरासत का लाभ उठाने और अपने साथ एक्सिस ब्रांड की पहचान को जोडऩे में सक्षम हुए है, जिससे अंततः हमारे हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य सृजन को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान नई रिटेल पॉलिसियों की संख्या 19प्रतिशत बढ़ी। साथ ही, रिन्यूअल प्रीमियम 12प्रतिशत बढ़कर 13,269 करोड़ रुपये रहा, जिससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में ग्रॉस रिटन प्रीमियम 14 प्रतिशत बढ़कर 21,360 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके अतिरिक्त तीसरी तिमाही में सरेंडर रेगुलेशन के प्रभाव के बावजूद समीक्षाधीन अवधि में कंपनी के वीएनबी में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी ने अपने प्रोप्रिएटरी चौनल्स में विकास की गति को बनाए रखा और एजेंसी, क्रॉस सेल एवं ई-कॉमर्स चौनल्स में विकास के दम पर अपने एपीई में 26 प्रतिशत की वृद्धि की।

# बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ हुआ बंद, सेंसेक्स 548 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिका की ताजा टैरिफ धमकियों से निवेशकों का भरोसा डगमगाया और ब्लूचिप बैंकिंग, धातु और तेल शेयरों में बिकवाली शुरू हो गई। सोमवार को तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 548.39 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 753.3 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 77,106.89 पर बंद हुआ। ट्रेंट, टाटा स्टील और पावर ग्रिड में गिरावट के कारण एनएसई निफ्टी 178.35 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 23,381.60 पर आ गया।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ÷अमेरिकी टैरिफ की धमकियों ने बाजार की धारणा को प्रभावित करना जारी रखा है। घरेलू प्रतिफल में वृद्धि हो रही है, क्योंकि निवेशक जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों के प्रति सतर्क बने हुए हैं और अपने निवेश को सोने जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों में बदल रहे हैं।÷

विदेशी पूंजी निकासी और टैरिफ संबंधी ताजा चिंताओं के कारण बाजार में गिरावट के चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 7.68 लाख करोड़ रुपये घट गई। पिछले चार दिनों में बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,272.01 अंक या 1.61 प्रतिशत गिर चुका है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण चार दिनों में 7,68,252.32 करोड़ रुपये घटकर 4,17,82,573.79 करोड़ रुपये (4.77 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया।

सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से पिछड़ गए। कोटक महिन्द्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिन्द्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में लाभ रहा।

# बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की

**लखनऊ।** प्रिसिशन इंजीनियरिंग और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की अग्रणी कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड बीएफआईएल के निदेशक मंडल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सात फरवरी, 2025 को एक बैठक हुई। इस बैठक में 31 दिसंबर, 2024 में समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अनॉडिटेड एकीकृत वित्तीय नतीजों कॉन्सॉलिडेटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दी गई। नए ग्राहक जोड़ने पर लगातार ध्यान केंद्रित करने और स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स की मांग में लगातार वृद्धि के बदौलत बीएफआईएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में राजस्व में 73.91 प्रतिशत को मजबूत वृद्धि दर्ज की। साल 2024 के अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन से होने वाली आय 255.783 करोड़ रुपये रही। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 147.075 करोड़ रुपये पर रहा था। अधिक पैमाने पर परिचालन (ऑपरेशन्स) और बेहतर मार्जिन प्रदान करने वाले भारी उत्पादों की मांग में वृद्धि की वजह से 2024-25 की तीसरी तिमाही में कंपनी के ईबीआईटीडीए में 106.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके साथ ही मार्जिन में 422 आधार अंकों की वृद्धि हुई, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 22.24 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 26.47 प्रतिशत पर पहुंच वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 134.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, शुद्ध लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के 16.95 प्रतिशत के मुकाबले 528 आधार अंक बढ़कर 22.24 प्रतिशत पर पहुंच गया।

कंपनी के तिमाही नतीजों को लेकर बीएफआईएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर त्रिमान चंडोक ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में हमारा प्रदर्शन काफी मजबूत रहा है। कंपनी का राजस्व (रेवेन्यू) वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के 147.075 करोड़ रुपये के मुकाबले 73.91 प्रतिशत बढ़कर 255.783 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

हमारे स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स की मांग में ठोस वृद्धि के दम पर हमारे राजस्व में यह वृद्धि देखने को मिली है। परिचाल दक्षता में सुधार और अधिक मार्जिन वाले विशेष उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने से ईबीआईटीडीए 32.714 करोड़ रुपये के मुकाबले 106.95 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 67.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, वहीं एबीआईटीडीए मार्जिन वित्त वर्ष 2023-24 के 22.24 प्रतिशत की तुलना में 422 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 26.47 प्रतिशत पर पहुंच गया।

### प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद कलेक्ट्रेट में की समीक्षा बैठक

# विकास योजनाओं की प्रगति और कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** राज्य मंत्री खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति तथा जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की प्रगति, राजस्व कार्यों और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के पूर्व उन्होंने जगदीशपुर विधानसभा में कई परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को शासन की सभी योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने और पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के पहले प्रभारी मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात भी की। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों से एक एक कर सभी योजनाओं की मौजूदा स्थिति और लक्ष्य पूर्ति के बारे में जानकारी ली।



भाजपा कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा

बैठक में प्रभारी मंत्री के साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, विधायक राकेश प्रताप सिंह,सुरेश पासी, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र भी मौजूद रहे। **दिल्ली और मिल्कीपुर में प्रचंड बहुमत से जीत को भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी–** एक दिवसीय दौरे पर आए प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने भाजपा कार्यालय पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। प्रभारी मंत्री ने नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को भी बधाई दी और कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा आज दुनिया की नम्बर एक पार्टी बन गई है। पार्टी प्रवक्ता चन्द्र मौलि सिंह ने बताया कि प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं को हर सुख दुख में साथ खड़े रहने और उनकी हर प्रकार की समस्याओं के हल का भरोसा दिया है।

# वेब कास्टिंग कर कंट्रोल रूम से होगी बोर्ड परीक्षा पर नजर

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षा की निगरानी जिला स्तर के अलावा क्षेत्रीय और प्रदेश स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। स्थापित कंट्रोल रूम में हर परीक्षा केंद्रों की ब्रॉडकास्टिंग होगी। इसके लिए सभी केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों से संबंधित डीवीआर के आईपी कोड आदि कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराने होंगे। बोर्ड की ओर इसे लेकर गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव की ओर से डीआईओएस को पत्र भेजकर गाइडलाइन के अनुरूप कंट्रोल रूम स्थापित करने के लिए कहा गया है। जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में बनाए जाएंगे। इस कंट्रोल रूम में हर परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी की मदद से निगरानी रखी जाएगी। इनकी ब्रॉडकास्टिंग भी की जाएगी। इसके लिए केंद्र प्रभारियों को विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों से संबंधित डीवीआर का स्टैटिक आईपी एड्रेस, यूजर आईडी एवं पासवर्ड कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराना होगा। सभी कोड सील बंद लिफाफा में उपलब्ध कराए जाएंगे। ताकि इनकी गोपनीयता बनी रहे। इसी तरह से क्षेत्रीय कार्यालयों तथा प्रदेश मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम होगा और वहां से भी बोर्ड परीक्षा पर निगरानी रखी जाएगी। परिषद के सचिव की ओर से गाइडलाइन के अनुसार पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। श्रवण कुमार गुप्ता, डीआईओएस, कुशीनगर ने कहा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के लिए निर्देश मिले है। बोर्ड की तरफ से मिली गाइडलाइन के अनुसार कंट्रोल रूम स्थापित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा कक्ष का ब्रॉडकास्टिंग भी कराई जाएगी। जहां भी नकल करने की जानकारी मिलेगी वहां टीम भेजकर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**10 से 16 केंद्र पर लगेगा एक कंप्यूटर**

कंट्रोल रूम के लिए कंप्यूटर उन केंद्रों से उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां परीक्षा नहीं होनी है। गाइडलाइन के अनुसार एक कंप्यूटर से अधिकतम 16 परीक्षा केंद्र जुड़े होंगे। वहीं न्यूनतम केंद्रों की संख्या 10 होगी। इन केंद्रों की निगरानी के लिए हर कंप्यूटर पर दो-दो शिक्षक या कंप्यूटर ऑपरेटरों की तैनाती की जाएगी। यदि किसी केंद्र पर नकल होने या अन्य तरह की हलचल होती है तो जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से सचल दस्ते को सूचित करने की जिम्मेदारी इन शिक्षकों पर होगी।

## नाराज छात्रों ने गेट पर किया विरोध प्रदर्शन





**अमेठी/जायस अवधनामा संवाददाता।** डिग्री पूरी करने के बाद प्लेसमेंट न मिलने से नाराज़ राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान के छात्र छात्राओं ने सोमवार को संस्थान के मुख्य द्वार पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन किया। कालेज का प्रशासन छात्र छात्राओं की मांग की अनदेखी कर रहा है। छात्रों का कहना है कि वे देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस पास करके इस संस्थान में प्रवेश पाते हैं। प्रति वर्ष लगभग 15 लाख रुपये की महंगी फीस का भुगतान करने के बावजूद पिछले कई वर्षों से कॉलेज में प्लेसमेंट नहीं हो रही है। इससे न केवल छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि उनके परिवारों के सपने भी चकनाचूर हो रहे हैं।

रेलवे स्टेशन पर हुआ 52 दिवसीय लंगर का समापन

## श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर का आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से 52 दिवसीय लंगर का समापन सोमवार को हुआ। बाबा मनोहर सिंह जी के मार्गदर्शन में सेवादारों ने श्री पटना साहिब जाने वाले यात्रियों और रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के साथ रिक्शा चालकों को लंगर वितरित किए। बाबा मनोहर सिंह ने कहा कि गुरु साहब की कृपा से अमेठी की धरती पर लगातार आठवें वर्ष लंगर का आयोजन सम्पन्न हुआ है।यह अटूट लंगर आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि लंगर के आयोजन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से तन, मन, धन से सहयोग करने वाले नागरिकों पर गुरु कृपा बनी रहे,हम ऐसी ही कामना बार बार करते हैं। लंगर निर्माण और वितरण में समिति के सचिव सदाशिव पांडेय, सेवादार गुरु मिंदर सिंह, संजीव भारती, अम्बरीष मिश्रा, सुनील त्रिपाठी, डॉ धनंजय सिंह, साधना त्रिपाठी, रोहित आदि मौजूद रहे।

## नरेंद्र यादव ने तहसीलदार का कार्यभार किया

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** तहसीलदार सूरज प्रताप के स्थानांतरण के बाद तहसीलदार के रिक्त पद नरेंद्र यादव ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और राजस्व निरीक्षकों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जनसुनवाई की। पहली जनसुनवाई में ही कंसापुर के दिव्यांग राम बोध ने लेखपाल विकास तिवारी पर वरासत के लिए तीन हजार रुपए सुविधा शुल्क मांगने की शिकायत दर्ज कराई। तहसीलदार ने नायब तहसीलदार को जांच करके कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवमूर्ति तिवारी, सचिव उपेन्द्र शुक्ल, सदाशिव पांडेय,राम प्रताप यादव, अफसर हुसैन खान आदि मौजूद रहे।



## महिला जनसुनवाई कार्यक्रम 13 फरवरी को

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की समस्याओं के समाधान के लिए 13 फरवरी 2025 को जनपद देवरिया में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग की उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर) श्रीमती चारु चौधरी निरीक्षण भवन में करेंगी। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपाध्यक्ष के सहयोगार्थ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थाना प्रभारी, और क्षेत्राधिकारी को भी जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपेक्षा की गई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे सफल बनाने में योगदान दें।

## डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में अपराध, कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में सम्पन्न हुई। डीएम ने कहा कि अभियोजन कार्यो को और गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से गम्भीर मामलों में प्रभावी पैरवी की जाये ताकि अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाई जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि न्यायालय में गवाहों से शतप्रतिशत साक्ष्य परीक्षण कराया जाये, ताकि अभियोजन मजबूत हो सके। जिलाधिकारी ने सभी शासकीय अधिकारियों और अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन कार्यो में कोई ढिलाई न हो ताकि न्याय का पूर्ण पालन हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व शासकीय अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

# बच्चों के सुरक्षित जीवन के लिए खिलाएं कृमि मुक्ति दवा: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**


**देवरिया।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सोमवार को जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के साथ के कृमि मुक्ति दवा (अल्बेंडाज़ोल) की खुराक खाकर अभियान का शुभारम्भ किया। अभियान के तहत एक से 19 वर्ष तक बच्चों व किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए कृमि मुक्त अभियान का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी को जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया। इसके तहत जिले के निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाज़ोल की गोली खिलाई गई। जो बच्चे बीमारी या अन्य कारणों से छूट जाएंगे उन्हें 14 फरवरी को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाए जाएगी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने



अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि एक से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए वर्ष में दो बार अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस ( 10 फरवरी ) के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर कृमि मुक्ति के लिए 17.13 लाख बच्चों व किशोरों को अल्बेंडाज़ोल की गोली खिलाई जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद उल्टी दस्त या मिचलाने की समस्या हो तो घबराने की बात नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने बताया कि कृमि संक्रमण कुपोषण का एक बहुत बड़ा कारण है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी के अधिकारियों से अभियान में सहयोग करने व जनपदवासियों से बच्चों को अभियान के दौरान दवा खिलाने की अपील की है, कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस अभियान को आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी।

**मनाया गया कृमि मुक्त दिवस, खिलाई जाएगी अल्बेंडाजोल की दवा**

# प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल व गौशाला का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** प्रभारी मंत्री जनपद रायबरेली / मंत्री सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग उप्र सरकार राकेश सचान ने आज जनपद भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल की सुविधाओं और सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया, जिसमें रजिस्ट्रेशन काउंटर, दवा वितरण कक्ष, ओपीड़ी इत्यादि और मरीजों से वार्ता करते हुए अस्पताल में प्रदान की जा रही सुविधाओं व सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई। मंत्री ने अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए काम करें। मरीजों व तीमारदारों से मधुर व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। मंत्री ने कान्हा गोवंश आश्रय स्थल डिडौली, वि0ख0 अमावा का निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय गौशाला में 466 गोवंश संरक्षित पाए गए, पशुओं को भूसा के साथ पशु आहार खिलाया गया था पानी के हौज में साफ पानी भरा हुआ पाया गया।

# कप्तानगंज में सड़क पर मंडी, जाम में फंसी एंबुलेंस, जिम्मेदार मौन

**अवधनामा संवाददाता**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्थानीय नगर में सड़क पर प्रतिदिन मंडी लगने से जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। सोमवार की सुबह इसी जाम में एक सरकारी एंबुलेसन फंस गया जो काफी मशक्कत के बाद जाम से निकल पाया, लेकिन यहां के जिम्मेदार नगर प्रशासन स्थाई मंडी की व्यवस्था नहीं कर पाई है जिससे आए दिन सड़क पर मंडी लगने से जाम लगता रहता है। बता दें कि पिछले कई दशक से कप्तानगंज नगर पंचायत में चकबंदी पर सड़क के दोनों तरफ सब्जियों की मंडी लगती है। जिससे यहां प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है और वाहनों का लंबा कतार लग जाता है। सोमवार की सुबह 10 बजे इसी जाम में एक सरकारी एंबुलेंस फंस गई, जो काफी मशक्कत के बाद निकल पाया। सड़क पर मंडी लगने से सड़क सकरी हो जाती है और दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। लेकिन प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है जिससे आए दिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई तो उनके फोन का घंटी बजता रहा लेकिन फोन नहीं उठा। एसडीएम कप्तानगंज विकाश चंद से पूछा गया तो उन्होंने कहां कि मंडी के लिए नगर पंचायत व्यवस्था कर रही है, जल्द ही सड़क पर से मंडी हट जाएगी और जाम की समस्या से भी निजात मिल जाएगी।

**दशकों से सड़क पर ही लग रहा मंडी, नगर प्रशासन ने नहीं करायी व्यवस्था**





सड़क पर लगी मंडी से जाम में फंसी एंबुलेंस

# बच्चों को खिलाई गयी कृमि मुक्ति की दवा



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** एक से 19 साल की आयु के बच्चों, किशोर और किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा दवा खिलाने के लिए सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) आयोजित हुआ जिसका उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा अरुण कुमार ने किला बाजार स्थित पूर्व माध्यमिक बालिका विद्यालय और आचार्य द्विवेदी नगर स्थित लियो कान्वेंट बालिका स्कूल के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर किया।

डॉ. अरुण ने कहा कि एल्बेंडाजोल साल में दो बार फरवरी में एनडीडी के द्वारा और अगस्त माह में सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) के तहत खिलाई जाती है। पेट में कीड़े होने से बच्चे कमजोर, कुपोषित हो जाते हैं। उनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। बचपन में कुपोषण के दीर्घकालिक परिणाम होते हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना ने बताया कि पेट में कीड़े साफ़ सफाई के आभाव और बच्चों द्वारा नंगे पैर घूमने के कारण उनके शरीर में पहुँचते हैं और भोजन के पोषक तत्वों को खाकर बच्चे को कुपोषित बनाते हैं। इसलिए हमेशा फलों और सब्जियों को साफ़ पानी से धोकर ही खाएं और हमेशा पैरों में चप्पल पहने।

## निफ्ट रायबरेली में खादी एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम का आयोजन

**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), रायबरेली, उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सहयोग से 10 से 12 फरवरी 2025 तक तीन दिवसीय खादी एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। इसका उद्घाटन निफ़्ट रायबरेली के निदेशक श्री नंदन सिंह बोरा ने डीप प्रज्वलन कर किया। यह विशेष कार्यक्रम खादी क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों और प्रबंधकों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें उन्हें आधुनिक विपणन और ब्रांडिंग रणनीतियों पर केंद्रित सत्रों के माध्यम से उद्योग में हो रहे परिवर्तनों को समझने और अपनाने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के पहले दिन खादी के आधुनिक युग में पुनरुत्थान, प्रवृत्ति पूर्वानुमान और उत्पाद विविधीकरण पर चर्चा होगी। इसके साथ ही डिजिटल युग में उपभोक्ता व्यवहार और संचार रणनीतियों में हो रहे बदलावों पर गहन विचार किया जाएगा। दूसरे दिन ब्रांडिंग की नई अवधारणाओं, ब्रांड पुनर्रचना और दृश्य व्यापार की तकनीकों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# भीड़ से नहीं जज़्बात से चलते हैं संगठन : इन्द्रेश

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से कान्हा मैरिज लान गौरीगंज में क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फुले जयंती और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसोसिएशन ने संगठन को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से विभागीय मान्यता प्रदान करने , पदोन्नति में आरक्षण और पुरानी पेंशन बहाली की मांग जोर शोर से उठाई गई।

सेवानिवृत्त और नव नियुक्त शिक्षकों को भगवान बुद्ध और उनका धम्म पुस्तक महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले और, बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का चित्र, अंगवस्त्र और टार्च प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। कम्पोजिट विद्यालय शारदन की छात्राओं ने स्वागत गीत और नृत्य संगीत प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगाए। समारोह को मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रेश राव रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव सुरेश कुमार, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अब्दुल रसीद, महामंत्री रमाकांत मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी राम ललित, आजमगढ़ के जिला अध्यक्ष जे के गौतम, मंडल अध्यक्ष डॉ लक्षन, बाराबंकी के जिला अध्यक्ष राम किशुन, अयोध्या मंडल के अध्यक्ष दयाशंकर और अटेवा के जिला महामंत्री अजय कुमार मौर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक शिवहर्ष ने की। संगठन के संरक्षक और पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती ने एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संविधान को प्रस्तुत किया और प्रदेश कार्यकारिणी से ओबीसी वर्ग के शिक्षकों को सभी स्तर की कार्यसमितियों में शामिल करने और ब्लाक और जिला सम्मेलनों के कार्यक्रम जारी करने की मांग की। प्रदेश महामंत्री इन्द्रेश राव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चल रहे तमाम शिक्षक संगठनों के सौतेले व्यवहार से त्रस्त होकर अपने महापुरुषों के आदर्शों पर खुद अपनी लड़ाई लड़ने के लिए एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया है।यह संगठन बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के विचारों पर चलने वाला उत्तर प्रदेश और देश का एक मात्र शिक्षक संगठन है। महापुरुषों ने कभी अपनी जाति नहीं छिपाई। शिक्षकों को अपनी जाति नहीं छिपानी चाहिए। इतिहास बदलने के लिए भीड की जरूरत नहीं। संगठन भीड़ से नहीं जज़्बात से चलते हैं। रमाकांत मौर्य ने कहा कि शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन मिल रहा है। सभी शिक्षक बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के संदेश को व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए अपने विद्यालय में अधिक से अधिक समय दें।





**एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन को विभागीय मान्यता प्रदान करे सरकार**

**गांधी जी का हरिजन नहीं भीमराव का दलित बनने की जरूरत : अब्दुल रसीद**

# डीएम ने की बोर्ड परीक्षा की तैयारी बैठक, 80 परीक्षा केंद्र बनाए गए



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा- 2025 को नकल विहीन, सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सचल दल प्रभारी, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी एवं कंट्रोल रूम प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट परीक्षा दिनांक 24 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2025 तक संचालित होगी, हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में पूर्वाहन 8:30 से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 2 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट की परीक्षा हेतु जनपद में 80 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें राजकीय विद्यालय 12, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 22, वित्त विहीन विद्यालय 46 सम्मिलित हैं। हाई स्कूल की परीक्षा में 25620 एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 22713 तथा कुल 48333 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।

# सीमावर्ती जनपदों के औद्यानिक उत्पादों से गुलज़ार होंगे विदेशी बाज़ार

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जनपदों में फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन विषय पर रविवार को राजकीय इन्दिरा उद्यान में आयोजित अंतर्जनपदीय औद्यानिक गोष्ठी को मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात श्री दिनेश प्रताप सिंह ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ फीता काटकर प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण कर मण्डल में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों को लाकार्पण किया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा ने एकीकृत बागवानी मिशन योजना पर चर्चा करते हुए फल, पुष्प, मसाला एवं सब्ज़ी क्षेत्र विस्तार, मौन पालन, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का निर्माण, फेन्सिंग, शेडनेट, पाली हाउस, प्याज स्टोर, पैक हाउस जैसे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा इसके अतिरिक्त औद्यानिक क्षेत्र में उपयोग में लाए जाने वाले यन्त्र यथा-गार्डेन ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर, स्प्रे मशीन आदि पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बस्ती मण्डल के उप निदेशक उद्यान पंकज शुक्ला द्वारा द्वारा बताया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन योजना जनपद में संचालित की जायेगी।

कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा के अध्यक्ष डॉ. शशिकान्त ने फलों में लगने वाली कीट व्याधियों एवं उसके निदान, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच के डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा केला व आम की खेती एवं इसके परागण से अन्य फलसों के उत्पादन वृद्धि, डॉ. नन्दन सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती एवं इससे होने वाले लाभों, डॉ. अरूण कुमार राजभर ने समन्वित कृषि प्रणाली एवं किसान उत्पादक संगठन के गठन के बारे में कृषकों को अवगत कराया।

## प्लेटफार्म नम्बर एक से सात के लिये बन रहा है ऑवर ब्रिज

**टूंडला।** नगर के स्टेशन पर प्लेटफार्म नम्बर एक से सात तक पहुंचने में रेलयात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। उनकी परेशानी को देखते हुए अब प्लेटफार्म एक से सात के लिये ऑवर ब्रिज बनाने का काम शुरू कर दिया है। ज्ञात रहे अब तक रेल यात्रियों को प्लेटफार्म नम्बर-7 तक जाने के लिये अब तक स्टेशन पर कोई भी ऑवर ब्रिज नहीं था। रेलयात्रियों को उक्त प्लेटफार्म तक जाने के लिये भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था इस परेशानी को देखते हुए रेल विभाग द्वारा अब प्लेटफार्म नम्बर एक से सात तक के लिये नया ऑवर ब्रिज बनाने का काम शुरू हो चुका है। इसके निर्माण के बाद रेलयात्री ऑवर ब्रिज से सीधे प्लेटफार्म नम्बर-7 तक पहुंच सकेंगे जिससे उनको अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# आग लगने से घर की गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** विकास खण्ड दूबेपुर क्षेत्र के कटावां ग्राम पंचायत निवासी जगदीश निषाद के घर में अचानक आग लग जाने से घर जलकर राख हो गया। इस घटना में घर का सारा समान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार विकास खण्ड दूबेपुर के ग्राम पंचायत कटावां का जहां जगदीश निषाद के घर में अचानक आग लग जाने से घर जलकर राख हो गया। उनका कहना है कि 4 फरवरी दिन मंगलवार को शाम खाना बना रहे थे उसी दौरान शाम को अचानक उसके घर में आग लग गई। जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपट तेज होने जाने पर पड़ोस के लोगों ने घरवालों को आवाज देकर बुलाया। बाद में आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। गृह स्वामी जगदीश निषाद ने बताया कि आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। लेकिन घटना के चार बीत चुके हैं लेकिन अभी तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा ना कोई उनको मुआवजा मिला है ना किसी अधिकारी ने कोई आश्वासन दिया है मौके पर श्री राम सेवा संस्थान के रीता निषाद ने पहुंचकर कुछ मदद पहुंचाई है। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह का कहना है कि इन्हें जल्द आवास मुहैया कराया जाएगा और हम ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित कर रहे हैं कि मौके पर हुए नुकसान का आकलन करें।

# एमएस स्कूल में हुआ विदाई समारोह का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** एमएस हायर सेकेंड्री स्कूल बसई रोड टूंडला में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 11 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा सास्कृतिक प्रस्तुतियों दी गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 12 वी के छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक किया। इसमें मिस फेयरवेल के ग्रुप में विजेता सोनाली, प्रज्ञा गौतम, मुस्कान चौधरी, योगिता दीक्षित, युग दीक्षित, सिमोन जोसफ कृष्ण कांत गौतम, कार्तिक चौधरी चुने गये। तथा विजेताओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया। स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह में विद्यालय संरक्षक एवं प्रधानाचार्य संजीव चार्ल्स तिवारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही बच्चों को एकाग्रत धैर्य एवं सतत प्रयास से नियमित स्वध्ययन करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण रामेश्वर नाथ मिश्रा, जितेन्द्र दीक्षित, आरपी सिंह अरून पोनिया, अरून कुमार, विनोद कुमार, सचिन शर्मा, मुकेश शर्मा, विकल्प, चित्रांत, शैलेन्द्र सिंह, उमेश चंद्रा, ज्ञानवेन्द्र सिंह, अरून राघव, गौरव मिश्रा, प्रफुल्ल, मोहित कुमार, शुभग त्यागी, नरेश वर्मा, सोनिया सिंह, प्रीती सिंह, खुश्बू चौधरी, पूजा सारस्वत, गुनगुन, दिलकश, सुनीता सिंह, आयुशी, दामिनी गुप्ता, शबनम, तसलीम शालिनी, नाइमा, कबिता, रोशनी, मनोरमा, अभिषेक, कप्तान सिंह, नरेश, हरेन्द्र सिंह, अर्चना, कुंदनानी, हेमन्त पाठक, विजय पाल के अलावा अन्य सभी शिक्षकगणों का सहयोग रहा।

## एक दिवसीय रोज़गार मेला आज

**फिरोजाबाद।** जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद के तत्वावधान में आज 11 फ़रवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल rojgaarsangam-uà¿-gov पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस मेले में देश-प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठायें। मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र व फ़ोटो/ आई0डी0 व रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा।

# पेंशन लाभार्थियों को लाभान्वित हेतु रोस्टर बनाकर दो दिन का शिविर लगाएंः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में उनके कक्ष में समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पति की मृत्यु उपरांत महिला पेंशन, योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने हेतु तीनों पेंशनों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोस्टर बनाकर दो दिन का शिविर लगाना सुनिश्चित करें, साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार ए.डी.ओ. पंचायत और ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई जाए, जिससे पेंशन पाने वालों की शिकायतों का समाधान भी हो सके, उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का माह फ़रवरी तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना में जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनकी जांचोपरांत पात्र लाभार्थियों के भुगतान हेतु धनराशि की मांग विभाग को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कॉलेजों में छात्रवृत्ति का डाटा संशोधित करते हुए 1. फ़रवरी तक स्थानांतरित करना सुनिश्चित करें, उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में संचालित कोचिंग सेंटर में नीट, यू.पी.एस.सी. जे.ई. की तैयारी कर रहे, छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ाई जाए, जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का अधिकारी अधिनियम के अंतर्गत जांच व सत्यापन करने के उपरांत टी. जी. कार्ड एवं उनके प्रमाण पत्र जारी करें, उन्होंने निर्देशित किया कि लालऊ, सोफीपुर तथा छितरई में नवनिर्मित किये जा रहे छात्रावासों के लिए शासन से बजट की मांग हेतु मांग पत्र भेजा जाए, उन्होंने कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में आगामी सत्र में विद्यालय छात्र क्षमता के अनुसार छात्रों का शत-प्रतिशत प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 11.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयाग | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिटबड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

### दिनांक 12.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04016 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

पर हमें फॉलो करें

# बस्ती व खेतों को जाने वाले रास्ते को छोड़ कर रेलवे कराएगा निर्माण

- रेलवे,नगर पंचायत किसानों के मध्य बनी सहमति
- निर्माण से पहले नगर पंचायत से रेलवे लेगा एनओसी



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के रेलवे गेट संख्या 31 से लेकर पत्थर संख्या 420 तक रेलवे किसी तरह की बाउंड्रीवॉल आदि नहीं बनाएगा। यह रास्ता खेतों एवं बस्ती को जाने के लिए हमेशा खुला रहेगा। सड़क निर्माण के लिए रेलवे नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर निर्माण कराएगी। यह निर्णय सोमवार को रेलवे अधिकारियों, नगर पंचायत एवं किसानों के मध्य तय हुआ है। बता दें कि रेलवे विस्तारीकरण के तहत कस्बे के बांदा मार्ग में बने गेट संख्या 31 से लेकर प्लेटफार्म संख्या तीन तक सड़क निर्माण करा रहा है। जिस जगह पर निर्माण हो रहा है उस जगह से कस्बे के किसान खेत खलिहान सदियों से आते-जाते रहे हैं। निर्माण शुरू होने पर किसानों ने विरोध जताते हुए कार्य ठप कर दिया था। सोमवार को रेलवे के अधिशासी अभियंता अमित कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर अनुपम शर्मा पीडब्ल्यूआई उपेंद्र कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, राजस्व लेखपाल अशोक कुमार, अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद किसान नेता संतोष सिंह, श्यामबाबू पांडे, कुंजबिहारी पांडे, महेश पांडे आदि किसानों की मौजूदगी में नापजोख कराई गई। जिसमें रेलवे के पत्थर संख्या 420 के बाद गेट की तरफ बनाई गई सड़क नगर पंचायत व किसानों की जमीनों पर बनाई जा रही थी। इस पर नगर पंचायत, किसानों व रेलवे ने आम सहमति बनाते हुए निर्माणाधीन सड़क को मोहल्ले वासियों व किसानों को खेतों में जाने के लिए हमेशा खुला रहेगी। इस पर बाउंड्रीवॉल या तार फेंसिंग आदि नहीं कराई जाएगी। पत्थर संख्या 420 से स्टेशन की तरफ रेलवे अपना बाउंड्रीवॉल आदि बनाएगा। सड़क निर्माण के पहले रेलवे को नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। तभी निर्माण कराया जाएगा। रेलवे के अधिशाषी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि बस्ती व खेतों को जाने वाले मार्ग को छोड़कर रेलवे निर्माण कराएगा। इसकी सहमति बन गई है। नगर पंचायत से पत्राचार के बाद अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने के बाद शेष सड़क का निर्माण कराया जायेगा। ईओ दिनेश आर्य ने बताया कि नापजोख में पाया गया कि रेलवे नगर पंचायत व किसानों की जमीन पर सड़क बना रहा था। जो गलत था।आम सहमति से जो तय हुआ है उसके अनुसार ही कार्य कराया जाएगा।

# सुमेरपुर ब्रांच में नहीं पहुंचा पानी किसानो में आक्रोश

**अवधनामा संवाददाता**

- अधिकारियों का दावा देर रात तक पहुंचेगा पानी

**भरुआ सुमेरपुर।** अधिकारियों के सुमेरपुर ब्रांच में पानी छोड़े जाने का दावा करने के उपरांत सोमवार दोपहर तक पानी बंडा नहीं पहुंच सका था। इससे किसानों में आक्रोश पनपने लगा है। किसानों का आरोप है कि मौदहा बांध के अधिकारी झूठ बोलकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं। वह गुरुवार को मुख्यालय में प्रदर्शन करके समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे।

मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच में पलेवा के लिए गत वर्ष 15 नवंबर को पानी दिया गया था। इसके बाद अब तक दुबारा पानी नहीं आया है जबकि गेहूं को बुवाई के बाद 20 से 25 दिन के मध्य पानी देना होता है। करीब 3 माह से पानी नहीं आने पर किसानों ने निजी नलकूपों से पानी खरीदकर फसले बचाने का कार्य किया है। पिछले कई दिनों से किसान अधिकारियों से पानी छोड़े जाने का आग्रह कर रहे हैं लेकिन मौदहा बांध के अभियंता किसानों की मांग को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं। रविवार को जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने किसानों की इस समस्या को विधानसभा सत्र में उठाने की बात कही थी तब मौदहा बांध के सहायक अभियंता ने रविवार को 2ः30 बजे पानी छोड़े जाने का दावा किया था लेकिन सोमवार दोपहर तक पानी बंडा नहीं पहुंच सका था। पड़ताल में बंडा के समीप नहर सुखी मिली। बंडा के किसान संजय सिंह, कमल सिंह, रामऔतार, शंकर यादव, छोटेलाल प्रजापति, सुरेंद्र यादव, अजय पाल, आशुतोष आदि ने बताया कि अधिकारी झूठ बोलकर गुमराह कर रहे है। सोमवार को भी पानी नहीं आ सका है। वह गुरुवार को मुख्यालय जाकर जिलाधिकारी को समस्या से अवगत कराएंगे। मौदहा बांध के सहायक अभियंता यशवीर सिंह ने बताया कि पानी छूट गया है सायर गांव के समीप तक पानी पहुंच गया है। देर रात तक बंडा पानी पहुंच जाएगा। वह स्वयं निगरानी करा रहे हैं।

## बच्चों को एल्बेन्डाजॉल का टैबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारंभ

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज सेन्ट जोसेफ कान्वेन्ट हाईस्कूल के स्कूली बच्चों को पेट के कीड़े को मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल का टैबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने स्कूल के बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के महत्वा को समझाते हुए कहा कि एल्बेन्डाजॉल दवा के खाने से किसी भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, किन्तु इस दवा के खाने से पेट में उत्पन्न होने वाले कीड़े को नष्ट करने में काफी कारगर है, जो ये कीड़े हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक होते हैं। उन्होंने कहा कि 19 साल के सभी बच्चों/किशोर/किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेन्डाजॉल की दवा सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क खिलाई जायेगी, इसके साथ ही गैर पंजीकृत और स्कूल ना जाने वाले बच्चों को भी यह दवाई नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में खिलाये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि ये कीड़े पेट में रहते हुए अपनी संख्या को बढ़ाकर जहर भी फैलाने का काम करते हैं, हम जो भी भोजन करते हैं, उसका ज्यादा हिस्सा ये कीड़े ले लेते हैं, जिससे पेट में मौजूद रहते हैं।

# राजकीय महाविद्यालय के क्रीडा समारोह का किया शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय के दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ ने दीप प्रज्वलन के बाद हरी झंडी दिखाकर करते हुये कहा कि खेलकूद में बहुत संभावनाएं हैं। इससे तमाम अवसर हाथ आते हैं।

कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में सोमवार से दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. नागेन्द्र नाथ यादव ने कहा कि खेलकूद जीवन का आधार है। इसमें रोजगार आदि के तमाम अवसर हैं। खेल में हारजीत महत्वपूर्ण नहीं होती है उसमें हिस्सा लेना महत्वपूर्ण होता है। प्रथम दिन 100 मीटर दौड़ बालक बालिका, 400 मीटर दौड़ बालक बालिका के अलावा गोला फेंक आदि प्रतियोगितायें सम्पन्न कराई गयीं। फाइनल प्रतियोगिता मंगलवार को कराकर सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किये जायेगें। मुख्य अतिथि को महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विद्या वर्मा ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. एसपी गुप्ता, डा. बीके सिंह, डा. शक्ति गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका मंजीता अहिरवार द्वारा किया गया। समारोह के आयोजक क्रीडा प्रभारी नरेन्द्र चौधरी ने सभी के प्रति आभार जताया।

# निःशुल्क प्री मेडिकल चेकअप कैम्प जीईसी ग्राउंड में 13 फरवरी को



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** शहर में कोचिंग एसोशिएशन् के प्रयास से डॉ.एस एस चाहर के निदेशन में निःशुल्क प्री मेडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन जीईसी ग्राउंड शास्त्री चौराहा पर 13 फरवरी को होगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आगरा से आये डॉ. रजत ने बताया कि जो छात्र एवं छात्राएं यूपी पुलिस आर्मी एयर फोर्स नेवी आदि परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए आपके शहर में ही बच्चों के लिए प्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें डॉ.एस एस चाहर जो स्वयं मिलिट्री हॉस्पिटल से हैं 10 डाक्टरों के पेनल के साथ जी आई सी मैदान पर 13 फरबरी को लगने वाले मेडिकल कैंप में उपस्थित रहेंगे। एसोशिएशन् के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर यादव ने बताया कि यह कैंप 13 फरबरी को प्रातः10 बजे आरंभ होकर सांय 5 बजे समाप्त होगा। इस कैंप में नोक नी, वरीकोस वीन, कैरी एंगल, फ्लैट फुट, कलर विजन, डिस्टेंस विज़न, कान के पर्दे, बो लेग्स, डेंटल पॉइंट्स एवं अन्य जांचे अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की जायेंगी। कोचिंग एसोशिएशन् के अध्यक्ष राहुल तोमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर यादव उपाध्यक्ष विनोद यादव, कोषाध्यक्ष पंकज कुशवाह, हरिओम शाक्य, सौरभ यादव व धर्मेंद्र यादव ने सभी छात्र-छात्राओं से इस निश्शुल्क प्री मेडिकल कैंप का लाभ लेने की अपील की है।

# महेवा को हराकर ताखा ने 7 विकेट से मैच जीता

- विपिन चौहान बने मैन ऑफ द मैच



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान शिक्षकों की सातवें क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को किया गया। टूर्नामेंट में जनपद के सभी ब्लॉकों से 10 टीमें शामिल हुई। दूसरे दिन की पहली पाली में ताखा ने 7 विकेट से मैच जीता।

टूर्नामेंट का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिसमें विपिन चौहान बने मैन ऑफ द मैच। पहले दिन की पहली पाली में जसवंतनगर व चकरनगर बी के बीच मैच खेला गया जिसमें चकरनगर बी ने मैच जीता दूसरी पाली में चकनगर ए व भरथना के बीच मैच खेला गया जिसमें भरथना की टीम ने मैच जीता। दूसरे दिन की पहली पाली में उमाकांत मेमोरियल क्रिकेट क्लब ताखा व महेवा स्ट्रोम क्रिकेट क्लब के बीच मैच हुआ। जिसमें महेवा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसने 16 ओवर में 107 रन बनाए। महेवा की तरफ से प्रदीप यादव ने 41 रन बनाए। रवि यादव ने विकेट की हैट्रिक लगाई। सुमित ने 2 दीपक, अमन व राघवेंद्र ने एक एक विकेट लिया। जवाब में उतरी ताखा की टीम से विपिन चौहान नाट आउट 42 व शिब्बू राजपूत ने नाट आउट 30 रन की शानदार बल्लेबाजी कर 13 ओवर में 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विपिन चौहान को दिया गया। दूसरे दिन की दूसरी पाली में बढ़पुरा व सैफई के बीच मैच हुआ। जिसमें बढ़पुरा ने सैफई को 8 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच इंद्रजीत बने। टूर्नामेंट गौरव पाठक व प्रमिला पाठक के संयोजन में आयोजित किया जा रहा। अपारिंग सौरभ पाठक व शिवा ने की। स्कोरिंग शौर्य व सुधांशु के द्वारा की गई। अजीत द्विवेदी, दीपक बघेल व रवि यादव के द्वारा कमेंट्री की गई। इस मौके पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी, अच्युत त्रिपाठी, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन योगेंद्र चौधरी अवधेश सिंह राठौर, शोएब आलम, एपी यादव, अनिरुद्ध दीक्षित, राहुल राजपूत समेत कई शिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# पति-पत्नी ने घर के अलग-अलग कमरों में लगाई फांसी

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** सदर कोतवाली के मेरापुर के एक घर में अलग-अलग कमरों में पति-पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे पर पति-पत्नी का शव लटका देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला घरेलू विवाद का बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर गांव में बीती रात एक पति पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है पति शराब का लती था। पहले पत्नी रूबी ने घर के कमरे में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या की। जब पति रामू ने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो। उसने भी दूसरे कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरे मामले पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मृतकों के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक अपने पीछे दो मासूम बच्चे छोड़ गए हैं। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## नपा अध्यक्ष ने सुनी आम जन की समस्या निस्तारण को दिए निर्देश

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद मा0 अध्य नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2. नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 2. नगर पंचायत पिपरी में 4, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

# मदरसा वारसिया के पांच बच्चों ने कुराने करीम का हिफ्ज़ मुकम्मल किया



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** शहर के कटरा शाहब खां स्थित मदरसा वारसिया तालीमुल में जलसा-ए- दस्तार हिफ्ज कुरआने करीम व इनामी तकरीरी मुकाबले का आयोजन किया गया। पांच बच्चों ने कुराने करीम का हिफ्ज मुकम्मल किया जिसमे मोहम्मद रिजवान मेवाती मोहल्ला इटावा, गुलाम वारिस एटा, तहमीर राज़ा बिहार मोहम्मद अमाइद सईदी उर्दू मोहल्ला इटावा, मोहम्मद कासिम बिहार इन बच्चों को हजरत गज़ाली मियां फफूद शरीफ सहित कार्यक्रम में आये सभी लोगों ने बच्चों को अपनी दुआओं से नवाज़ा। इस मौके पर मौलाना ने फरमाया अल्लाह फरमाता है कुरआन को हमने नाज़िल किया इसकी हिफाजत हम ही करेंगे। तकरीरी मुकाबले में 10 बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें फर्स्ट नंबर पर मोहम्मद अयाज़ सेकंड अमाइद सईदी थर्ड नंबर आवान रहे। इस मौके पर मस्जिद के पेश इमाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा, मस्जिद के मुतवल्ली साजिद हुसैन वारसी, नाजिम रज़ा, मौलाना जहांगीर अशरफी, मौलाना शराफत हुसैन, मौलाना तफवीज़ रज़ा, मौलाना शाहिद रज़ा मौलाना जमाल अहमद, मौलाना फरहान बरकाती जसवंत नगर मौलाना अकमल रज़ा मौलाना तौफीक चिश्ती, हाफिज जीशान हाफिज मशकूर आलम, हाफिज हसन रज़ा, हाफिज तारिक रज़ा हाफिज़ सईद, हाफिज़ रहमानी, माजिद हुसैन वारसी, अरशद वारसी, हाजी मुईन उद्दीन मंसूरी, हाजी फईम उद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी, अफ़ज़ल वारसी, सरफ़राज़ मुस्तफा खान, हाजी रईस अहमद, अफाक आलम, अकिल, अकमल खान, रिजवान खान, सरवर हुसैन, शाहनवाज़ अतहर, मोहम्मद अजहर, सोहेल वारसी, गुफरान खान, इंतज़ार अहमद, मास्टर इमरान, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे और कुरआन पाक हिफ्ज़ करने वाले हाफिज़ साहिबान की गुलपोशी कर व सम्मान देकर सभी ने मुबारकबाद दी।

# टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का समापन आज

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता टीम चैंपियनशिप, ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स एवं वरिष्ठ वर्ग ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स श्रेणियों में खेली जा रही है जिसका समापन मंगलवार को किया जाएगा। कोल इण्डिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 में सीआईएल की अनुषंगी कंपनियां एमसीएल, एनसीएल, एसईसीएल, डबल्यूसीएल, बीसीसीएल, सीएमपीडीआईएल सहित सिंगरेनी स्थित एससीसीएल की टीम प्रतिभाग कर रही हैं। इस प्रतिस्पर्धा में अभी तक 87 मैच खेले जा चुके हैं जिसमें टीम चैंपियनशिप में 13 मैच एवं इंडिविजुअल श्रेणी में 74 मैच खेले गए। लॉन टेनिस प्रतियोगिता के दौरान टीम



चैंपियनशिप के सेमी फाइनल मैच शनिवार को एसईसीएल एवं बीसीसीएल टीम तथा एनसीएल एवं एमसीएल टीम के मध्य खेले गए। जिसमें एसईसीएल की टीम, बीसीसीएल की टीम को 2-0 अंकों से हराकर एवं एनसीएल की टीम, एमसीएल की टीम को 2-1 अंकों से हराकर फ़ाइनल में पहुंची।

प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच मंगलवार को एनसीएल एवं एसईसीएल के बीच खेला जाएगा। गौरतलब है कि कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास एवं उन्हें खेल-कूद से जोड़ने हेतु कोल इंडिया व इसकी सभी अनुषंगी कंपनियों द्वारा हेतु वर्ष भर अनेक खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है।

# रंग-बिरंगे फूलों से सजा एनटीपीसी विंध्याचल का नेताजी सुभाष चन्द्र बोस लेक पार्क

- आयोजित की गई फूल-फल एवं सब्जी की प्रदर्शनी

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** विंध्यनगर एनटीपीसी विंध्याचल के नगर अनुरक्षण विभाग द्वारा परियोजना के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस लेक पार्क में फूल-फल एवं सब्जी की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार मौजूद रहें। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) ए जे राजकुमार के अतिरिक्त परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं सुहासिनी संघ की सदस्याएं मौजूद रहीं। इस प्रदर्शनी में अलग-अलग फूलों, सब्जियों एवं बोनसाई सहित रंगोली की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसमे परियोजना वासियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। फूलों की विभिन्न क़िस्मों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था। इस दौरान विभिन्न प्रकार के फलों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गए फूलों-फलों एवं सब्जियों का अवलोकन मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान निर्णायक मण्डल द्वारा भ्रमण कर इसका जायजा लिया और इस आधार पर प्रतिभागियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य कर रहे 02 दर्जन से अधिक मालियों एवं विभिन्न श्रेणियों में चयनित प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मालविका अवस्थी, वरिष्ठ प्रबन्धक (ओ×एम- सिविल) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सारिका चतुर्वेदी, पाला मैडम एवं शिल्पा कोहली द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाई गई।

**ये रहे विभिन्न श्रेणियों में विजेता**

पुष्प एवं फूल प्रदर्शनी में रंगोली प्रतियोगिता में स्मृति मिश्रा को प्रथम, अनुपमा कुमारी को द्वितीय, माधवी बन्तु एवं अर्चना पराते को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

# कवियों की रचनाओं में गोता लगाते रहे श्रोता

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी की विंध्याचल परियोजना के राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना के उमंग भवन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, सुहासिनी संघ की उपाध्यक्षा सारिका चतुर्वेदी, सुहासिनी संघ-कल्याण प्रभारी त्रिवेणी पाला, महासचिव शिल्पा कोहली, मुस्कान अरोड़ा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम का प्रारम्भ उपस्थित अतिथियों एवं कवियों सर्वश्री शंभू शिखर, महेश दुबे, राजेश चेतन, राजेश अग्रवाल, लक्ष्मीकान्त ÷निर्भीक÷ एवं सुश्री पद्मिनी शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) एवं अन्य अतिथियों द्वारा उपस्थित कवियों को शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेट कर उनका स्वागत किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन राजेश अग्रवाल ने करते हुये उपस्थित कवियों का परिचय दिया। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवयित्री पद्मिनी शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से की गई। तत्पश्चात कवि लक्ष्मीकान्त ÷निर्भीक÷ ने अपने जोशीले अंदाज में वीर रस की कविताओं के माध्यम से लोगों में जोश भर दिया। उनकी प्रस्तुतियों को लोगों से सराहा। इसके पश्चात कवि महेश दुबे ने अपनी हास्य की कविताओं और प्रस्तुति से लोगों को गुदगुदाया। कवि सम्मेलन को आगे बढ़ाते हुये हास्य कवि श्री राजेश चेतन ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया इस दौरान कवयित्री सुश्री पद्मिनी शर्मा और कवि श्री राजेश अग्रवाल ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। हास्य कवि सम्मेलन का मुख्य आकर्षण रहे शंभू शिखर ने अपने विभीन्न रचनाओं से उपस्थित दर्शकों की भरपूर तालियाँ बटोरी। शंभू शिखर ने आज के परिवेश के विभीन्न पहलुओं को हास्य रचनाओं में समाहित करते हुये अपनी रचनों की प्रस्तुतियाँ दी जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन विंध्याचल परियोजना की उप महाप्रबंधक कामना शर्मा ने किया।

# डॉ. कैलाश ने विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र समझाए

**वहाज अली निहाल**




- नियमित ब्रेक लेना और पर्याप्त नींद लेना छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है

**इटावा।** आगामी सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को तनाव रहित रहने के महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए, प्रधानाचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र समझाए। श्री यादव ने बताया कि छात्रों को सबसे पहले अपनी दिनचर्या को सही तरीके से व्यवस्थित करना चाहिए। समय प्रबंधन और नियमित अध्ययन की आदतें तनाव कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि नियमित ब्रेक लेना और पर्याप्त नींद लेना छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी सलाह दी कि वे अपनी तैयारी के दौरान सकारात्मक सोच रखें। आत्मविश्वास और मानसिक शांति सफलता की कुंजी हैं, उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन पर काम करने का सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी विषय कठिन नहीं होता, बस समझने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी परीक्षा की तैयारी में भागदारी को अपना मुख्य उद्देश्य बनाएं और अंतिम समय में घबराहट से बचने के लिए नियमित रूप से रिवीजन करें। डॉक्टर यादव ने विद्यार्थियों को यह भी याद दिलाया कि उनके परिवार और शिक्षक हमेशा उनका मार्गदर्शन करने के लिए उपस्थित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, ध्यान केंद्रित कर आप किसी भी मुश्किल को पार कर सकते हैं, बस सही दिशा में प्रयास करें। अंत में, डॉक्टर यादव ने यह कहा कि परीक्षा केवल एक अवसर है, न कि जीवन का अंतिम निर्णय। विद्यार्थियों को आत्मविश्लेषण, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त हो सकती है।

# ममता ने किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से दिया इस्तीफा

■ साध्वी हूं और बनी रहूंगी : ममता कुलकर्णी

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ/लखनऊ।** किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाई गई ममता कुलकर्णी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कहा कि वह साध्वी थीं और रहेंगी। मुझे महामंडलेश्वर की पदवी देने पर कुछ लोगों को आपत्ति हो गई। इस विवाद के चलते वह अपने पद से इस्तीफा दे रही हैं। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल करके पूर्व अभिनेत्री ने कहा कि मैं 25 साल से साध्वी हूं और आगे भी साध्वी रहूंगी।

ममता कुलकर्णी ने कहा कि महामंडलेश्वर बनाकर मुझे जो सम्मान दिया गया था उसको लेकर अखाड़े में विवाद शुरू हो गया था। मुझे बॉलीवुड को छोड़े 25 साल हो गए हैं। मेकअप और बॉलीवुड को छोड़ना आसान नहीं है। मैंने देखा कि मेरे महामंडलेश्वर बनाए जाने से काफी लोगों को दिक्कत हो गई। मेरे जो गुरु हैं जिनके सानिध्य में मैंने घोर तपस्या की, उनके बराबर तो मुझे कोई दिखता नहीं है। मुझे किसी कैलाश या मनसरोवर जाने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों को मुझसे आपत्ति है, उनके बारे में मैं कम बोलूं तो बेहतर होगा।

कुलकर्णी ने आगे कहा कि महामंडलेश्वर के रूप में मुझे जो सम्मान मिला, वह 25 साल तक तैराकी सीखने और फिर बच्चों को इसे सिखाने जैसा था, लेकिन महामंडलेश्वर के रूप में मेरी नियुक्ति के बाद जो आक्रोश हुआ, वह अनावश्यक था। मैंने 25 साल पहले बॉलीवुड छोड़ दिया और फिर मैं गायब हो गई और हर चीज से दूर हो गई। मैं जो कुछ भी करती हूं, उस पर लोगों की बहुत अधिक प्रतिक्रियाएं होती हैं।





### किन्नर अखाड़े के संस्थापक ने किया था निष्कासित

सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से जारी विवाद के बाद ममता कुलकर्णी ने यह इस्तीफा दिया है। उन्हें कुछ दिनों पहले इस पर से निष्कासित कर दिया गया था। उनके साथ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी आचार्य महामंडलेश्वर के पद से हटा दिया गया था। ये कार्रवाई किन्नर अखाड़े के संस्थापक अजय दास ने की थी। इस बात को लेकर भी मतभेद हैं। महामंडलेश्वर पद से हटाए जाने पर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने कहा कि अजय दास मुझे अखाड़े से निकालने वाले कौन होते हैं, उन्हें तो 2017 में ही अखाड़े से निकाल दिया गया था।

ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर किन्नर अखाड़े के संस्थापक ने आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी पदमुक्त कर दिया था। ऋषि अजय दास ने कहा, अब नए सिरे से अखाड़े का पुनर्गठन किया जाएगा और जल्द ही नए आचार्य महामंडलेश्वर के नाम का एलान होगा। बता दें कि बीते शुक्रवार यानी 24 जनवरी को किन्नर अखाड़ा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महामंडलेश्वर के रूप में ममता कुलकर्णी का पट्टाभिषेक किया गया था। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की पहल पर ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाया गया था।

ऋषि अजय दास

# ‘परीक्षा पे चर्चा’: अनन्या बाथम से प्रधानमंत्री ने किया सीधा संवाद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के साथ देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से संवाद हेतु परीक्षा पे चर्चा-2025÷ कार्यक्रम के 8वें संस्करण का आयोजन आज किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न माध्यमों दूरदर्शन, रेडियो, यू-ट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग की गई।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के जनपद-उन्नाव में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर गढी, नवाबगंज, उन्नाव की छात्रा अनन्या बाथम से प्रधानमंत्री द्वारा सीधे संवाद किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव को महत्व न देते हुए पठन-पाठन पर ध्यान देने, लक्ष्य निर्धारण, नेतृत्व क्षमता के विकास, पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ चहुँमुखी विकास, स्वयं के भीतर गुणों को पहचानने, तनाव कम करने हेतु अपने विचारों को साझा करने, अन्दर छुपी क्षमताओं को पहचानने सम्बन्धी बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा पोषण हेतु मोटे अनाज का प्रयोग करने, लिखने की आदत डालने, अपनी विफलताओं को अपना शिक्षक बनाने तथा नकारात्मकता से बचते हुए अपनी ताकत पहचानने तथा खुद को प्रेरणा देने का गुरूमंत्र दिया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा कहा गया कि विद्यार्थियों की दिनचर्या प्रकृति को पोषण देने वाली होनी चाहिए। इसीक्रम में उनके द्वारा विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण भी किया गया।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा श्रीमती गुलाब देवी, जनपद-सम्भल के बी0एम0सी0 इण्टर कॉलेज, चन्दौसी में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित करने पर आभार जताया और कहा कि परीक्षा शुरू होने से पूर्व बच्चों से संवाद करके उनका उत्साह एवं मनोबल बढ़ाने से वह चिन्तामुक्त होंगे और अध्ययन पर ध्यान देकर अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री के आशीर्वचन से बच्चों का तनाव दूर होगा और एकनिष्ठ होकर पढ़ाई पर ध्यान देंगे।



■ राज्यमंत्री माध्यमिक शिक्षा श्रीमती गुलाब देवी ने `परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए टिप्स का आभार जताया

## यूनिटी पी. जी. कालेज मे यूनिफेस्ट 2025 का समापन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के यूनिटी पी. जी. कालेज, बसन्त कुंज, आई.आई.एम. बाई पास रोड, लखनऊ, मे दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव यूनिफेस्ट 2025 का रविवार 09 फरवरी को समापन हुआ।

रैंप शो और फेट से सभी आमंत्रित अतिथि का मनोरंजन हुआ।रैंप शो मे मि. यूनिफेस्ट का खिताब हमज़ा-उर-रहमान एवं मिस. यूनिफेस्ट का खिताब कु. खुशी को मिला तथा कालेज के विभिन्न विभागों के मेधावी छात्र/छात्राओ को पुरस्कृत यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तजा, यायमूर्ति क़मर हसन रिज़वी, यायमूर्ति डी. के. अरोड़ा, यायमूर्ति अनिल कुमार, यायमूर्ति महेन्द्र दयाल, यायमूर्ति राकेश श्रिवास्तव, द्वारा किया गया। इस अवसर पर कालेज के (चेयरमैन) न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तजा, कालेज की (वाइस चेयर पर्सन) समीना इम्तियाज, ट्रेजरार, यूनिटी टेक्निकल इंस्टिटयूट सोसाइटी नदीम मुर्तजा, (संयोजक) मिस. असमा जावेद तथा (प्रबन्ध समिति की सदस्य) नाजिया मुर्तजा, मिस. सारा मुर्तज़ा, अहसन मुर्तज़ा, राना मुर्तज़ा, प्राचार्य डा. सुनील धवन, शिक्षक गण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में महाकुम्भ के श्रद्धालुओं की खूब उमड़ी भीड़

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में महाकुम्भ के श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। चारबाग और लखनऊ जंक्शन के अलावा राजधानी के अन्य स्टेशनों से प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों ने स्लीपर से लेकर एसी बोगियों तक की सीटों पर कब्जा कर लिया। इससे आरक्षण कराकर सफर करने वाले यात्री सबसे ज्यादा परेशान हुए। इसके अलावा आलमबाग और चारबाग के बस अड्डों पर भी महाकुम्भ जाकर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लखनऊ से महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ से ट्रेनों के साथ साथ बसों में भी सीटें कम पड़ गई। गंगा गोमती एक्सप्रेस के चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचने पर श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण रेलवे की सारी व्यवस्था धरी की धरी रह गई। भारी भीड़ को समीालने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के जवान जुटे रहे लेकिन भीड़ के आगे उनके पसीने छूट गये। लखनऊ प्रयागराज इंटरसिटी और बरेली प्रयागराज एक्सप्रेस में भी भीड़ रही।



### कई घण्टों तक योत्रियों को ट्रेनों का करना पड़ रहा इंतजार

**लखनऊ।** महाकुम्भ की वजह से प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी अधिक है। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित है और लेटलतीफी बढ़ गई है। ट्रेनों के विलंब से आने के कारण यात्रियों को कई घण्टों तक इंतजार करना पड़ रहा है। वंदेभारत की लेटलतीफी ने भी यात्रियों को इंतजार कराया। सिंगरौली टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस प्रयागराज से होकर आती है जो साढ़े पांच घण्टे विलम्ब से आई। प्रयागराज की ओर जाने वाली टनकपुर शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस दो घण्टे देर से पहुंची। प्रयागराज से आने वाली ट्रेनों में प्रयागराज बरेली एक्सप्रेस दो घण्टे समेत कई ट्रेनें कई कई घण्टे लेट लखनऊ चल रही हैं। चंडीगढ़ प्रयागराज ऊंचाहार एक्सप्रेस दो घण्टे, लखनऊ प्रयागराज इंटरसिटी एक्सप्रेस व प्रयागराज लखनऊ गंगा गोमती एक्सप्रेस 1 घण्टे और हावड़ा अमृतसर पंजाब मेल 2:30 घण्टे, लखनऊ वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस 2 घण्टे, अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल 2 घण्टे लेट रही। ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों को काफी परेशान किया।

### मजलिसे चेहलुम आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय मुमताज अहसन रिजवी के ईसाले सवाब के लिए मंगलवार को मजलिसे चेहलुम आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र अली अहसन रिजवी नीलम ने बताया कि चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा आगा बाकर में शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस भी इमामबाड़ा आगा बाकर में शाम 7 बजे होगी।

### 71 मार्गों हेतु 36 करोड मंजूर

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत विभिन्न मण्डलों के विभिन्न जनपदों के कुल 71 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यो हेतु 36 करोड़ 74 लाख 54 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है।

## बच्चों के समग्र विकास में सहायक हो रही है ‘मिशन वात्सल्य योजना’

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत प्रदेश में बच्चों के संरक्षण के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक, शिक्षा के बेहतर अवसर, कौशल विकास व रोजगार से लिंकेज की उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत 132 राजकीय बाल देख-रेख संस्थाएं संचालित है। इसके अतिरिक्त 06 स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से संचालित संस्थाए शासकीय अनुदान प्राप्त करती है। समस्त संस्थाओं में वर्ष में लगभग 5000 बच्चें आवासित होते है। समस्त 75 जनपदों में किशोर न्याय बोर्ड तथा बाल विकास समितियां गठित है। किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय उ0प्र0 द्वारा विभागीय बाल संरक्षण गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाती है।

वर्तमान में कुल 57 राजकीय संस्थाएं जिसमें 27 राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, 08 बाल गृह (बालक) 07 बाल गृह (बालिका), 07 बाल गृह (शिशु), 02 विशेष गृह, 01 प्लेस ऑफ शेफ्टी तथा 05 पश्चात्वर्ती देख रेख संगठन संचालित है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 75 विशेषज्ञ ग्रहण अभिकरण का भी संचालन किया जा रहा है। साथ ही पी0पी0पी0 मॉडल के अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से जनपद लखनऊ में विशेषीकृत बच्चों के लिए 03 राजकीय विशेषीकृत संस्थाए संचालित हैं।

### 75 मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया सुपुर्द

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जीआरपी चारबाग एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर यात्रा के दौरान यात्रियों के खोए हुए लगभग 14 लाख रुपये की कीतम के 75 मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी चारबाग धर्मवीर सिंह के नेतृत्व मे गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत यात्रा के दौरान यात्रियों के खोये हुए मोबाइलों को लेकर मिले प्रार्थना पत्रों पर जीआरपी चारबाग एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अथक प्रयास करते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद एवं अन्य राज्यों से गुम हुए 75 अदद स्क्रीन टच मोबाइल बरामद किये गये। मोबाइल स्वामियों को जीआरपी थाना चारबाग बुलाकर उनसे आवश्यक प्रपत्र प्राप्त कर उनके खोये मोबाइल उनके सुपुर्द किए गये। जो मोबाइल स्वामी किसी कारणवश आने में असमर्थ रहे उनको उनके घर पर मोबाइल सुपुर्द किया जायेगा।

## आरडीएसओ में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया, जिसका विषय था एसटीएच को खत्म करें, बच्चों के स्वस्थ भविष्य में निवेश करें। इस पहल का उद्देश्य 1 से 19 वर्ष की आयु के सभी प्री-स्कूल और स्कूली बच्चों को कृमि मुक्त करना है। अनुमान के अनुसार, भारत में 1-14 वर्ष की आयु के लगभग 230 मिलियन बच्चे कृमि संक्रमण से प्रभावित हैं। बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और बिगड़े हुए मानसिक और शारीरिक विकास को कम करने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पहल महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाना भी है। इस कार्यक्रम में, सीनियर डीएमओ, डॉ. मेराज अहमद ने लोगों को कृमि संक्रमण के तरीकों, लक्षणों, जटिलताओं और उपचार विकल्पों के बारे में शिक्षित किया। पीसीएमओ, डॉ. कमल किशोर ने कृमि मुक्ति के लाभ, महत्व और आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में एसीएमएस डॉ. ज्योत्सना, सीनियर डीएमओ डॉ. अनुज कुमार सिंह, एडीएमओ डॉ. मृदुल शुक्ला और निदेशक/ स्टोर/ मेडिकल, अनिल कुमार सोनी, आरडीएसओ अस्पताल के कर्मचारी, मरीज और उनके रिश्तेदार उपस्थित थे।

### वक्फ संशोधन अधिनियम के प्रति जागरूक करने के लिये होंगी सभाएं

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस ने वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ जमीनी स्तर पर जागरुकता पैदा करने के लिए जिला और मण्डल स्तर पर जनसभाएं और प्रेस वार्ता करने का निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नदीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में कैसरबाग तकिया पीर जलील स्थित कार्यालय में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय हुआ। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वक्फ सम्पत्तियों को लेकर सरकार के प्रस्तावित विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया ताकि मामले को कुछ दिनों के लिए स्थगित किया जा सके। बैठक में विधेयक के खिलाफ जनस्तर पर जागरुकता फैलाने के निर्णय के तहत लखनऊ में अधिवेशन कर प्रदेश स्तर पर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वसी अहमद एडवोकेट, बशीर अहमद एडवोकेट, मोहम्मद जुनैद, मोहम्मद आकिफ एडवोकेट, डॉ. अफसर मंसूरी, मोहम्मद अनस, जमीरुद् दीन, आरिफ निहाल, शोएब बिन हबीब सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# खादी एवं ग्रामोद्योग एक्सपो-2025 का समापन, 2.70 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज

■ प्रदर्शनी में 130 से अधिक खादी, ग्रामोद्योग और माटीकला की इकाइयों ने भाग लिया
■ खादी वस्त्रों की अच्छी बिक्री हुई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** खादी एवं ग्रामोद्योग एक्सपो.2025 का भव्य समापन उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने किया। 27 जनवरी से 10 फरवरी तक गोमतीनगर स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में 130 से अधिक खादी, ग्रामोद्योग और माटीकला की इकाइयों ने भाग लिया और कुल 2.70 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई।

इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। खादी वस्त्रों, हस्तनिर्मित ग्रामोद्योगी उत्पादों, माटीकला से बने दैनिक उपयोग की वस्तुओं और पारंपरिक शिल्प कला से सजे उत्पादों की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। यहां खादी वस्त्रों की अच्छी बिक्री हुई। प्रदर्शनी में सहारनपुर का लकड़ी का फर्नीचर, कन्नौज का इत्र, मुरादाबाद की पीतल की मूर्तियां, भदोही की कालीन, मुजफ्फरनगर की चादर, बागपत का स्पेशल गुड़, लखनऊ के हस्तनिर्मित जूते व चप्पल, सीतापुर की दरी, बाराबंकी के जूट बैग और जूट से बने अन्य उत्पादों के अलावा बनारस की पारंपरिक साड़ियों को लोगों ने खूब पसंद किया। उत्तराखंड, बिहार, गुजरात, कश्मीर, बंगाल और राजस्थान से भी कई व्यापारियों ने भाग लिया। माटीकला के ग्राहकों ने भी खूब खरीदारी की। प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विक्रेताओं को सम्मानित किया गया। खादी वस्त्रों की सर्वाधिक बिक्री के लिए ग्रामोदय संस्थान सीतापुर को प्रथम, श्री गांधी आश्रम हजरतगंज लखनऊ को द्वितीय और मूरज सेवा संस्थान हरदोई को तृतीय स्थान मिला। ग्रामोद्योगी उत्पादों की बिक्री में मथुरा की बीनू अग्रवाल प्रथम, मुजफ्फरनगर के कमर आलम द्वितीय और मेरठ के श्री गुरुकृपा महिला स्वरोजगार ग्रामोद्योग संस्थान तृतीय स्थान पर रहे। माटीकला उत्पादों की बिक्री में कानपुर के सर्वोसार्थ कलेक्शन को पहला लखनऊ के कल्लू मटियारी को दूसरा और बुलंदशहर के नदीम आलम को तीसरा स्थान मिला।

### देश में 50 प्रतिशत दवाइयां घटिया स्तर की बन रही: तिवारी

**लखनऊ।** राज्यसभा में उपनेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश में बिक रही 50 प्रतिशत दवाइयां घटिया स्तर की बन रही हैं। श्री तिवारी ने सोमवार को संसद सत्र के दौरान ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि घटिया बनने वाली दवाओं में पैरासिटामॉल से लेकर ब्लड प्रेशर, खांसी, मल्टीविटामिन्स और कैल्शियम की दवाएं शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों मरीज इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि देश में घटिया और नकली दवाओं का जाल तेजी से फैलने की वजह से गरीब तबके के लोगों के स्वास्थ्य पर आघात पहुंच रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में घटिया दवाओं की आपूर्ति होना अधिक चुनौतीपूर्ण और चिन्ताजनक है। श्री तिवारी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए घटिया दवाओं के बारे में व्यापक जागरुकता अभियान चलाने और सरकार से दवा निर्माण स्तर पर पर्याप्त गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने की मांग की।

## द मदद सहयोग गाइडेंस की तरफ से शिया यतीम खाने में चिकित्सा शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन की तरफ से पुराने लखनऊ स्थित शिया यतीम खाने में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आज इस मेडिकल कैंप में शिया यतीम बच्चों के साथ-साथ मेपल मोंटेसरी स्कूल में पढ़ रहे सभी बच्चों का चेकअप किया गया एवं उन्हें फ्री दवा भी दी गई। मदद सहयोग फाउंडेशन के द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सभी बच्चों के लिए यूरी कलेक्शन सेंटर ने रक्त परीक्षण किया गया। इस मौक़े पर डॉक्टर टीम में डॉ. रणविजय पटेल एमबीबीएस एमडी पीडियाट्रिक्स केजीएमयू लखनऊ, डॉ. रानू सिंह कम्युनिटी न्यूट्रिशनिस्ट चीफ प्रोग्राम ऑफिसर कम्युनिटी न्यूट्रिशन कोर ग्रुप आईएपीएन इंडिया, डॉ. अमन नकवी एमबीबीएस (एम्स) एमडी साइकियाट्री केजीएमयू, लखनऊ, डॉ. अस्मा फातिमा रिजवी एमबीबीएस, एमडी (एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर मेडिसिन) केजीएमयू, लखनऊ, डॉ. दरक्शा डेंटिस्ट बीडीएस, केजीएमयू लखनऊ, अरीबा जैदी आरसीआई लाइसेंस प्राप्त क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एरा लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मौजूद रहीं। इनके अलावा नबील अहमद, समाना ज़ैदी, वसीम, फातिमा नाज अलिज़ा रिज़वी, आरिस अली बतूल, मौजूद रही। मेपल मोंटेसरी स्कूल की तरफ़ से पूरा स्टाफ - फाउंडर एंड प्रिंसिपल ताबिंदा ज़ैदी , फ़ाज़िल काज़मी , मदीहा फातिमा जैदी, कायनात फातिमा, सिद्रा ऐजाज़ , सना फातिमा, सानिया रिज़वी मौजूद रहीं।

इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 140 रोगियों का चिकित्सा परीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। द एमएसजी फाउंडेशन की टीम मे अली मोहम्मद, इमरान अली, अतहर अब्बास, जमन, फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम रिज़वी व संस्थापक मोहम्मद सादिक भी मौजूद रहे।

## देश के दलित और मुसलमान प्रधानमंत्री के भाषण को गौर से सुनें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण को प्रदेश के दलितों और मुसलमानों को गौर से सुनना चाहिए। अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने इन दोनों के क्षेत्रीय दलों में बंटने को ही भाजपा की जीत की वजह होना स्वीकार किया है। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस प्रदेश में सपा के वोट बैंक समझे जाने वाले मुसलमानों और बसपा के वोट बैंक समझे जाने वाले दलितों को अपने पाले में करना चाहती है, जिससे सपा और बसपा को सावधान रहना चाहिए। श्री आलम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सपा और बसपा को यह नसीहत इसलिए दी क्योंकि उन्हें पता है कि इन दोनों वोट बैंकों के सपा-बसपा में बंटे रहने से ही भाजपा का अस्तित्व बचा है। जैसे ही 21 प्रतिशत आबादी वाले दलित और 20 प्रतिशत आबादी वाले मुस्लिम कांग्रेस के साथ जाएंगे भाजपा 1989 वाली स्थिति में पहुंच जाएगी, जब संसद में उसके सिर्फ दो सांसद हुआ करते थे। श्री आलम ने कहा कि प्रधानमंत्री का अपने भाषण में मुलायम सिंह यादव की प्रशंसा साबित करता है कि दिवंगत सपा संस्थापक भाजपा के लिए क्यों महत्वपूर्ण थे और क्यों उन्हें मरणोपरांत पदम्म विभूषण दिया गया।



## कटिंग चाय 18: द सैंड ऑफ चायोएसिस के साथ एक जोशभरी विदाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आरडी एंड एसएच नेशनल कॉलेज, बांद्रा वेस्ट द्वारा बीएएमएमसी विभाग के छात्रों के सहयोग से आयोजित कटिंग चाय 18, 6, 7 और 8 फरवरी 2025 को अपने भव्य समापन तक पहुंचा। इस साल के द सैंड ऑफ चायोएसिस थीम के साथ, यह प्रतिष्ठित बीएएमएमसी उत्सव न केवल रचनात्मकता का संगम बना, बल्कि नेतृत्व और टीम वर्क का भी जीवंत उदाहरण पेश किया। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक उत्सव ने 22 विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों की असीम रचनात्मकता को मंच दिया और सौहार्द की भावना को प्रबल किया। 15 कॉलेजों की उत्साही भागीदारी, दिलचस्प स्टॉल, और नृत्य, नाटक व अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने आरडी एंड एसएच नेशनल कॉलेज को सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। इस आयोजन ने संस्थान के भीतर रचनात्मकता और नवाचार को पोषित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया, जिसे बीएएमएमसी विभाग के छात्रों के अथक प्रयासों ने साकार किया। जैसे ही हम कटिंग चाय 18 को अलविदा कहते हैं, यह उत्सव अपने पीछे प्रतिभा, नवाचार और उत्साह की अविस्मरणीय यादें छोड़ जाता है। मार्गदर्शन और समर्पण के साथ पनपी यह सौहार्द की भावना तब तक जीवंत बनी रहेगी जब तक हम अगले कटिंग चाय उत्सव में फिर से मिलेंगे। तब तक के लिए, यह अध्याय समाप्त तो होता है, लेकिन आरडी एंड एसएच नेशनल कॉलेज, बांद्रा वेस्ट की विरासत में हमेशा जीवंत रहेगा, जिसे बीएएमएमसी विभाग के छात्रों के जोश और समर्पण ने अविस्मरणीय बना दिया है।

